4 रायपुर संभाग
देश के सर्वांगीण विकास की नीव मोदी ने रखी जिसका लाभ...

6 फिल्मी
इस वजह से पति से अलग हुई एशा देओल

09 विविध
मेकाहारा में सफाई सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को ...

10 संस्कारधानी
70 जवानों की 4 टीमों ने खंगाली अटल आवास...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर


www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 12 फरवरी 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-171 मूल्य 3.00 ₹

# राज्य सरकार ने नहीं की कार्रवाई, वन्यजीव प्रेमियों ने केन्द्रीय मंत्री से लगाई गुहार

## करंट से बाघ की मौत, हाथी के 12 टुकड़े करके गाड़ दिया गया फिर भी विभाग मौन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में वन्य प्राणियों की लगातार मौत हो रही है। यहां के इतिहास में पहली बार बाघ की करंट लगने से मौत हो गई। हाथी जैसे विशाल जानवर के 12 टुकडे करके जमीन में गाड़ दिया गया। यही नहीं एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी जिसका लोकार्पण स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। वह शोडयूल 1 का प्राणी चौसिंघा विहीन होने को है। विभाग की लापरवाही के कारण एक-एक करके 17 चौसिंघाओं की मौत हो गई। इसके लिए जांच भी पूरी कर ली गई। विभाग की लापरवाही भी उजागर हो गई। लेकिन जिम्मेदार लोग दोषियों को बचाते फिर रहे है। राज्य के वन्यजीव प्रेमियों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री को की थी, लेकिन इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके कारण वन्यजीव प्रमियों ने केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग पत्र में लिखकर की है। रायपुर के वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी, वाटिका एनिमल सेंचुरी की कस्तूरी बल्लाल, संकल्प गायधानी और एनिमल राइट्स कार्यकर्ता डॉ. किरण आहूजा ने केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर कहा है कि नया रायपुर की जंगल सफारी जू में नवम्बर 2023 में 5 दिनों में 17 चौसिंगों की मौत की जांच रिपोर्ट 25 दिनों पहले आ जाने के बाद भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न कर दोषियों को बचाया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्री से मांग की गई है कि वह छत्तीसगढ़ वन विभाग को आदेशित करें कि दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वन्य प्राणियों की हो रही मौतों की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच दल गठित किया जाए।


श्री भूपेंद्र यादव जी, 10.02.2024
माननीय मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
नई दिल्ली.
ईमेल bhupenderyadav69@gmail.com mefcc@gov.in

विषयः नया रायपुर छत्तीसगढ़ स्थित एशिया की सबसे बड़े नंदन वन जंगल सफारी जू में 17 चौसिंगा की मौत में वन विभाग द्वारा दोषियों को बचाने तथा छत्तीसगढ़ के वनों में हाथियों और बाघों की बिजली करंट से हो रही मौतों बाबत।

आदरणीय महोदय,

छत्तीसगढ़ वन विभाग के संरक्षण तले वन्य जीवों की हो रही मौतों तथा उसमें जांच हो जाने के बावजूद भी लीपापोती कर दोषियों को बचाने के संबंध में आपका ध्यान निम्न अनुसार आकर्षित करना चाहेंगे:

(अ) 17 चौसिंगों की मौत के संबंध में:–

नया रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी जू में 25 नवंबर से लेकर 29 नवंबर 2024 तक शेड्यूल–एक में अधिसूचित 17 चौसिंगों की मौत की जांच हेतु वन विभाग ने जांच समिति गठित की गई थी. सूचना का अधिकार के तहत इलेक्ट्रोनिक फोर्मेट में प्राप्त प्राप्त जाँच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न है। इस सम्बंध में उल्लेखनीय है कि :–

1. जांच समिति के अनुसार आपदा के कारण जंगल सफारी के वरिष्ठ पशु चिकित्सक का अवकाश नियंत्रितकर्ता अधिकारी द्वारा निरस्त किया गया फिर भी वे जब मौतें हो रही थी तब अनुपस्थित रहे। पुख्ता जानकारी के अनुसार नियंत्रितकर्ता अधिकारी द्वारा अवकाश निरस्त करने के बावजूद सर्वोच्च में से एक पद पर बैठे हुए वरिष्ट अधिकारी ने वरिष्ठ पशु चिकित्सक का अवकाश वाट्सएप पर स्वीकृत किया और बाद में लिखित में अवकाश का कार्योत्तर अनुमोदन किया। जबकि छत्तीसगढ़ अवकाश नियम प्रावधानित करते हैं कि सिर्फ नियंत्रितकर्ता अधिकारी ही अवकाश स्वीकृत कर सकता है।

2. जांच समिति ने निष्कर्ष में बताया है 25 नवंबर को मरे सभी चौसिंगों की मौत का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। परंतु सभी चौसिंगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाई गई और वे पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी 30 नवंबर को बनाई गई। जांच रिपोर्ट ने उल्लेखित किया है

1









### छत्तीसगढ़ में हाथी के 12 टुकड़े मिले

इनके द्वारा पत्र लिखकर केन्द्रीय वन मंत्री को बताया गया है कि 29 जनवरी पता चला कि छत्तीसगढ़ के सूरजपुर वन मंडल में एक हथिनी को करंट से मौत के घाट उतार कर सूरजपुर वनमण्डल में 12 टुकडों में गाड़ दिया गया और वन विभाग को इसका पता 15 दिनों बाद चला। जो विभाग की उदासीनता और लापरवाही को व्यक्त करता है।

### अब तक के इतिहास में पहली बार करंट लगाकर बाघ को मारा गया

वन्यजीव प्रेमियों को द्वारा कहा गया वन विभाग की लापरवाही के कारण छत्तीसगढ़ अवैध शिकार का हॉट स्पॉट बन गया है तथा पहली बार यहां पर बाघ को शिकारियों द्वारा करंट लगाकर गोमार्डा अभ्यारण में मारा गया तथा बाद में गाड दिया गया। वन विभाग को 20 दिन बाद पता चला।


फाइल फोटो


फाइल फोटो

### क्या है 17 चौसिंगों की मौत का मामला

जंगल सफारी में जब चौसिंगों की मौतें हो रही थी तब वहां के वरिष्ठ पशु चिकित्सक का अवकाश नियंत्रितकर्ता अधिकारी डायरेक्टर जंगल सफारी द्वारा निरस्त कर दिया गया था फिर भी वे अनुपस्थित रहे। कहा जा रहा है कि संचालक जंगल सफारी द्वारा अवकाश निरस्त करने के बावजूद पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने डॉक्टरों को छुट्टी दे दी, खैर यह जांच का विषय है। जबकि छत्तीसगढ़ अवकाश नियम प्रावधानित करते हैं कि सिर्फ नियंत्रितकर्ता अधिकारी ही अवकाश स्वीकृत कर सकता है। लेकिन यहां पर बड़ी चूक बताई जा रही जिसके कारण 17 चौसिंगाओं की मौत हो गई। 25 नवंबर को मरे सभी चौसिंगों की मौत का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। परंतु सभी चौसिंगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बना दी गई, और वे भी 30 नवंबर को। वरिष्ठ तथा कनिष्ठ पशु चिकित्सक अवकाश निरस्त करने के बावजूद 25 नवंबर को अनुपलब्ध रहे उसके बावजूद भी उनके द्वारा 25 नवंबर की तारीख में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हस्ताक्षर किया गया। जब चौसिंगों की मौत हो रही थी तब 26 नवंबर की दोपहर 2:30 से लेकर 27 नवम्बर तक की सुबह तक कोई भी पशु चिकित्सक जंगल सफारी में उपलब्ध नहीं था। वन्यजीव प्रेमियों का आरोप है कि जंगल सफारी के सहायक संचालक को 24 नवंबर की रात 10 बजे ही वन्य प्राणियों की विषम परिस्थिति की सूचना दूरभाष पर दी जा चुकी थी परंतु वह तीन दिनों पश्चात जंगल सफारी पहुंचे।

25 नवम्बर को किये गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में दर्ज समय के अनुसार 15-15 मिनट में एक चौसिंगों का पोस्टमार्टम करना बताया गया है जबकि एक चौसिंगों का पोस्टमार्टम करने में कम से कम 1 घंटा लगता है। इन तमाम मामलों में कार्रवाई न होने के कारण वन्यजीव प्रेमियों ने केन्द्र सरकार की ओर रूख किया है।

## क्विक न्यूज

### राजा देवेंद्र प्रताप सिंह होंगे राज्यसभा में छत्तीसगढ़ से भाजपा के उम्मीदवार



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने खाली हो रही राज्यसभा सीटों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इनमें छत्तीसगढ़ के लिए राजा देवेंद्र प्रताप सिंह का चयन किया गया है, जो वर्तमान में सरगुजा के लैलूंगा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं।

### साहू ने संभाला पुलिस महानिदेशक का पदभार



**जयपुर।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी उत्कल रंजन साहू ने राजस्थान पुलिस महानिदेशक का पदभार संभाल लिया। साहू ने सुबह पुलिस मुख्यालय में अपना कार्यभार संभाला। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों डीजीपी उमेश मिश्रा के वीआरएस लेने के बाद साहू कार्यवाहक डीजीपी के रूप मे कार्य कर रहे थे। पदभार संभालने के बाद साहू ने कहा कि इस साल जारी प्राथमिकताओं के आधार पर अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, गैंगवार एवं साइबर अपराधों की रोकथाम की दिशा में विशेष कार्य किया जाएगा। वर्ष 1988 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी साहू होमगार्ड का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। साहू मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले हैं और उन्हें जून 2020 में उन्हें डीजी रैंक पर प्रमोशन मिला था।

### महंगाई आंकड़े तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के फैसले से निराश निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से बीते सप्ताह गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह जनवरी की थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े, कच्चे तेल की कीमत, डॉलर सूचकांक और विदेशी संस्थागत निवेशकों के रुख से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 490.14 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 71595.49 अंक रह गया।

## सुना है 'मप्र कांग्रेस' में भगदड़ मची है : प्रधानमंत्री मोदी

वार्ता < झाबुआ
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस दल में भगदड़ की स्थिति है। मोदी ने आदिवासी बहुल झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने साढ़े सात हजार करोड़ रुपए की लागत वाली योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किए। ये योजनाएं सड़क, रेल, बिजली और जल क्षेत्र से संबंधित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मोदी ने एक तरफ जहां कांग्रेस पर हमले किए, तो उन्होंने प्रदेश कांग्रेस की स्थिति पर तंज कसते हुए कहा, सुना है मध्यप्रदेश कांग्रेस में खूब भगदड़ मची है। जनता की उपेक्षा करने वालों का यही हश्र होता है। कांग्रेस जनता की उपेक्षा के दल दल में फसी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने आज के लोकार्पित और शिलान्यास वाली योजनाओं के संदर्भ में कहा कि इससे सिर्फ झाबुआ और इसके आसपास के जिलों का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश का विकास होगा। उन्होंने कांग्रेस के दस वर्षों के राज्य में शासन का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय यह राज्य बीमारू बन गया था। लेकिन भाजपा सरकार ने इस राज्य का विकास किया और अब यहां पर ढांचागत विकास पर बहुत तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। मोदी ने राज्य में रेलवे के क्षेत्र में दिए जा रहे बजट का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के दस वर्षों के शासनकाल में जितना बजट मिला था, अब उससे 24 गुना ज्यादा बजट इस राज्य को दिया जा रहा है। आगे भी मोदी की गारंटी है कि राज्य में और तेजी से विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने विधानसभा चुनाव नतीजों के संदर्भ में कहा कि अभी कांग्रेस को जनता ने जो जवाब दिया है, वो 'ब्याज का जवाब' है। अभी कांग्रेस का पूरा हिसाब बाकी है।

## देश में नफरत एवं हिंसा भाजपा एवं मोदी सरकार की देन : राहुल गांधी

एजेंसी < रायगढ़
www.dailypioneer.com



नेता राहुल गांधी ने देश में नफरत एवं हिंसा के लिए भाजपा एवं मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि नफरत एवं हिंसा फैलाने वाले देश के हितैषी नही हो सकते। गांधी ने जन नायक चौक में लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि आज जो भी देश में हिंसा फैल रही है उसकी वजह भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार है। देश के लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। मणिपुर में दो समुदाय को आपस में हिंसा में झोंक दिया। मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वहां नहीं गए। मुझे भी वहां से जाने से रोका गया। उन्होने कहा की देश के किसान, गरीब, पिछड़े वर्ग, आदिवासी, दलितों महिलाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। वह अन्याय आर्थिक और सामाजिक रूप में की जा रही है। देश में अन्याय का बीज बोकर नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। सभा के दौरान उन्होंने पास में बैठाए गए बच्चो से पूछा की आप अन्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हो या न्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हो इस पर बच्चे समेत भीड़ ने कहा न्याय के हिंदुस्तान में रहना चाहते हैं। साथ बैठी बच्ची ने कहा की भारत में इसलिए रहना चाहती हूं कि मुझे अपने देश से बहुत प्यार है। बच्ची की बात पर गांधी ने कहा कि जो बात देश के प्रधानमंत्री को समझ आई वो बात इस बच्ची ने दो लाइन में कह दिया। उन्होंने कहा की जो देश में नफरत फैलाते हैं वो देश प्रेमी नहीं होते है। गांधी ने नरेंद्र मोदी पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा की पहले हिंदुस्तान के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा जो प्रधानमंत्री मोदी ने किया है जिन युवाओं ने पांच साल मेहनत कर पसीना बहाया उन्हें सेना में नौकरी नहीं दी। एक लाख 50 हजार युवा भटक रहे हैं सेना में उनकी भर्ती हो गई थी बाद में उनकी भर्ती रद्द कर दी गई और कहा गया हम नहीं लेंगे।

## शाह लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए कर्नाटक पहुंचे

एजेंसी < बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक के पार्टी नेताओं के साथ मिलकर आम चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने के वास्ते यहां पहुंच गये हैं। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि शाह राज्य के पार्टी नेताओं के साथ अपनी बैठकों के दौरान आम चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में इस साल लोकसभा चुनाव से पहले जमीनी स्तर पर भाजपा और उसके सहयोगी जनता दल (सेक्यूलर) के बीच समन्वय से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। शाह स्थानीय नेताओं के साथ जद (एस) के साथ सीटों की साझीदारी पर भी चर्चा कर सकते हैं। कर्नाटक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दोनों पार्टियों ने गठबंधन किया है। वह कर्नाटक भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों और भाजपा के मैसूर क्लस्टर के नेताओं के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए आज सुबह मैसूरु पहुंचे। गौरतलब है कि पिछले आम चुनावों में भाजपा ने राज्य की कुल 28 लोकसभा सीटों में से 26 पर जीत हासिल की थी, जिसमें मांड्या से पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय सुमलता अंबरीश भी शामिल थीं। कांग्रेस और जद (एस) को एक-एक सीट हासिल हुई थी। यदियुरप्पा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैसूरु भले ही मुख्यमंत्री सिद्दारमैया का गृह जिला है, लेकिन यह भाजपा का गढ़ भी है क्योंकि लोग लोकसभा चुनावों में इसका समर्थन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद श्रीनिवास प्रसाद के राजनीतिक संन्यास की घोषणा करने के कारण पार्टी सीट जीतने के लिए रणनीति बनाने के साथ एक नया उम्मीदवार ढूंढेगी। मांड्या सीट पर अंबरीश की नजर पर विजयेंद्र ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व इस पर फैसला करेगा। अंबरीश ने हाल ही में दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। शाह ने सुत्तुरू का भी दौरा किया और सुत्तुरू यात्रा में भाग लिया।

### युवाओं को नशापान से दूर रहने की अपील की

## शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है : सीएम साय

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कांसाबेल के ग्राम मुडाटोली में अखिल भारतीय कंवर समाज अंचल स्तरीय वार्षिक सम्मेलन सह मिलन समारोह 2024 अंतर्गत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शिक्षा ही किसी समाज का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा सिर्फ नौकरी तक ही सीमित नहीं है,बेहतर जीवनयापन के साथ राजनीति, व्यापार के क्षेत्र में जाने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण साधन है। आज सरकार द्वारा शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी अभिभावकों का दायित्व है कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें। मुख्यमंत्री साय ने युवाओं में बढ़ते नशा के प्रकोप को रोकने और युवाओं को सही दिशा में ले जाने की अपील की। ग्राम मुड़ाटोली में आयोजित कंवर समाज के सम्मेलन में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपके कँवर समाज के और आदिवासी समाज पर भरोसा जताते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। यह समाज के लोगों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि समाज का आशीर्वाद उन पर बना रहे। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि इस तरह के सम्मेलन के माध्यम से समाज कैसे मजबूत हो इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी सरकार बने दो माह ही हुए हैं। इस दौरान 18 लाख से अधिक लोगों के पीएम आवास की स्वीकृति, 2014-15 और 2015-16 का धान का बकाया बोनस किसानों के खाते में अंतरित किया गया। उन्होंने इस साल धान की बम्फर खरीदी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना से अगले माह से विवाहित महिलाओं के खाते में पैसा आना शुरू हो जाएगा। आप सभी पात्र महिलाएं अपना आवेदन जरूर भरे। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ पहुचाने के लिए प्रति मानक बोरा में वृद्धि करते हुए 5500 रुपये करने और संग्राहकों को बोनस,चरणपादुका का वितरण, परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित अन्य लाभ देने की बात कही। उन्होंने बताया कि भूमिहीन मजदूरों को साल में 10 हजार की सहयोग राशि भी देने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है। अयोध्या में भगवान श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क में रामलला का दर्शन कराने की बात भी उन्होंने कही। कार्यक्रम में पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि समाज का यह सम्मेलन साल में एक बार अवश्य किया जाना चाहिए ताकि समाज के नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति से जोड़ते हुए समाज के विकास को और आगे बढ़ाया जा सकें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय, समाज के अध्यक्ष भरत साय, आर पी साय, अशोक साय, सालिक साय, आर एन साय,शिवशंकर साय समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### समाज के भवन के लिए 20 लाख देने की घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कँवर समाज के सम्मेलन में समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा पर समाज के लोगों ने आभार जताया।

## मजबूत छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए नशीली दवाईयों से मुक्ति जरूरी : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अभिनंदन समारोह एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत समाज, परिवार और मजबूत छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए नशीली दवाइयों की उपयोगिता पर हम सबको चिंता करने की आवश्यकता है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मेडिकल एसोसिशएन ने स्वयं नशीली दवाईयों की उपयोगिता तथा उनके सेवन और बिक्री पर चिंता जाहिर की है, यह सुखद शुरूआत है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाईयों से नशा मुक्ति संग्राम में छत्तीसगढ़ सरकार मेडिकल एसोसिएशन को हर संभव मदद करेगी। उन्होने कहा कि नशा के खिलाफ समाज में जनजागरण लाने की आवश्यकता है। पूरे प्रदेश में एसोसिएशन ने इस मुक्ति संग्राम को विस्तार करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने संघ को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिन-जिन जिलों में इस अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित होगी, उससे संबंधित पुलिस अधीक्षक को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए। इसके के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। समारोह में मेडिकल संचालक द्वारा नशीली दवाइयों की उपयोग करने वाले लोगों का रिकार्ड भी रखने का निर्णय लिया है, यह बेहद ही प्रशंसनीय है। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की पहल पर आज छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा कबीरधाम जिले को नशा के रूप में मेडिकल दवाइयों की उपयोगिता से मुक्त जिला बनाने का प्रस्ताव पारित किया। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने यह भी कहा कि नशा मुक्ति का यह अभियान आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने इस सार्थक पहल की तारीफकी। इस अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री शर्मा का अभिनंदन किया। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल और उनके सार्थक प्रयासों से कबीरधाम जिले की बहुप्रतिक्षित मांग रेलवे लाईन की विस्तार के लिए 300 करोड़ रूपए का छत्तीसगढ़ बजट में प्रावधान करने पर आभार व्यक्त किया है। संघ ने कहा कि आने वाले दिनों में कबीरधाम जिला एक पूर्ण विकसित जिले की अवधारणा को पूरा करेगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति की पताखा दुनियाभर में फहरायी : सीएम यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ की स्थापना से लेकर जीवन की अंतिम सांस तक लगातार अपने पूरे जीवन को यज्ञ में आहूत की तरह समाहित करते हुए देश ही नहीं दुनिया में भारतीय संस्कृति की पताका फहरायी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। यहां लालघाटी चौराहे पर पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री डॉ यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पं दीनदयाल ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का भाव रखते हुए सबके प्रगति और विकास के लिए राजनीति का एक नया दर्शन दिया, जिसे दुनिया एकात्म मानव दर्शन के नाम से



जानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका मूल भाव गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव आए और उन्हें मूलभूत सुविधाओं की प्राप्ति हो।

ऐसे पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। एक और खास दिन है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि को सार्थक करते हुए झाबुआ में आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ आकर हम सबको यह संदेश दे रहे हैं कि गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के लिए उनके पास जाना होगा। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के कार्यों के साथ उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री झाबुआ में आयोजित जनजातीय बंधुओं के महाकुंभ को भी संबोधित करने के साथ धार-झाबुआ और खरगोन के साथ प्रदेश को 7550 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे। धार-झाबुआ जिले में रेल और हवाई जहाज जैसी सुविधा हो यह प्रधानमंत्री जी का विजन है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री के विजन को लेकर डबल इंजन की सरकार के साथ चलने को तत्पर है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम सभी के श्रद्धा और आदर्श के केंद्र पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ से लेकर भाजपा के लिए एक ऐसा दर्शन दिया, जिसके आधार पर चलकर आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है।

राजनीतिक दल बनने के बाद भारत भर में पंच-सरपंच से लेकर देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। पार्टी के कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन व अंत्योदय के विचार को प्रतिपादित करने का काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि पं उपाध्याय ने जो विचार दिया उसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में प्रदेश में हर गरीब का जीवन बदलने का काम हमारी सरकार कर रही हैं। भाजपा लगातार पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, भोपाल जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**झाबुआ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झाबुआ में विभिन्न विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज़

### कांस्टेबल की भर्ती परीक्षा अब 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए पहली बार कांस्टेबल परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होगी। यह परीक्षा देशभर के 128 शहरों में करीब 48 लाख उम्मीदवार के लिए 20 फरवरी से सात मार्च 2024 तक आयोजित की जाएगी। गृह मंत्रालय ने गत एक जनवरी से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती के लिए कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने का फैसला किया था।

### विवाहिता का शव फांसी के फंदे से संदिग्ध स्थिति में बरामद

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के लालगंज इलाके में संदिग्ध हालात में विवाहिता का शव फांसी के फंदे से बरामद हुआ है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार लालगंज इलाके के सैमसी गांव में एक विवाहिता का शव उसके घर से फांसी के फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में झूलता मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि मृतका आरती (28) का पति पंजाब में एक भट्ठे पर काम करता है।

### छियालिस लाख रुपए से अधिक के पटाखे जब्त

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के मोतीनगर थाना क्षेत्र के चार अलग-अलग स्थानों से 46 लाख 85 हजार के विस्फोटक आतिशबाजी पटाखे जप्त किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पिछले दो-तीन दिनों में थाना मोतीनगर पुलिस के द्वारा रावतपुरा कॉलेज के पास और गल्ला मंडी के पास स्थित विस्फोटक आतिशबाजी पटाखे आदि की चेकिंग की गयी। इस दौरान चार अलग-अलग आरोपियों से करीब 14 हजार किलोग्राम विस्फोटक आतिशबाजी पटाखे जब्त किए गए।जब्त पटाखों की कीमती करीब 46 लाख 85 हजार रुपए की आंकी गयी है।


### केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर आज अजमेर आएंगे

**अजमेर।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल किशोर



सोमवार को अजमेर आयेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोर 12 फरवरी को अजमेर के फायसागर रोड स्थित केन्द्रीय पुलिस बल ग्रुप केन्द्र-2 सभागार में आयोजित रोजगार मेले में 250 युवाओं को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), आईटीबीएस, एस.एस.बी., के अलावा रेलवे एवं डाक विभाग में रोजगार के नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

## समीर वानखेड़े ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के खिलाफ किया हाई कोर्ट का रुख



वार्ता ➤ मुंबई
www.dailypioneer.com

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ दर्ज किये गये मनी लॉन्ड्रिंग मामले को बम्बई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी के आधार पर वानखेड़े के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि अधिकारी ने कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग भंडाफोड़ मामले में अपने बेटे का नाम शामिल नहीं करने के लिए अभिनेता शाहरुख खान से 25 करोड़ रुपये की मांग की थी। सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर कैडर के 2008 बैच के आईआरएस अधिकारी वानखेड़े ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि एनसीबी के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह के खिलाफ शिकायत करने के कारण उनके खिलाफ ईडी का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि यह मामला 'दुर्भावना और प्रतिशोध की भावना का प्रतीक है' और अदालत से केंद्रीय एजेंसी द्वारा की जाने वाली किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी मांग की है कि जब तक उच्च न्यायालय उनकी दूसरी याचिका पर फैसला नहीं ले लेता, तब तक ईडी को जांच करने से रोका जाये। दूसरी याचिका में उन्होंने सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामले को चुनौती दी है। याचिका के 15 फरवरी को न्यायमूर्ति पीडी नाइक और न्यायमूर्ति एनआर बोरकर की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आने की संभावना है।

## उत्तराखंड दौरे के दूसरे दिन शैलजा ने जिला अध्यक्षों सहित अन्य से की चर्चा

**देहरादून।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने राज्य दौरे के दूसरे दिन रविवार को पार्टी के जिला एवं महानगर अध्यक्षों, लोकसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षकों तथा वर्ष 2019 के लोकसभा (लोस) प्रत्याशियों,



पार्टी के अनुषांगिक संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष के साथ बैठक की। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी आगामी लोस चुनावों की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। देहरादून स्थित प्रदेश मुख्यालय में प्रातः 11:00 बजे से शुरू हुआ बैठकों का दौर अपराह्न तक जारी रहा। सबसे पहले पार्टी के सभी जिला एवं महानगर अध्यक्षों ने प्रदेश प्रभारी के साथ बैठक में अपने-अपने जनपद में चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर चर्चा की।

## यूसीसी कानून किसी धर्म और जाति के खिलाफ नहीं : धामी

**चंपावत/टनकपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोहराया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) किसी भी धर्म और जाति के खिलाफ नहीं है बल्कि यह असमानता और अन्याय जैसी बुराइयों के खिलाफ है। धामी ने यह बात रविवार को अपनी चंपावत विधानसभा के लोहाघाट में मातृशक्ति को समर्पित संगज्यू कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यूसीसी किसी के खिलाफ नहीं है। यह कानून मातृशक्ति के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## सिंधी समाज को राष्ट्र के विकास में निभानी होगी सक्रिय भागीदारी–देवनानी

वार्ता ➤ जयपुर/नागपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। देवनानी ने रविवार को नागपुर में सिंधी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज व्यापार और उद्योग में अग्रणी है । उन्होंने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा । देवनानी ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। सिंधी भाषा प्राचीन और मधुर भाषा है। उन्होने सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा राष्ट्रगान में भी सिंध का उल्लेख है। यह हमारी पहचान है और हम अंतरात्मा के साथ देश के विकास से जुड़े हुए हैं । देवनानी ने कहा कि गरीबों के उत्थान में समाज मदद करें । भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा। समाज को देश के सभी क्षेत्र के विकास में योगदान देना होगा। नागपुर में सिंधी समाज द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए देवनानी ने आभार व्यक्त किया। भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी समाज द्वारा राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का अभिनन्दन किया गया ।

## देवनानी ने नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर/नागपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार स्मृति स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। देवनानी ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर डा हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी । वह दीक्षा भूमि भी गये। देवनानी ने हेडगेवार की जन्मस्थली पर पहुंचकर पवित्र स्थल के दर्शन किये। देवनानी ने कहा कि डॉक्टर हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय है। उनके त्याग को राष्ट्र सदैव याद रखेगा।



### झाड़माजरी परफ्यूम फैक्ट्री में फिर भड़की आग, कार्य पर लगी रोक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में झाड़माजरी की परफ्यूम फैक्ट्री में आठ दिन बाद फिर से अग्निकांड का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट की सहायता से परफ्यूम कंपनी में ड्रम उठाने का काम किया जा रहा था। जिसके चलते पीडब्ल्यूडी कर्मचारी शेड को निकाल रहे थे। इसी दौरान कर्मचारी जब कट्टर से शेड काट रहे थे तो चिंगारी केमिकल के ड्रम पर जा गिरी और आग भड़क उठी। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों ने वहां से भाग कर जान बचाई। जिसके बाद अग्निशमन और एसडीआरएफ के कर्मचारियों को सूचित किया गया, उन्होंने समय पर आग पर काबू पाया। बद्दी की पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने एएसपी अशोक कुमार के साथ मौके का जायजा लिया। एसपी ने निरीक्षण के बाद काम पर फिलहाल रोक लगाई है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में शामिल हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024' के दृष्टिगत आज प्रताप गढ़ में थानाकोत वाली नगर क्षेत्रान्तर्गत हादी हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश दयाशंकर सिंह शामिल हुए। प्रदेश के परिवहन मंत्री की मौजूदगी में जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल व मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा की उपस्थिति में 'सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं अन्य सभी को सड़क सुरक्षा और यातायान नियमों का अनुपालन करने की शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा के प्रति आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग कर लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने संबंधी प्रस्तुतिकरण कर जागरूक किया गया । 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024' के दृष्टिगत एन सी सी . कैडेट्स द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सड़क सुरक्षा रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर अनुपालन हेतु लोगों को प्रेरित किया गया ।

## उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**जयपुर।** एकात्म मानववाद के प्रबल समर्थक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे, वह मजबूत सशक्त भारत के पक्षधर थे। जनसंघ के नेता पंडित दीनदयाल ने सदैव सनातन संस्कृति को मजबूत करने और देश को सांस्कृतिक रूप से संगठित करने पर जोर दिया। पंडित दीनदयान उपाध्याय की जयंती के अवसर पर धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव रामनरेश तिवारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चैधरी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ पी यादव और मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत ने पुष्प अर्पित कर पंडित उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्वयं सेवक अपने लिए नहीं अपनों के लिए जीता है : रमेश


एजेंसी ➤ जौनपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक एवं मुख्य अतिथि रमेश जी ने जौनपुर में भव्य पथ संचालन के कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि यह पथ संचलन शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम नहीं है, अपितु राष्ट्र के प्रति सब कुछ समर्पित करने का भाव है। स्वयंसेवक अपने लिये नहीं, अपनों के लिये जीता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जौनपुर द्वारा सामाजिक एकता एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से एक भव्य पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम राज कालेज के मैदान में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों के बीच परम पवित्र भगवा ध्वज फहराकर तथा संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। नगर कार्यवाह डा. राजीव द्वारा मंच पर उपस्थित लोगों का परिचय कराया गया। प्रांत प्रचारक ने संघ का इतिहास बताते हुए कहा कि 27 सितम्बर 1925 को आदरणीय गुरूजी केशव बलिराम हेडगेवार जी ने विजय दशमी के दिन आरएसएस की स्थापना की थी और हिन्दू समाज को एकत्रित करने का संकल्प लिया। वह संगठन आज वट वृक्ष बनकर दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 98 साल की साधना के पश्चात् संगठन 99 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और एक वर्ष पश्चात् यह भारतवर्ष का पहला संगठन होगा जो राष्ट्रहित में कार्य करता हुआ अपने 100 वर्ष पूरा करेगा। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष के स्वतंत्र होने के पश्चात् संघ द्वारा राष्ट्रहित में निरंतर किये गये कार्यों का यह परिणाम हुआ कि 26 जनवरी 1963 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा गणतंत्र परेड पर स्वयंसेवकों को बुलाकर उनका अभिवादन किया गया। आने वाले समय में भारतवर्ष जगदुरू और प्रबल राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। मुख्य अतिथि उद्बोधन के पश्चात पथ संचलन का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। बड़े ही अनुशासन व धैर्य का परिचय देते हुए भारी संख्या में उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा राज कालेज के मैदान से सब्जी मण्डी, कोतवाली, चहारसू, अटाला मस्जिद, किला होते हुए पुनः राज कालेज के मैदान में पथ संचलन का यह कार्यक्रम समाप्त किया गया।

## आगामी बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए आएंगी नई योनजाएं : सुक्खू

एजेंसी ➤ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई योजनाएं ला रही है ताकि पशुपालन और कृषि के बारे में समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आ सके। सुक्खू आज शिमला के होटल पीटरहॉफ में प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि को उद्योग के रूप में प्रोत्साहित कर रही है ताकि किसानों को सामर्थ्यवान एवं स्वावलम्बी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर है, जिसमें कृषि व दुग्ध उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार आगामी बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई योजनाएं ला रही है, ताकि पशुपालन और कृषि के बारे में समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आ सके। आगामी दो वर्षों में राज्य सरकार के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक खेती में किसानों का भविष्य है, जिसमें पशुपालन की भूमिका अहम है क्योंकि कृषि व दूध उत्पादन का सीधा आपसी संबंध है। उन्होंने कहा कि किसानों के हाथ में पैसा पहुंचे, इसके लिए नीतियों व नियमों में मूलभूत परिवर्तन किए जा रहे हैं।



वर्तमान राज्य सरकार जन सहयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन के दृष्टिगत पशुपालन को विशेष रूप से बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूध खरीद के मूल्य में छह रुपए की बढ़ोतरी राज्य सरकार की ओर से पशुपालकों को निश्चित आय का आश्वासन है और इससे वे दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार दूध उत्पादकों को कर में रियायत देने पर भी विचार करेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में दूध की गुणवत्ता बेहतर है तथा इसमें और सुधार करते हुए बेहतर विपणन व्यवस्था से जोड़कर किसानों की आय में आशातीत बढ़ोतरी की जा सकती है। इसी दृष्टिकोण के साथ सरकार अब कृषि को रोजगार के रुप में अपनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि आज तक इस बारे में गम्भीरता से विचार नहीं किया। उन्होंने कहा, ''मैं आपको स्वावलंबी बनाना चाहता हूं, ताकि किसान घर में बैठकर अपनी आय के साधन बढ़ा सके। किसानों को शोषण से बचाने और उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। इन प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। जब गांव के लोगों की आय बढ़ेगी, तभी हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए हमें पुरानी परंपराओं और नई टेक्नोलॉजी को साथ लेकर चलना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की दुग्ध आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए दूध खरीद मूल्य को लागत मूल्य के आधार पर देने के लिए 'हिम गंगा योजना' की शुरुआत इस वित वर्ष से कर दी गई है।

## भजनलाल की सौगात, कनिष्ठ सहायक के 3552 पदों पर होगी भर्ती



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को रोजगार के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कनिष्ठ सहायक के तीन हजार 552 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। इन पदों में गैर अनुसूचित क्षेत्र के दो हजार 788 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 764 पद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि लेखानुदान (बजट) 2024-25 में राज्य सरकार ने 70 हजार सरकारी नौकरियों पर भर्ती की घोषणा की थी, जिसकी क्रियान्विति पर राज्य सरकार ने काम भी शुरू कर दिया है। बजट में प्रत्येक संभाग में रोजगार मेलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं। साथ ही, भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाले अकारण विलम्ब को समाप्त करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा वार्षिक भर्ती कलेण्डर जारी करने का भी फैसला लिया गया है।

# प्राथमिक शाला कमेला नयापारा में शिक्षा के क्षेत्र में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के साथ हुआ कार्यक्रम अंगना मा शिक्षा पर हुई गतिविधियां





पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकासखंड मुख्यालय से महज 22 किलोमीटर दूर बसे ग्राम पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक शाला नयापारा कमेला में शासन प्रशासन के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखंड अधिकारी के मार्गदर्शन में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ इस योजना के अंतर्गत माह जनवरी की गतिविधि में आओ शब्द बनाए आओ मॉडल बनाए की गतिविधि सक्रिय माताएं और कक्षा पहली दूसरी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की समस्त माता व शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां भारती के चलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित पूजा अर्चना कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया जिसके तत्पश्चात संस्था के प्रमुख प्रधानाध्यापक मदन लाल कोर्राम ने अंगना में शिक्षा के महत्व कार्य के दायित्व को बिंदुवार बताया इसके पश्चात कार्यक्रम को रोचक बनाने उपस्थित अध्यनरत छात्र-छात्राओं की माता की आंखों में पट्टी बांधकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें समस्त बच्चों और उपस्थित सभी माताए उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम में माताओं और छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया इन गतिविधियों के माध्यम से सभी पालक माताएं अपने कार्य के साथ-साथ अपने-अपने छात्र-छात्राओं को एवं आसपास के छात्र-छात्राओं को प्रेरणा स्रोत बनकर शिक्षा की गुणवत्ता में अहम भूमिका निभा सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है जिसमें हमारा गांव शहर विकसित राज्य देश बनकर उभर कर आएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्यूटर शिक्षक नरेश लाल पांडे, होमिता पांडे, भारती नेताम, गीता बैध , नीलबती बैध बालेश्वरी पांडे, नवबती, सत्यवती पांडे, दयमति, मीना, हेमवती सावित्री बैध, निलबती , मालती मनचिला बाई और अन्य माताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## प्राथमिक शाला सरगीपाल में पालक बालक सम्मेलन का आयोजन हुआ



प्राथमिक शाला सरगीपाल,संकुल केंद्र पेंड्रावन विकासखंड बड़ेराजपुर में पालक बालक मिलन समारोह का आयोजन रखा गया था। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानीय विजय कुमार नेताम सरपंच ग्राम पंचायत पिटेचुआ और विशेष अतिथि के रूप में रतन नेताम संकुल प्राचार्य संकुल पेंड्रावन, जयराम यादव अध्यक्ष शाला प्रबंध समिति, चेतन साहू उपाध्यक्ष शाला प्रबंध समिति, यशोदा मरकाम वार्ड पंच मंच में विराजमान थे। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने माता-पिता को चरण धोकर आरती लिए और तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किए। सभी माताओं को अंगना म शिक्षा की जानकारी ललेश्वरी ठाकुर बीआरजी के द्वारा दी गई। शाला के शाला नायक डिंपल नेताम के द्वारा सरपंच एवम् एसएमसी के सभी सदस्यों को प्रतिवेदन के माध्यम से शाला की समस्याओं को अवगत कराई। विजय नेताम सरपंच ने अपने उद्बोधन में समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गत वर्ष एकलव्य में सभी चयनित बच्चों एवम् पालको का तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। सभी छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई ।सभी पालकों एवम् अतिथियों के लिए भोज व्यवस्था किया गया था।कार्यक्रम का मंच संचालन ओम प्रकाश नेताम प्रधान अध्यापक एवम् समापन की घोषणा,आभार जयराम यादव अध्यक्ष एसएमसी के द्वारा किया गया और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने दिनेश कुमार नागेश सहा. शिक्षक, रोहित कुमार भुरखुरिया सहा शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## वार्ड क्रमांक 3 व 4 में पानी की किल्लत वार्डवासियों को हो रहीं हैं दिक्कतें

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल नगरपालिका द्वारा करवाई जा रहीं जल आपूर्ति पाइप लाइन में वॉल खराब होने के कारण वार्ड क्रमांक 03 व 04 के धरमपुर कैम्प, बंगाली कैम्प व गजराज कैम्प में पानी नहीं पहुंच पा रहीं हैं। जिससे करीब 500 परिवारों को पिछले 04 दिनों से पेयजल हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं दूसरी ओर एक पानी टैंकर भिजवा कर जल उपलब्ध करवाया गया हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंशीलाल नुरूटी ने बताया कि रविवार होने के कारण कर्मचारी छुट्टी पर हैं कल वॉल का मरम्मत करवाया जायेगा।

## जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



हत्या के नीयत से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला रायपुर जिला तिल्दा -नेवरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन तकरीबन 8.30 बजे आरोपी राहूल पंजवानी उम्र 22 वर्ष अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ घर आया, कुछ देर उपरांत उनके दो दोस्त घर वापस चलें गये, इसी बीच आरोपी राहूल के कमरे से बदबू आने पर आरोपी के बड़ा भाई ने जाकर देखा तो आरोपी अपने अन्य साथी के साथ सुलेशन पी रहा था, उन्हें मना किया गया, इसी बीच आरोपी युवक ने तैश में आकर यह कहते जान से मारने की नीयत से नुकीले हथियार नुमा वस्तु को लेकर दौड़ाया कि तुम हमेशा नशा करने से मना करते हो। आरोपी के बड़ा भाई भयभीत होकर एक कमरे में घुसकर दरवाजा बंद कर दिया। इधर आरोपी युवक प्रार्थी के मां के साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच बीच बचाव करने गये प्रार्थी के पत्नी पर भी चाकू नुमा हथियार से वार कर दिया जिससे पीठ पर चोटे आई है। बीच बचाव के आवाज सुनने पर प्रार्थी कमरे से बाहर निकला।

## विधायक इन्द्र साव ने बजट में अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत करवाए करोड़ों रूपए

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



विधायक इन्द्र साव द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट के पूर्व विधानसभा के विभिन्न कार्यों को स्वीकृत करवाने संबंधित विभाग के मंत्रियों से अनुशंसा की थी। जिसे बजट में शामिल किया गया है। इन कार्यों के हो जाने पर विधानसभा में निवासरत आम आदमी को ढ़ेर सारी सुविधाएं प्राप्त हो जायेगी। स्वीकृत कार्यों में, भाटापारा-सेमरिया-चंदखुरी मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण 8 करोड़ 80 लाख रूपए, अडबंधा से करहुल मार्ग लं. 2.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 4 करोड़ 40 लाख, अडबंधा से चंदियापथरा मार्ग लं. 3.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, कोलिहा से रोहरा मार्ग लं. 3.00 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, मर्राकोना संजारी नवागांव मार्ग लं. 2.50 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 5 करोड़, कोसमंदा, बेन्द्री, खैरी, बोरसी मार्ग लं. 3.80 किमी. मे सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 3 करोड़ 80 लाख, दतरेंगा से बिजराडीह मार्ग लं. 6.20 किमी. में सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित 5 करोड़ 50 लाख, पौंसरी पहुंच मार्ग 2.50 कि.मी. में डामर मजबूतीकरण कार्य 5 करोड़ रूपये बजट में शामिल किए गए। इसके लिए विधायक इन्द्र साव ने लोक निर्माण मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है।

### विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग दामाखेड़ा पर दोपहर 3 बजे कांग्रेसियों द्वारा चक्काजाम

विधानसभा क्षेत्र के गांव- शहर में अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफभाटापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर एवं ग्रामीण के अध्यक्ष द्वय अरुण यादव एवं अशोक ध्रुव द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिए कि अवैध शराब बिक्री के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत 7 दिनों से चलने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से संज्ञान नहीं लिया गया एवं उनके समस्याओं को हल करने की दिशा में किसी भी प्रकार के कार्य नहीं किए गये। इसके विरोध में आगे और कड़े कदम उठाते हुए, स्थानीय विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में आगामी 12 फरवरी 2024 दिन सोमवार को दोपहर 3:00 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग दामाखेड़ा के सामने चक्का जाम किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र को नशे की गिरफ़्त में जाने से बचाए एवं शांति स्थापित करने के लिए सहयोग करें।

## प्रेशर आईईडी की चपेट आकर जवान हुआ घायल

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



डुमरीपालनार कैम्प से एरिया डॉमिनेशन, डी-माईनिंग पर निकली थी टीम, डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आई ई डी ब्लास्ट होने से एक जवान हुआ घायल। जवान के पैर में आई चोंट मौके से 03 नग 5-5 किलो के प्रेशर आई ई डी सुरक्षा बलो द्वारा बरामद किया गया, जिसमे से 02 आई ई डी को जिला बल बीडीएस डुमरीपालनार की टीम द्वारा नष्टीकरण किया गया एवं 01 आई ई डी सुरक्षित निष्क्रिय किया गया। आई ई डी ब्लास्ट में घायल जवान को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेलसनार मे प्राथमिक उपचार उपरान्त जिला अस्पताल दंतेवाड़ा भेजा गया है। जहां से बेहतर उपचार हेतु एयर लिफ्ट कर रायपुर भेजा जायेगा ।

## यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 26 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कारवाई



पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशानुसार जिले में यातायात को सुदृढ़ बनाने व यातायात नियम का पालन न करने वालों, माइनिंग सप्लाई करने वाले वाहनों में तिरपाल ढक कर न ले जाने वाले वाहनों में कसावट लाने के उद्देश्य से जगह-जगह एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवार देर रात तक किरंदुल में तहसीलदार बचेली जीवेश शोरी की उपस्थिति में थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू द्वारा पुलिस बल के साथ आरपीएफ पोस्ट के पास यातायात नियमों का पालन नही करने वाले ऐसे 26 वाहनों चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## विश्व शांति सद्भावना के लिए नेपाल की पदयात्रा करेंगे : मुरली दास संत

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नेपाल की राजधानी काठमांडू में विश्व सामाजिक मंच के बैनर तले,विश्व शांति के लिए, गाधी से बुद्ध की ओर अंतर्राष्ट्रीय समागम का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 15 फरवरी से19 फरवरी तक देश दुनिया के 40 हजार अहिंसा वादी इस आयोजन में शामिल होंगे इस ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए विश्व सामाजिक मंच जो विभिन्न संगठनों जो गांधीजी एवं बुद्ध को मानने वाले आत्मसात करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मेलन नेपाल में आयोजित है । इसमें छत्तीसगढ़ से भी 22 सामाजिक कार्यकर्ता एकता परिषद छत्तीसगढ़ के अगुवाई में शामिल हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ एकता परिषद के प्रदेश संयोजक मुरली दास संत,एवं राष्ट्रीय एकता परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीताराम सोनवानी, महासचिव रमेश शर्मा, 11 फरवरी को ट्रेन से छत्तीसगढ़ टीम रायपुर से रक्सौल नेपाल सीमा तक पहुंच रहे हैं । इस टीम का नेतृत्व एकता परिषद के प्रदेश संयोजक मुरली दास संत कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक पदयात्रा की सभी साथियों ने शुभकामनाएं दी वरिष्ठ पत्रकार कोरबा से लोक सदन व संपादक गांधी वादी सुरेश चंद्र रोहरा, आरिफ भाई, छत्तिसगढ़ मिडिया एसोसियेशन विधान सभा बलोदा बजार मिडिया प्रभारी व युवा पत्रकार अजय नेताम (तिल्दा नेवरा) प्रयोग समाजसेवी संस्था के सचिव मंत्र राम निषाद ने बिदाई दी है। गांधी से बुद्ध की ओर विश्व शांति पदयात्रा में छत्तीसगढ़ से हनुमत नाग सरपंच रोहिणी मरावी कोरबा, मैनकुवर पैकरा जशपुर, रघुवीर प्रधान, रायगढ़, रचना मानिकपुरी (अधिवक्ता) रघुवीर दास महंत, सरगुजा, धर्मेंद्र पुरी पेंड्रा गौरेला मरवाही, पूनम ध्रुवे, मानमती खलखो, निर्मला कुजुर, रवि यादव, रवि शंकर कंवर (जिला पंचायत सदस्य) कोरिया गुडविल हॉस्पिटल रायपुर के डायरेक्टर, डाक्टर सत्य जीत साहू और उनके टीम एवं, सुप्रसिद्ध गांधीवादी एकता परिषद के फाउंडर मेंबर आदरणीय पी व्ही राजगोपाल जीके नेतृत्व में पूरे भारत से 200 लोग एकता परिषद से जुड़े हुए साथी शामिल हो रहे है।

## तहसीलदार और थाना प्रभारी ने ली कोलाहल नियंत्रण के लिए बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर चारामा ब्लॉक अंतर्गत चारामा थाना और हल्बा चौकी अंतर्गत आने वाले डीजे और साउंड सर्विस संचालकों की बैठक क्रमशः थाना परिसर और चौकी परिसर में आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार और थाना प्रभारी के द्वारा डीजे और साउंड सर्विस संचालकों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया गया और इस संदर्भ में कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी के द्वारा जारी निर्देशों को कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी कुलदीप कुमार, तहसीलदार और कार्यपालिक दंडाधिकारी कृष्णा पाटले, थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता, हल्बा चौकी प्रभारी सी पी कंवर उपस्थित रहे। विदित हो कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए सक्षम अधिकारी अनुविभागीय दंडाधिकारी चारामा की अनुमति के बिना लाउड स्पीकर अथवा डीजे जैसी ध्वनि प्रणालियों के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही शासन के निदेर्शानुसार कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत इन ध्वनि प्रणालियों में साउंड लिमिटर लगाना अनिवार्य किया गया है। संचालकों की स्वयं तत्काल प्रभाव से इसकी व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। वाहनों में तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का उपयोग अथवा विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। अनुमति लेने के बावजूद आवासीय क्षेत्र में अधिकतम 45 से 55 डेसीबल के मध्य ही ध्वनि सीमा में ध्वनि प्रणालियों का उपयोग किसी जा सकता है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच किसी भी तरह की ध्वनि प्रणालियों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

### टंकराम वर्मा द्वारा मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की गई

## शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 10 फरवरी को हुआ वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नेह सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 10 फरवरी को वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा खेल कुद एवं कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन विशिष्ट अतिथि चित्तावर जायसवाल (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार), सुमन वर्मा (जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार), मीलिम सोनी (भाजपा जिला उपाध्यक्ष), सुनीता वर्मा (भाजपा जिला मंत्री), डॉ. निशा झा (शिक्षाविद), रजनी केसरवानी जी, सविता साहू, रीटा केसरवानी, मंजीत कौर पार्षद नगर पालिका परिषर बलौदाबाजार उपस्थित रहें एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा किया गया। सर्वप्रथम टंकराम वर्मा द्वारा मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की गई। कु. ममता ध्रुव बी.ए. भाग-2 की छात्रा एवं देवांजली ध्रुव बी.एस.सी भाग-3 की छात्रा के द्वारा अतिथियों को सर्वप्रथम बैच लगाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया विशिष्ट अतिथि चित्तावर जायसवाल का स्वागत सूर्यकांत साहू द्वारा एवं मंच उपस्थित सदस्यों का स्वागत महाविद्यालयीन परिवार की ओर से किया गया। छात्रसंघ प्रभारी डॉ. सुलेखा राउत द्वारा मुख्य अतिथि को शाल एवं श्रीफल भेंट की गई। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई एवं क्रीड़ा विभाग हेतु कबड्डी मैट, खो-खो मैदान, बॉल बैडमिंटन कोर्ट निर्माण एव बी.कॉम कोर्स, अंग्रेजी एवं गृहविज्ञान संकाय हेतु सहायक प्राध्यापक एवं लाइब्रेरियन के लिए मांग की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाः- जीवन में सफलता प्राप्त करना हो या मंजिल तक पहुंचना हो तो दृढ़ संकल्प लेना पड़ता है। संकल्प ही सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है और व्यक्ति के सपने साकार होते हैं। उन्होने ने आगे कहा कि युवा इस देश की भविष्य है। देश को आगे ले जाने की बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधो पर है। सही रास्ते पर चलने के लिए हमे सच्ची बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। युवा अपने संगत का चुनाव ठीक से करें। संगति का आदत और स्वभाव पर गहरा असर पड़ता है।

## एकात्म मानववाद के प्रणेता महामानव पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि दी गई आदरांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन मांक 9 के सहयोग से एकात्म मानववाद सिद्धांत एवं अंत्योदय योजना के प्रणेता पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की 54 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन करने राजधानी शहर के तेलीबांधा रिंग रोड चौक के समीप स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि आयोजन रखा गया. इस संक्षिप्त एवं गरिमामयी आयोजन में पहुंचकर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे,पार्षद मृत्युंजय दुबे, सीमा संतोष साहू, नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद गोपी साहू, सामाजिक कार्यकर्त्ता सर्वअशोक पाण्डेय, राजीव अग्रवाल, छगन मुंदडा, किशोर महानन्द सहित गणमान्य जनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों सहित निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी 54 वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की।

Aavas
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**
कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ललित राम साहू, खेमकली साहू खाता सं. LNBHI02021-220208005 व LNBHI04322-230282183 | 07 फरवरी 2024 ₹ 3505166/- व ₹ 558489/- 06 फरवरी 2024 | सम्पत्ति केएच. नं. 910/9 स्थित मौजा गांव-नवागढ़ पी एच नं. -2, आरआईसी और तहसील-नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छत्तीसगढ़) 491001 क्षेत्रफल 0.03 हेक्टेयर |

स्थान : जयपुर दिनांक 12.02.2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# देश के सर्वांगीण विकास की नीव मोदी ने रखी जिसका लाभ पहुंच रहा है घर घर : रंजना साहू

## पूर्व विधायक रंजना साहू ने केंद्र की योजनाओं का पांपलेट वितरण कर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने किया आह्वान



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं को की जानकारी घर-घर पहुंचने के लिए चलाई जा रही गांव चलो घर.घर चलो अभियान के तहत धमतरी विधानसभा के आमदी मंडल के अंतर्गत ग्राम डाही में पूर्व विधायक रंजन डीपेंद्र साहू ने केंद्र सरकार की योजनाओं की ग्रामवासियों को जानकारी देते हुए पंपलेट वितरण किया एवं कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प दिलाई। पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि गांव चलो घर-घर चलो अभियान के तहत देश के सबसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जो की प्रत्येक भारत देश की नागरिकों को जानकारी हो इसके लिए चलाई जा रही है, अनेक लाभकारी योजनाएं जो हितग्राहियों के पास नहीं पहुंच पा रहा। उनको केंद्र सरकार के द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए पैंपलेट के माध्यम से घर.घर तक पहुंचाया जा रहा है। साहू ने आगे कहा कि देश के सर्वांगीण विकास की नीव मोदी जी ने रखी, जिसका लाभ घर घर पहुंच रहा है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को परिलक्षित करते हुए देश के प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से 2047 तक भारत देश विकसित भारत देशों के शामिल हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जनपद सदस्य भगत यादव, रामकुमार पटेल, गैद सिन्हा, महेंद्र पटेल, लिलेश्वर पटेल, कोमल ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आगामी लोकसभा चुनाव में उपयोग होने वाले ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों का फर्स्ट लेवल चेकिंग जारी



पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 05 फरवरी से ई.सी.आई.एल. के इंजीनियरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का (एफएलसी) प्रथम स्तरीय जांच प्रारंभ किया गया। यह कार्य जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर के वेयरहाउस में 14 फरवरी 2024 तक चलेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज मंडी परिसर पहुंचकर ईवीएम मशीनों का जायजा लिया। उन्होंने एफएलसी कार्यो को गंभीरतापूर्वक एवं निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारी को दिये। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार एफएल.सी के तहत बीयू-1095 नग, सीयू-758 नग एवं वीवीपेट-1058 नग कुल 2911 मशीनों का जिले में एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्य इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद से आए इंजिनियर्स द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के समक्ष किया जा रहा है। इससे पूर्व पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रवेश के समय स्क्रीनिंग किया जा रहा है। जिसमें मोबाइल, कैमरा, स्पाय पेन, स्मार्ट वॉच सहित किसी भी अन्य प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को बाहर ही जमा कराया जा रहा है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जिलाध्यक्ष साथ के सम्मिलित हुए दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



राहुल गांधी की न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू होकर कई राज्यों को पार करते हुए रायगढ़ पहुंची। लगातार उनका काफिला बढ़ता जा रहा है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में यात्रा के प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी के साथ इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कदम से कदम मिलाने धमतरी एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता साथ रायगढ़ रवाना हुए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि राहुल गांधी इस यात्रा के जरिए युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय के लिए संघर्ष करते हुए देश के गरीबों की आवाज उठा रहे हैं और छात्रों, युवाओ और किसान मजदूरों जैसे तमाम वर्ग के लोगों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। शिक्षा, बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर निकाली गई ये भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायगढ़ के कई इलाकों से गुजरते हुए खरसिया की ओर पहुंचेगी। जहां सभी साथी उनके साथ ही इस यात्रा में चलेंगे। इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राजा देवांगन के साथ पारसमणि साहू, नोमेश सिन्हा, तेजप्रताप साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, जय श्रीवास्तव, अरविन्द यादव, सुदीप सिन्हा, पूरन सोनी, धर्मेंद पटेल, देवेंद्र सिन्हा, दीपक बांधे, केशव, तेजराम, रसीद सिन्हा, शैलेश मंडावी, सुनील समेत दर्जनों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा असामाजिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही करने एवं उनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सभी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी कुरूद केके वाजपेयी के नेतृत्व में थाना कुरूद द्वारा थाना कुरूद क्षेत्र के ग्राम में नारी के छोटा नहर पुल के पास में अवैध रुप से शराब बिक्री किये जाने की सूचना पर कुरूद थाना प्रभारी द्वारा टीम भेजकर रेड कि कार्यवाही की गई। जहां छोटा नहर पुल नारी के पास कमलेश सिंह नाम का व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा था हमराह स्टॉफ एवं गवाहों के समक्ष आरोपी कमलेश सिंह पिता स्व रामदास सिंह किरण ढाबा नारी थाना कुरूद के पास से 23 पौवा देशी प्लेन, 10 पौवा देशी मशाला शराब प्रत्येक में 180 एमएल 5.940 बल्क लीटर किमती 2940 रूपये बिक्री रकम 190 रूपये जुमला 3130 रूपये गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2)आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। आरोपी कमलेश सिंह पिता स्व रामदास सिंह किरण ढाबा नारी थाना कुरूद जिला धमतरी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुरूद निरी अरुण साहू, उनि रविन्द्र साहू, आर महेश साहू, किशोर देशमुख का विशेष योगदान रहा।

## रुद्री बैराज में पिंकु जागेन्द्र साहू की उपस्थिति में छोड़े गए 1 लाख 60 मछली बीज



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

मछलीपालन विभाग द्वारा विभागीय योजनांतर्गत एनिकट में मत्स्य बीज संचयन 9 फरवरी 2024 को रुद्री बैराज में किया गया। एनिकट योजना के तहत 1 लाख 60 मछली बीज रुद्री बैराज में छोड़े गए। निम्न वर्ग के मछुआरे या मछली पकड़ने वालों को जीवोकोपार्जन का लाभ मिले एवम् स्वादिष्ट प्रोटीन आहार प्राप्त हो सके इस उद्देश्य से एनिकट योजना संचालित किया जाता है। इस अवसर पर कृषि सभापति व जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू, वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक कमलनारायण तिवारी, हरीश चौबे, कृष्ण कुमार ठाकुर, चेतन ठाकुर सहित आसपास गांव के मछुआरे समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस की हुई कुरूद में बैठक



### आगामी लोकसभा के लिए बनी रणनीति

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरुद के कांग्रेस भवन में जिला युवा कांग्रेस धमतरी एवं कूरुद विधानसभा कार्यकरणी की मासिक बैठक रखी गई जिसमें आगामी लोकसभा की तैयारी, युवा बेरोजगारी, नारी भागीदारी, महंगाई जैसे मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई वेशेष रूप से युवा कांग्रेस के महा अभियान रोजगार दो न्याय दो पर विशेष बल दिया गया। युवा कांग्रेस आगामी लोकसभा के लिए पूरी तरह से तैयार है। हर युवा कार्यकर्ता चुनाव में अपना शतप्रतिशत देगा इस बात का संकल्प लिया गया। बैठक में विशेष रुप से प्रदेश सहप्रभारी एवं महासमुंद लोकसभा प्रभारी प्रियंका पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष महासमुंद समन्वयक कु विधि नामदेव, जिला प्रभारी आशीष द्विवेदी के प्रभारी बननें के पश्चात तीनों प्रभारियों का प्रथम कुरुद आगमन पर पुराना बाज़ार चौक में युवा कांग्रेसियों में भव्य स्वागत किया। बैठक में युवाओं में ऊर्जा का संचार करते हुवे प्रभारियों ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संगठन की मज़बूती एवं रोज़गार दो न्याय दो कैम्पेन को पूरे ज़िले विधानसभा एवं ब्लॉक, बूथ स्तर तक सफल बनाने के लिए निर्देश दिये। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी एवं आभार प्रदर्शन कुरुद विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू ने किया। बैठक में मुख्यरूप से प्रदेश सचिव उदित साहू, जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, कुरुद विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहूए धमतरी विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मरकाम,जिला प्रवक्ता तारिक रजा कादरी, जिला महासचिव कुलेश्वर देवांगन, तोमेश साहू, विसु देवांगन, वताँजालि गोस्वामी, कुरुद ब्लॉक अध्यक्ष डुमेश साहू, पार्षद उत्तम साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष महिम शुक्ला, राजू साहू, सचिन सोनवानी ,ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता योगेश गुरुजी, मगरलोड ब्लॉक युकाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, आईटी सेल प्रदेश समन्वयक योगेश साहू, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज साहू, देनप प्रदेश महासचिव गौतम वाधवानी, प्रदेश सचिव योगेश साहू ,ब्लॉक महामंत्री योगेश साहू, टुकेश साहू, यक्ष साहू, प्रदीप साहू, योगिराज चंद्राकर, युवा नेता योगेश साहू, अजय सिन्हा, एवन साहू, मनीष साहू ,विवेक साहू, होरीलाल साहू, नेतराम साहू सहित पदाधिकारी एवं बडी संख्या में कार्यकर्त्ता बन्धु उपस्थित रहें।

## विद्यालय को झूला व बैंड बाजा सेट ग्राम पटेल ने प्रदान किया



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी ब्लॉक के गौरव ग्राम नवागांव कंडेल निवासी ग्राम पटेल मनराखन लाल साहू ने प्राथमिक व माध्यमिक शाला के विकास हेतु बच्चों के लिए झूला व बैंड बाजा पूरा सेट प्रदान किया है। प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए महापुरुषों के चित्र, पेन, कॉपी, कंपास ,घड़ी, बूंदी, लायची दाना, शील्ड एवं अन्य सामग्री प्रदान किया जाता है। ग्राम नवागांव के विकास व लोगों के सहयोग सामाजिक कार्य, नाटक लीला, रामायण, भागवत, दुर्गा, गणेश चतुर्थी, राम सप्ताह, साहेब प्रवचन राधा स्वामी, गायत्री पूजा आदि में आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। तथा ग्राम के विकास हेतु सड़क पानी शिक्षा स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं हेतु सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। पारख सिद्धांत का पालन करते हुए 80 वर्ष स्वस्थता के साथ व्यतीत कर रहे हैं। 60 वर्षों से ग्राम पटेल के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। शिक्षा व संस्कार का पालन करने को प्रेरित करते हुए परिवार के अपने पुत्रों व बहुओं नातियों को उच्च शिक्षा प्रदान किया है। शिक्षा विभाग में परिवार के 8 सदस्यों द्वारा व्याख्याता के रूप में ज्ञान का प्रकाश फैलाया जा रहा है। सफल कृषक व सादगी पुर्ण जीवन व अध्ययन अध्यापन कार्य को आज भी जारी रखते हैं पूरा परिवार नशा पान से मुक्त है।व ग्रामीण जनों को भी नशे से दूर रहने हेतु सदैव प्रेरित करते हैं। ग्राम नवागांव के सभी व्यक्तियों के सुख.दुख, धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम व सेवा कार्यों के कारण प्रत्येक व्यक्ति के आदर्श व प्रेरणा स्रोत हैं।

## विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को सकार करने वाला बजट है-हेमराज सोनी

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता हेमराज सोनी ने छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के 2023-24 का बजट विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को सकार करने वाला बजट है छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाने वाला बजट है। विष्णु देव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ के अंतिम व्यक्ति के विकास करने वाला बजट है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार कथनी करनी में एक समानता है ओपी चौधरी वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ के चहूँमुखी विकास करने वाला बजट है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मजदूरों को आर्थिक रूप से मज़बूत करने, भूमीहीन मजूदरों को सुदृढ़ करने वाला बजट है। किसानों के लिए भी भाजपा सरकार ने बोनस के साथ शून्य दर पर लोन उपलब्ध, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बैंक से लोन, छत्तीसगढ़ का बजट सराहनीय व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास होगा।

## कुरूद विस समन्वय समिति एवं लोकसभा के प्रबंधन समिति बैठक भाजपा कार्यालय कुरूद में संपन्न

### चुनाव की तैयारी को लेकर पदाधिकारियो की ली बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ कुरुद/धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला अध्यक्ष महासमुंद रूपकुमारी चौधरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष धमतरी प्रकाश बैस का आत्मीय स्वागत और ओजस्वी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। 9 फ़रवरी को भाजपा कार्यालय कुरूद में लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर संगठन के विशेष बैठक मे कुरूद विधानसभा समन्वय समिति और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से मिलकर महासमुंद जिला अध्यक्ष एवं धमतरी जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक चर्चा कर आने वाले चुनाव मे फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए जन दरबार जाने हेतु तैयार रहने के लिए आग्रह किये है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश जिला, मंडल के पदाधिकारीगण, मंडल के अध्यक्षगण, प्रभारीगण, प्रबंधन समिति के सदस्यगण सम्मिलित हुए।

## बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ ने मंत्री टंकराम वर्मा का किया अभिनंदन

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदा बाज़ार विधानसभा का समग्र विकास हो, क्षेत्र में अपराधिक मामलों पर रोक लगायी जाय, ऐसी व्यवस्था बने जिससे सभी लोग उत्तरोत्तर विकास में भागीदार बने यह अवधारणा हमारी सरकार की है। मैं पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता हुं जिसे आपके सहयोग और आशिर्वाद से महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी मुख्यमंत्री ने मुझे सौंपा है उक्त बाते बलौदा बाज़ार ट्रक मालिक संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में मुख्य आतिथ्य के आसंदी से टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ शासन ने कही वर्मा ने कहा मैं एक सामाजिक व्यक्ति हुं सेवा भावना से राजनिति में हुं और जीवन पर्यंत प्रयास करूंगा कि क्षेत्र के विकाश में अपनी महती सहभागिता दूं। ट्रक मालिक संघ द्वारा बहु प्रतीक्षित मांग ट्रांसपोर्ट नगर के लिए भूमि के चिन्हाकन एवं सर्वे के लिए मंत्री महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निकट भविष्य में शीघ्र ही ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना को अमली जामा पहनाए जाने की मांग रखी ।संघ के द्वारा भाटापारा रिसदा, सकरी एवं लवन बायपास चौक में हाई मास्ट लाइट लगाए जाने, अधूरे बाईपास निर्माण को शीघ्र पूरा करने एवं पूर्ण रूप से रिंग रोड का निर्माण, रिसदा से पूर्व सभी भारी वाहनों को कुकुरदी बायपास में जोड़ने एवं औद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से भारी वाहनों के साथ-साथ हजारों निजी वाहनों को फिटनेस परमिट इत्यादि कार्य हेतु शहर के मध्य मुख्य मार्ग पर स्थित आरटीओ कार्यालय में जाने पर आवागमन की असुविधा को देखते हुऐ आरटीओ कार्यालय को शहर के बाहर बनाए जाने की मांग रखी । इसके अलावा स्थानीय ग्रामीण अंचलों के बेरोजगार नवयुवकों द्वारा बैंक से कर्ज लेकर ट्रक, टिप्पर , ट्रिप ट्रेलर इत्यादि ले रखे हैं जिन्हें संयंत्रों में प्रथमिकता से रोजगार के अवसर प्रदान कराने की मांग प्रमुखता से रखी गई। उक्त मांग पर टंकराम वर्मा ने उक्त मांग को पूर्ण कराने काआश्वासन भी दिया। क्लब ग्राउंड मैदान पर आयोजित अभिनंदन समारोह में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे अशोक जैनपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि चित्तावर जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदा बाज़ार जुगल भट्टर अध्यक्ष चेंबर ऑफ कामर्स,विजय केशरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी डाक्टर के के साहू ,सुधीर अग्रवाल सरक्षक बलौदा बाज़ार ट्रक मालिक संघ, अनिल गुप्ता पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने भी संबोधित कर बलौदा बाज़ार के विकास पर जोर दिया। इसके पुर्व कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के आगमन पर ट्रक एसोसिएशन के संरक्षक, अध्यक्ष एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियो ने उनका आतिशबाजी के साथ जोशीला स्वागत किया पुष्प गुच्छ एवं गजमाला एवं श्रीफल शाल भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कार्यक्रम के अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन गणेश शंकर साहू ने किया। उक्त अवसर पर अचल के ट्रक मालिक संघ के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, पत्रकार गण, प्रशासनिक अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## पं.दिनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया



पायनियर संवाददाता ◀ नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी के तत्वाधान में आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित पंडित दीनदयाल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला के मंत्री राजेंद्र गोलछा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, कमल डागा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अजय नाहटा, मंडल के महामंत्री हृदय साहू, विधानसभा विस्तारक रूपदास मरकाम, पार्षद सुनील निर्मल कर,संत कोठारी, राजा पवार, खेमेन्द्र साहु, भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरसिंग मरकाम, डॉ घनाराम साहू,युगल साहू, सीआर सोनवानी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने केंद्र सरकार का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



सांसद प्रतिनिधि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र उमेश साहू ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव , चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न प्रदान करने के केंद्र सरकार के निर्णय का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है। तीनों ही महान व्यक्तित्वों ने देश के युवाओं को प्रेरणा दी है तथा दिशा दिखाई है। देश में आर्थिक सुधारों के जनक माने जाने वाले, वर्ष 1991-96 तक देश के 9वें प्रधानमंत्री रहे पीवी नरसिम्हा राव ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आंध्रप्रदेश के करीमपुर में जन्में राव 1971-73 आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री, 1980-84 देश के विदेश मंत्री, एवं बाद में देश के गृहमंत्री भी रहे। भारतीय उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु लालफीताशाही को कम करने, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, राष्ट्रीय स्तर पर नवोदय विद्यालयों के रूप में आवासीय विद्यालयों की स्थापना करने, लुक ईस्ट नीति बनाने और स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने वाले 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधनों का महत्वपूर्ण कार्य नरसिम्हा राव ने किया। उत्तर प्रदेश में जन्में, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए समर्पित किया था। वर्ष 1967 और 1970 में 2 बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चौधरी चरण सिंह ने प्रदेश में भूमि सुधार हेतु महत्वपूर्ण कार्य किए। जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया जोत अधिनियम 1960, ग्रामीण देनदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋणमुक्ति विधेयक 1939 लाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। तमिलनाडु के तंजावुर में जन्में एवं देश में हरित क्रांति के जनक माने जाने वाले महान वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन ने कृषि और किसानों के कल्याण में उल्लेखनीय योगदान देते हुए भारत को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अधिक पैदावार वाले उन्नत खाद्यान्न बीजों की किस्मों को विकसित करने में आपका बड़ा योगदान है। 1960 के दशक में अकाल के दौरान कृषि में तकनीकी सुधारों के द्वारा देश को बड़ी राहत पहुंचाने का कार्य स्वामीनाथन ने किया। सांसद प्रतिनिधि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र उमेश साहू ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से पुरस्कृत किए जाने के निर्णय का स्वागत किया।

## छत्तीसगढ़ डबल इंजन की सरकार में विकास का नया अध्याय लिखेगा यह बजट : प्रमोद सागर

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत हुए बजट को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए प्रमोद सागर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार डिजिटल बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ के अमृत कल के नींव का बजट विधानसभा में पेश किया गया। मोदी के 2047 तक निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारी सरकार एक महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस बजट में उद्योग आश्रम के क्षेत्र में प्रदेश की सरकार आने वाले 1 साल में कई और महत्वपूर्ण कार्य करेगी इसका लाभ हजारों मजदूरों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को अभूतपूर्व ऊँचाइयों को छूने वाला बजट है, इस बेहतरीन बजट में सभी वर्ग अन्नदाता किसान वर्ग, मातृशक्ति नारी शक्ति, गरीब वर्ग से लेकर युवा वर्ग और व्यापारी और उद्योगों को ध्यान में रखते हुए बजट लाया गया है, इस बेहतरीन बजट से हमारा छत्तीसगढ़ नए विकास के आयाम को छूते हुए पिछड़े राज्य से फिर से उन्नतशील राज्य के श्रेणी में आएगा ये इस बात से तय हो जाता है कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद पांच लाख करोड़ से 2028 तक दोगुना 10 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा गया है।

# किसी ने सिलेण्डर लिया तो कोई आवास के लिए भरा आवेदन
# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचे 8 हजार हितग्राही

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



पॉश कॉलोनी समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में लगे शिविर में महिला हितग्राहियों की संख्या अधीक थी। आमतौर पर महतारी योजना के तहत एक हजार, आवास और राशन कार्ड व सिलेण्डर के लिए आवेदन जमा करने वालों की संख्या अधिक रही। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 8 हजार से अधिक लोग पहुंचे और योजना का लाभ लेने जानकारी ली। आवेदन भी प्रस्तुत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के द्वितीय चरण में नगर पालिक निगम रिसाली के रूआबांधा और हिंद नगर तालाब के सामने शिविर लगाया गया। शिविर स्थल पर वार्ड पार्षद और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पहले केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला और भारत को विकसित बनाने संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर शिविर स्थल पर पहुंचे हितग्राहियों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर पार्षद टिकम साहू, सारिका साहू, ममता यादव, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू व निगम के अधिकारी मौजूद थे। बेहतर कार्य करने वालों का सम्मान-केन्द्र सरकार की योजनाओं का बेहतर प्रचार प्रसार करने और क्रियान्वयन करने वाली सीआरपी योजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूह की सद्स्यों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले समूह में ख्याती स्व सहायता समूह, तेजल स्व सहायता समूह, कुमकुम स्व सहायता समूह, स्व सहायता समूह, शिव शक्ति समूह, एएलएफ एकता क्षेत्रीय स्तरीय संघ, राष्ट्रीय क्षेत्रीय स्तरीय संघ, सीआरपी ललिता सिंह, बसंती साहू, रेवती तांडी, अर्पणा देशमुख, हेमीन डौंडे, रंभा पटेल, पूनम बाघ, चंद्रकांती, हेमतला सिंह, पिंकी सिंह, प्रीति साहू, निका पांडे, मिथलेश खरे, इन्द्रकला गायकवाड़ शामिल है।

**उज्जवला के तहत मिला सिलेण्डर**-शिविर में उज्जवला योजना के तहत स्वाती साहू, समिष्ठा प्रधान, इन्द्रानी बाई, आरती, सुमनराज, पुष्पराज, प्रमिला देशमुख, नेहा, संगीता व सुमित्रा यादव को सिलेण्डर प्रदान किया गया।

## आयुष्मान कार्ड बनाने कबीरधाम जिले में महाअभियान

**कबीरधाम।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त हेतु सभी ग्रामीण स्वस्थ संयोजक, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत मितानिन ट्रेनर, शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षक वा शिक्षिकाए तथा अन्य NGO वैलेंटियर को छूटे हुए हितग्रहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने, आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करने तथा योजना की जानकारी लोगों तक पहुंचाने वा इस महत्वपूर्ण योजना के प्रचार प्रसार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शहर वा ग्राम के सभी उपस्वास्थ केंद्रों वा डोर टू डोर 12 से 18 फरवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया जाएगा। कार्ड बनाने के लिए केवल आधार कार्ड और राशन कार्ड लेकर आना होगा। इससे पंजीकृत सभी अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक की इलाज मुफ्त में हो पाएगी। जिन लोगो द्वारा पूर्व में आयुष्मान कार्ड बनवाया जा चुका है ऐसे लोगो के PVC आयुष्मान कार्ड स्वास्थ केंद्रों में आचुके है वे अपना कार्ड प्राप्त कर सकते है।

# क्लब में चलाई गोली, मचाया बवाल सर मुंडवाकर पुलिस ने निकाला जुलुस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के क्लब में शनिवार देर रात गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। घटना के बाद पुलिस ने रोहित तोमर, विकास अग्रवाल समेत अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद रविवार को पुलिस ने आरोपी रोहित तोमर, विकास अग्रवाल, सारंग मन्धान और अमित तनेजा का मुंडन कर शहर की सड़कों पर जुलूस निकाला। साथ ही कोर्ट में पेशी के लिए भी उन्हें पैदल लेकर पहुंची। जुलूस निकालने का पुलिस का मुख्य उद्देश्य लोगों के मन से आरोपियों का खौफ खत्म करना है। दो युवकों के बीच गर्लफ्रेंड को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। जिसके बाद एक युवक ने दूसरे की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। तैश में आकर दूसरे युवक ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाली और गोली चला दी। इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि, दोनों के बीच में पहले गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद हुआ फिर गोली चल गई। फिर तेलीबांधा थाने की पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी गई कि, हाइपर क्लब की पार्किंग में गुढ़ियारी के रहने वाले विकास अग्रवाल और भाटागांव के रोहित तोमर के बीच विवाद हुआ है। दोनों के बीच पहले तो किसी बात को लेकर बहसबाजी शुरू हुई और इतने में गोली चल गई। इस घटना के बाद रायपुर सिटी एडिशनल एसपी लखन पटले, CSP मनोज ध्रुव और तेलीबांधा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। तेलीबांधा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफहत्या के प्रयास के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि गोलीकांड में शामिल रोहित तोमर, करणी सेना के अध्यक्ष वीरेंद्र तोमर का भाई है। इसके पहले भी रोहित तोमर अपने भाई के साथ सूदखोरी के मामले में जेल जा चुका है। इनके ऊपर लोगों को उधारी में पैसे देकर ज्यादा ब्याज वसूलने का आरोप है। पैसे नहीं देने पर ये अपने गुर्गों के साथ मिलकर पीड़ित से मारपीट करते थे। तोमर भाइयों के खिलाफ राजधानी रायपुर के अलग-अलग थानों में मामले दर्ज हैं। साल 2019 में सूदखोरी के एक मामले में कारोबारी की शिकायत के बाद से रोहित तोमर फरार हो गया था। जिसे रायपुर पुलिस ने दिल्ली में लगातार 5 दिनों तक कैंप पर गिरफ्तार किया था।

# थाना प्रभारी केसर पराग का सिंघम रूप जारी, शराब के अवैध धंधे में संलिप्त लोगों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिला में शराब जुआ, सटटा आपराधिक आचरण वाले कारोबार में संलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 10/02/24 को विशेष अभियान चलाकर ग्राम खैरा, दतान में अलग अलग टीम गठीत कर 6 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रु व 18 पाव अंगेजी शराब कीमत 2160 रू एवं देशी प्लेन शराब 22 पाव कीमत 1760 रू कुल जुमला 13.2 लीटर किमत 4200 रू को किया गया जप्त किया गया है एवं आरोपीगण 1. प्रेमलाल चेलक पिता बुल्कु चेल उम्र 52 साल साकिन दतान के विरूद्ध आबकारी अधिनियम धारा 34 ए आब0 ए0 के तहत कार्यवाही की गई एवं आरोपी भुपेन्द्र बंजारे पिता नारायण बंजारे उम्र 20 साल साकिन खैरा के विरूध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। नाम आरोपीगण - 01. प्रेमलाल चेलक पिता बुल्कु चेल उम्र 52 साल साकिन दतान थाना लवन। 02. भुपेन्द्र बंजारे पिता नारायण बंजारे उम्र 20 साल साकिन खैरा थाना लवन। अवैध शराब, जुआ के विरूद्ध प्रतिबद्ध लवन पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। उक्त कार्यवाही में सउनि डी0 एन माथुर प्रधान आरक्षक, नान्हुराम नवरंगे रामकृष्ण पटेल, विनोद बांधे एवं आर0 केशव भटट, महेश भारती, भिमेन्द्र पैकरा मुनेश्वर कोसले महिला आर0 लोकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

# पति-पत्नी लेंगे तलाक, पति देगा भरण पोषण के लिए ढाई लाख

## महिला आयोग की टीम ने करवाया आपसी राजीनामा तैयार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पति-पत्नी के एक प्रकरण में महासमुंद सखी सेंटर में महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक के निर्देश पर महिला आयोग की सदस्य डॉ अनीता रावटे और सखी सेंटर के सरंक्षण अधिकारी ने रविवार को काउंसलिंग की। इस प्रकरण में आवेदिका ने आपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में मानसिक प्रताड़ना की शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें पूर्व में आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने दोनों पक्षों को सुनकर आयोग में काउंसलिंग करवाने की सलाह दी थी। काउंसलिंग करवाने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से तलाक लेकर आगे की जीवन अलग-अलग रहने का फैसला किया था और अपनी शर्तों के आधार पर तलाक आयोग की मदद से करवाने की बात कही थी। पिछ्ली सुनवाई में आवेदिका ने एक मुश्त ढाई लाख रुपए भरण पोषण की मांग की, जिसे पति देने तैयार हो गया। पति तीन किस्तों में आवेदिका को पैसे देगा। पहला किस्त के रूप में आज 1 लाख रुपए नगद आवेदिका को अनावेदक ने आपसी सहमति की कागजात बनाने पर दिया और बाकी 75-75 हजार रुपए दो किस्त में 15 मार्च और 22 अप्रैल को न्यायलय में तलाक का आवेदन करने तथा दोनों पक्षों की गवाही पर देगा।

# 40 दिवसीय महाशिव रात्रि महोत्सव शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया कार्यक्रम का ब्रह्माकुमारी दीदियों ने किया उद्घाटन

## स्टॉप स्टैचू खेल द्वारा मन, बुद्धि को व्यर्थ से स्टॉप लगाओ

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



बेहद सृष्टि रुपी जीवन के खेल में परमात्मा सर्वोच्च कोच है जो सदा साथ भी है और सहयोग भी देता है। परमात्मा दूर देश परमधाम से पराए देश में ब्रह्मा का तन रुपी रथ का आधार लेकर अवतरित होते है। यह बाते सेक्टर 7 स्थित अंतरदिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने महाशिव रात्रि महोत्सव (शिव जयंती) शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कही। सर्वप्रथम 40 दिन (21 मार्च) तक चलने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ सर्व भिलाई सेवा केंद्रों की वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया। आशा दीदी जी ने शिव मेरा पिता मेरे लिए है आया के बारे में बताया की महाशिवरात्रि पर्व परमात्मा शिव का अवतरण दिवस है। जो सच्चे दिल से निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं उनका पुण्य का खाता जमा होता है। संतुष्ट रह संतुष्ट करने से जीवन परमात्मा दुआओं से संपन्न होता है। आपने बताया की हनुमान जी के हृदय में प्रभु श्री राम सीता का निवास था। ऐसा शुद्ध हृदय हो हमारा जिसमें स्वयं परमात्मा निवास करें। सागर में समाने की शक्ति है जो पूरे दुनिया के कचरे को अपने में समाकर हीरे मोती रत्न देता है। ज्ञान, गुण शक्तियों के सागर परमात्मा के बच्चे हैं हम, परमात्मा से राजयोग द्वारा शक्तियों को लेकर सारी दुनिया को देवता बनकर सभी शक्तियों का दान करना है।

# बृजमोहन ने समर्पण दिवस पर पं दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर राजधानी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा कार्यालय एकात्मक परिसर और मोती बाग स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान विचारक, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की और 'अंत्योदय' के दर्शन का प्रचार किया। वे एक राष्ट्रवादी थे और भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के लिए समर्पित रहे। उनके जीवन और कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। जो हमें एक बेहतर समाज बनाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का मकसद समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि, आज के समय में, जब दुनिया विभाजित हो रही है, ऐसे में दीनदयाल उपाध्याय जी की 'एकात्म मानववाद' की शिक्षा हमें एकता और भाईचारे का संदेश देती है।

# शासकीय प्राथमिक शाला खोरसी के बच्चों को बांटा गया पेन पेंसिल और कापियां

पायनियर संवाददाता ◄ पामगढ़
www.dailypioneer.com



जब शिक्षक के जन्म दिवस पर बच्चे स्वयं से शिक्षक के लिए केक, गुब्बारे, चाकलेट की तैयारियां करें तो समझ में आ जाता है कि बच्चे शिक्षक को अपने जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी मानते हैं ।10 फरवरी को शासकीय प्राथमिक शाला खोरसी के प्रधान पाठक छम्मन महंत के जन्म दिवस की पूरी तैयारियां बच्चों द्वारा किया गया एवं जन्म दिवस मनाया गया । छम्मन महंत ने बताया कि बच्चों के मन का किया जाए तो बच्चे भी शिक्षक के मन का करने लगते हैं,शिक्षक को बच्चों को समझने की जरूरत होती है, बच्चे शिक्षक से जुड़ने लगते हैं,बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार से बच्चे बिना डर के स्कूल आते हैं और बिना झिझक के शिक्षक को अपनी पूरी बात बताते हैं,कक्षा में कविता, कहानी के माध्यम से पढ़ाना आसान होता है, जिससे बच्चे शिक्षक से जुड़ते है साथ ही पढ़ाई पर भी रुचि लेते हैं, कक्षा में सीखने की गतिविधि विकसित करते हुए बच्चों को स्वयं से कविता, कहानी बनाने एवं प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि बच्चों में बोलने की कला का विकास हो सके। प्रधान पाठक छम्मन महंत द्वारा अपने जन्म दिवस की अवसर पर सभी बच्चों को पेन, पेंसिल और कापियां बॉटी गई। इस अवसर पर संकुल प्रभारी संकुल समन्यक एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## अपाक्स संगठन पामगढ़ विकासखंड कार्यकारिणी का विस्तार

**पामगढ़।** शासन से मान्यता प्राप्त संगठन अपाक्स की बैठक पामगढ़ में जिला अध्यक्ष रामशरण सिंगसार्व के निर्देशानुसार विकासखंड कार्यकारिणी के विस्तार के लिए आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें चर्चा उपरांत जिला अध्यक्ष की सहमति से विकासखंड अध्यक्ष रोशन कुमार खरे (छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन) के संविधान / उपविधि में प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए संगठन के विकासखंड उपाध्यक्ष- योगेश्वर साहू,चंद्रभान मरकाम,महामंत्री- शिवप्रसाद साहू ,सचिव- इंजीनियर दीपक देवांगन ,कोषाध्यक्ष- महेंद्र साहू संयुक्त सचिव- बाबूलाल पूर्वेण, शिव कुमार सुमन,कार्यालय मंत्री- सैयद सज्जाद अली,प्रचार सचिव- विष्णु पटेल, मीडिया प्रभारी- रमेश कैवर्थ का कार्य विस्तार हेतु नियुक्ति की घोषणा की गई बैठक में विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# गांव चलो अभियान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा द्वारा चलाये जा रहे गाँव चलो अभियान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव शामिल हुये। नगरनार मण्डल के ग्राम तुरेनार में शनिवार को देर शाम पहुँच कर ग्रामीणों के बीच बैठ कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सीधे संवाद किया व उनकी समस्यायें से रूबरू हुये। गांव चलो आभियान के तहत ग्राम के बुजुर्ग, महिलाओं, युवाओं से बातचीत कर राज्य व केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में अवगत कराया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने ग्राम देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की और गांव के चौपाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, जो सदैव जनता जनार्दन की सेवा व विकास के लिये संकल्पित है। मातृशक्तियों, माता बहनों बेटियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना आरंभ की है। जिसमें हर विवाहित महिला के बैंक खाते में प्रति माह एक हजार रुपये सीधे जमा होंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर गरीब परिवार को मिले, इस हेतु 18 लाख परिवार का लक्ष्य साध कर काम हो रहा है। किसान भाईयों, श्रमिकों, युवाओं सभी के लिये केन्द्र व राज्य की अलग अलग योजनायें संचालित हो रही है, जिसका सीधा उद्देश्य आमजन के जीवन को बेहतर बनाने व विकास से जुड़ा है। किरण देव ने कहा कि तुरेनार गाँव के संबंध में जो भी समस्यायें है, विकास कार्य होने है, उस पर यथाशीघ्र काम किया जायेगा। मंच संचालन नगरनार मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच संपत कश्यप, प्रदीप देवांगन, राधे पद्रे, महेश कश्यप, माटी पुजारी गुड्डू राम, महादेव बघेल, विद्याधर सेठिया, दयाराम कश्यप एवं रूपेश समरथ के अलावा काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, युवा मोर्चा की युवा साथी एवं काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पार्टी की सबसे सूक्ष्म इकाई बूथ समिति तक समन्वय स्थापित करके व्यापक संवाद और पारदर्शिता से काम करते हुए ऐतिहासिक मतों से जीतेंगे दुर्ग लोकसभा : राजेश मूणत

# रायपुर क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने ली लोकसभा कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव होने में कुछ दिनों का ही समय शेष है, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और जनाधार को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अपने बड़े नेताओ को मैदान में उतारने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। प्रत्येक लोकसभा के समीकरण के हिसाब से कार्ययोजना बनाई जा रही है, इसके लिए पार्टी ने 3 या 4 लोकसभा जोड़कर एक क्लस्टर बनाया है, वरिष्ठ नेताओ को क्लस्टर की जिम्मेदारी देकर पार्टी चुनाव प्रबंधन का क्रियान्वयन कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर क्लस्टर अंतर्गत आने वाले दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की लोकसभा कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक चुनाव कार्यालय में क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने ली। क्लस्टर प्रभारी विधायक राजेश मूणत ने आगामी 29 तारीख लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभाओं में कार्यालय का उदघाटन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा को जो भी निर्देश और कार्ययोजनाएं मिलेंगी, उसका पालन प्रदेश भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अक्षरशः करना है, पार्टी के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता तक सबको एकजुट होकर पार्टी की सबसे सूक्ष्म इकाई बूथ समिति तक ऐसा समन्वय स्थापित करना है कि व्यापक संवाद और पारदर्शिता बनी रहे। राजेश मूणत ने बताया कि क्लस्टर प्रभारियों का मुख्य कार्य संवाद स्थापित करना और पारदर्शिता से कार्य संपन्न कराना है, हमें जितनी भी जिम्मेदारियां शीर्ष नेतृत्व से प्राप्त होंगी उन्हे बूथ तक पहुंचाना और उन पर क्रियान्वयन करवाने की नीति पर गंभीरता से चलना है, आगामी नव-मतदाता सम्मेलन, शक्ति वंदन कार्यक्रम, गांव चलो अभियान के साथ साथ मीडिया और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए नए लोगों को अधिक से अधिक पार्टी प्रवेश का अभियान चलाना है। महिला समूहों और एनजीओ के बीच एक अलग अभियान चलाना है, गांव चलो घर घर चलो अभियान का शुभारंभ हो चुका है। उन्होंने आगे कहा जिस प्रकार कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत के फलस्वरूप भाजपा ने मात्र 5 वर्षों में ही जबरदस्त वापसी की है उसी तरह छत्तीसगढ़ की ग्यारह की ग्यारह लोकसभा सीटें नरेंद्र मोदी को उपहार में देनी है। क्लस्टर प्रभारी एवं विधायक राजेश मूणत ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर संकल्प लेते हुए दुर्ग लोकसभा की जीत का समर्पण मांगता हूं और मुझे विश्वास है कि दुर्ग में कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत दर्ज करवाएंगे। क्लसटर एवं लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि हमारे द्वारा लोकसभा स्तर पर चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जो लोकसभा चुनाव समापन तक चुनाव संबंधी हर कार्य का क्रियान्वयन करेगी, लोकसभा कोर कमेटी का भी गठन किया गया है, जिसमे सांसद, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला भाजपा अध्यक्ष महामंत्री, विधायक आदि को शामिल किया गया ताकि उन सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन भी हम सभी को लगातार प्राप्त होता रहे। राजीव अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के बाद शीघ्र ही विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति की भी बैठक होगी इसके तुरंत बाद विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालयों का भी उदघाटन किया जाएगा।

# राशनकार्ड नवीनीकरण में संगम सेवा समिति के तत्वावधान में जरुरतमंदों को किया जा रहा सहयोग




पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

समाजसेवी संस्था संगम सेवा समिति द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए सहायता समूह की स्थापना की गई है जिसके अनुसार गांव-गांव वार्डों में जाकर सहायता केंद्र लगाकर संगम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा लोगों के राशन कार्ड का नवीनीकरण निशुल्क किया जा रहा है इस विषय पर समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने बताया कि लोगों को इस विषय पर पर्याप्त जानकारी नहीं है इसलिए समिति द्वारा लोगों को जागृत कर उनके राशन कार्ड का नवीनीकरण किया जा रहा है यह कार्य हमारे समिति द्वारा 1 फरवरी से प्रारंभ किया गया था जो की लगातार हर वार्ड और गांव में निरंतर किया जा रहा है।





# इस वजह से पति से अलग हुईं एशा देओल

बीते दिन बॉलीवुड के चहीते कपल्स में से एक एशा देओल और भरत तख्तानी ने तलाक ले लिया है। पिछले काफी समय से यह कयास लगाए जा रहे थे कि एशा और उनके पति भरत का रिश्ता अच्छा नहीं चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में इस बात की पुष्टि की गई है कि एशा और भरत ने आपसी सहमति से अपनी शादी के रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया है। बताया गया है कि कपल ने तलाक लेकर स्टेटमेंट जारी कर अलग होने की अनाउंसमेंट की है। स्टेटमेंट में कहा गया है कि दोनों आपसी सहमति से अलग हो रहे हैं।

### एशा ने अपनी किताब में किए थे खुलासे

दोनों का कहना है कि उनके लिए बच्चियों की भलाई सबसे जरूरी है और रहेगी। एशा देओल ने अभी तक इस बात का खुलासा नहीं किया है कि आखिर उनके और भरत के बीच ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने तलाक का फैसला ले लिया। हालांकि, एशा ने अपनी किताब अम्मा मिया, स्टोरीज में यह बताया था कि दूसरी बेटी मिराया के जन्म के बाद वह अपने पति भरत को नजरअंदाज करने लगी थीं। एशा ने अपनी किताब में लिखा था, दूसरे बेबी के बाद कुछ समय के लिए मैंने नोटिस किया कि भरत मुझसे चिड़चिड़े हो गए थे। उन्हें लगता था कि मैं उन्हें अटेंशन नहीं दे रही हूं।

### पति भरत को इग्नोर करने लगी थीं एशा

पति का ऐसा फील करना बहुत स्वाभाविक है, क्योंकि उस समय मैं राध्या के प्ले स्कूल और मिराया को फीड करना में बिजी थी। साथ ही मैं अपनी किताब लिखने और अपनी प्रोडक्शन मीटिंग्स में भी काफी बिजी थी। इस कारण उन्हें महसूस होता था कि मैं नजरअंदाज कर रही हूं। मैंने तुरंत अपनी गलती नोटिस की। मुझे वह समय याद आया, जब भरत ने मुझसे एक नया टूथब्रश मांगा था और यह बात मेरे दिमाग से निकल गई थी, या जब उनकी शर्ट प्रेस नहीं हुई थी या जब मैंने बिना चेक किए उन्हें काम पर जाते हुए लंच बॉक्स दे दिया था। उनकी जरूरतें बहुत कम हैं, लेकिन मैं अगर उनकी देखभाल नहीं कर सकी, तो मतलब कुछ गड़बड़ है। एशा ने आगे कहा, मैंने तुरंत अपनी गलती सुधारी।



## मर्डर मुबारक में हत्या की गुत्थी सुलझाते नजर आएंगे पंकज त्रिपाठी

**पंकज त्रिपाठी ने अपने अलहदा अंदाज वाले अभिनय से दर्शकों को दीवाना बना रखा है। आज वे ओटीटी और सिनेमा के सबसे ज्यादा व्यस्त सितारों में शामिल होते हैं। हाल ही में उनकी अगली फिल्म मर्डर मुबारक का टीजर जारी हुआ है, जिसे देखने के बाद दर्शक अब इसके प्रदर्शन की राह देखने लगे हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म मर्डर मुबारक में वो एक और दिलचस्प किरदार में नजर आ रहे हैं।**

मर्डर मुबारक का फर्स्ट लुक सामने आ गया है और नेटफ्लिक्स की इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी एक मर्डर मिस्त्री सुलझाते नजर आ रहे हैं। जिस केस को पंकज सुलझाने निकले हैं, उसके सस्पेक्ट भी बहुत तगड़े हैं। मर्डर मुबारक के फर्स्ट लुक वीडियो में पंकज की आवाज में नैरेशन सुनाई देता है। वो अपने मजेदार अंदाज में फिल्म के किरदारों का परिचय करवा रहे हैं। जहां विजय वर्मा, पुरानी दिल्ली के तबाह दिल आशिक हैं, वहीं सारा अली खान साउथ दिल्ली की शहजादी। मर्डर मुबारक में करिश्मा कपूर, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा और सुहैल नय्यर भी नजर आ रहे हैं। सारे एक्टर्स फर्स्ट लुक वीडियो में अपने किरदार के हिसाब से एक अतरंगी अंदाज में दिख रहे हैं।

मर्डर मुबारक में पंकज त्रिपाठी एक कॉप के रोल में हैं जो दिल्ली में हुए एक मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले हैं। उसके सामने कई लोग हैं जो मर्डर के सस्पेक्ट हो सकते हैं। पंकज त्रिपाठी इन सभी को एक टैग दे रहे हैं। करिश्मा कपूर को सस्पेंस फिल्मों की पुरानी ड्रीम गर्ल, डिंपल कपाड़िया को सरफिरी आर्टिस्ट और संजय कपूर जो शाही खून बताया गया है। टिस्का चोपड़ा गॉसिप की तितली हैं और सुहैल नय्यर पार्टियों का मच्छर। फिल्म का प्लॉट या कहानी को इस फर्स्ट लुक वीडियो में शेयर नहीं किया गया है। नेटफ्लिक्स बस इससे फिल्म के किरदारों का एक इंट्रो दे रहा है। मर्डर मुबारक को दिनेश विजन की कंपनी ने प्रोड्यूस किया है, जो स्त्री-मिमी-लुका छुपी जैसी मजेदार कॉमेडी फिल्में ला चुके हैं। ऐसे में इस फिल्म से चटपटे अंदाज के साथ एक मर्डर मिस्ट्री के थ्रिल की उम्मीद की जा सकती है। नेटफ्लिक्स फिल्म मर्डर मिस्ट्री को होमी अदजानिया ने निर्देशित किया है। इससे पहले उनका लास्ट प्रोजेक्ट सास, बहू और फ्लेमिंगो था जो बहुत पसंद किया गया था। होमी ने कॉकटेल और फाइंडिंग फैनी जैसी फिल्में भी बनाई हैं। उनकी ये नई फिल्म मर्डर मुबारक 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## अंकिता को है मन्नारा से हारने का मलाल!

बिग बॉस 17 खत्म हो चुका है, मगर शो के कंटेस्टेंट्स अभी भी लाइमलाइट में बने हुए हैं। शो खत्म होने के बाद सबसे विक्की और अंकिता सबसे ज्यादा चर्चित कपल बन गए हैं। अंकिता अब धीरे-धीरे मीडिया से मुखातिब हो रही हैं और अपना अनुभव भी साझा कर रही हैं। हाल ही में, अंकिता ने खुलासा किया चौथे पोजिशन पर आना उनके लिए किसी शर्मिंदगी से कम नहीं था, लेकिन अभिनेत्री ने इसे पॉजिटिवली लिया है। अंकिता ने कहा कि मेरी नजर में सभी लोग लोग विनर हैं क्योंकि सभी बिग बॉस के घर में रह चुके हैं। अंकिता अब कुछ दिनों का ब्रेक लेने के मूड में भी नजर आ रही हैं।



## आदिवि शेष-स्टारर गुडाचारी 2 में नजर आएंगे इमरान हाशमी

टाइगर 3 में एक खतरनाक भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान हाशमी आगामी जासूसी एक्शन थ्रिलर गुडाचारी 2 में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा कहा जा रहा है कि इमरान हाशमी पैन-इंडिया फिल्म में आदिवि शेष के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। इमरान को समानांतर लीड के रूप में देखा जाएगा, चर्चा है कि वह इसमें नकारात्मक भूमिका नहीं निभा रहे हैं। फिल्म के निर्माता इस सहयोग को लेकर बेहद आशावादी हैं। उन्हें लगता है कि इससे फिल्म में एक राष्ट्रव्यापी अपील जुड़ जाएगी। आदिवि ने इस फिल्म के प्रीक्वल गुडाचारी में अभिनय किया। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर बनकर उभरी थी। अब, जैसे-जैसे सीक्वल सामने आ रहा है, एक प्रमुख बॉलीवुड अभिनेता और एक साउथ स्टार का सहयोग इसमें एक रोमांचक आयाम जोड़ता नजर आ रहा है। सीक्वल का लक्ष्य पहले भाग की सफलता को आगे बढ़ाना और गुडाचारी फेंचाइजी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। शशि किरण टिक्का द्वारा निर्देशित 2018 की तेलुगू फिल्म गुडाचारी में शोभिता धूलिपाला, जगपति बाबू और प्रकाश राज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



## संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर में निभाएंगे ग्रे रोल

संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल नजर आएंगे। खबरों की मानें तो फिल्म में रणबीर एक ग्रे यानी कि निगेटिव किरदार निभाते दिखेंगे। जब से संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर की अनाउंसमेंट हुई है, तब से फिल्म सुर्खियों में है। लव एंड वॉर एक एक्शन लव स्टोरी होगी, जिसमें रणबीर कपूर टेढ़ा-मेढ़ा ग्रे किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया है कि फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली के पास कुछ समय से इस तरह की फिल्म बनाने का विचार था। हालांकि उन्होंने आलिया और विक्की कौशल को फिल्म के लिए पहले से ही सोच लिया था। लेकिन सालों से वे उस चेहरे की तलाश में थे, जो अब रणबीर कपूर फिल्म में निभाते दिखाई देंगे। ये एक ऐसा रोल होगा जो फिल्म में कभी इधर तो कभी उधर, पेंडुलम की तरह डोलता नजर आएगा। लव एंड वॉर एक लव ट्राएंगल होगी, जिसके बैकग्राउंड में वॉर का भी अहम योगदान होगा। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म एनिमल में रणबीर की परफॉर्मेंस संजय लीला भंसाली को बहुत अच्छी लगी। इसलिए फिल्म मेकर ने रणबीर कपूर को इस रोल के लिए कास्ट किया है। सूत्र बताते हैं कि ये भंसाली की फिल्मों में दिखाए गए अब तक का सबसे कॉम्प्लेक्स किरदार होगा। इस रोल के लिए एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी, जो ना सिर्फ टैलेंटेड एक्टर हो, बल्कि एक सुपरस्टार भी हो। ये किरदार बहुत पावरफुल होगा।



## ट्रेलर लॉन्च पर यामी गौतम ने कंफर्म की प्रेग्नेंसी न्यूज

बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस यामी गौतम इन दिनों अपनी फिल्म आर्टिकल 370 को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिल्म के पोस्टर के साथ फिल्म रिलीज की अनाउंसमेंट की थी। वहीं, अब इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। अपनी अपकमिंग फिल्म के साथ-साथ यामी ने फैंस के साथ एक बड़ी खुशखबरी शेयर की है। यामी और आदित्य जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने आर्टिकल 370 के ट्रेलर लॉन्च में अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को कंफर्म किया है।

### यामी ने कंफर्म की प्रेग्नेंसी न्यूज

यामी गौतम और उनके पति और फिल्ममेकर आदित्य धर शादी के तीन साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यामी गौतम फिलहाल साढ़े पांच महीने से ज्यादा प्रेग्नेंट हैं। यह भी बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस को जब से अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में पता चला है, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। मई महीने में यामी अपने बेबी को जन्म दे सकती हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस अपने पति आदित्य धर के साथ एक इवेंट में पहुंची थीं। उस समय उन्होंने अपने बेबी बंप को दुपट्टे से कवर किया हुआ था। इसके बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी की खबर आ रही थी।

### ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शेयर की गुड न्यूज

वहीं, अब यामी ने खुद ही यह गुड न्यूज सभी के साथ शेयर कर दी है कि वे जल्द ही मां बनने वाली हैं। बता दें कि यामी गौतम और आदित्य धर की शादी 4 जून 2021 को हुई थी। दोनों की मुलाकात फिल्म उरी द सर्जिकल स्ट्राइक के सेट पर हुई थी। यहीं से दोनों के प्यार की शुरुआत हुई। लगभग दो सालों तक की डेटिंग के बाद दोनों ने शादी की। दोनों ने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हिमाचल में पूरे रीति-रिवाजों से शादी की थी। यामी के वर्कफ्रंट की बात करें, तो जल्द ही उनकी अपकमिंग फिल्म आर्टिकल 370 रिलीज होने वाली है।

## मुंबई में पहले मेरी अपनी फैमिली नहीं थी लेकिन अब है तो ये बड़ा बदलाव है

**कभी सिनेमा का स्टूडेंट बनकर बॉलिवुड में कदम रखने वाले जेंटलमैन सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी शेरशाह वाली परफॉर्मेंस से ढेरों अवॉर्ड बटोरे। लेकिन उनका दिल मांगे मोर, इसलिए ओटीटी पर वह लेकर आए हैं, वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स। इस सीरीज में पुलिस ऑफिसर की भूमिका के लिए चर्चा बटोर रहे सिद्धार्थ से खास बातचीत -**

**आप दिल्ली से आकर मुंबई में स्टार बन चुके हैं। दिल्ली के उस सिद्धार्थ को इस मायानगरी ने कितना बदला?**

उसने यहां बहुत कुछ सीखा है। जब आप मुंबई आकर स्ट्रगल करते हैं तो जो बचपना होता है वो निकल जाता है। जब मैं आया था तो पूरा दिल्ली का लौंडा था, जो अपनी जड़ों से बहुत जुड़ा हुआ था, जिसके नैतिक मूल्य बहुत मजबूत थे। हमारी भाषा भी अलग होती है। वहां हर घर में हिंदी बोली जाती है तो जब मैं आया था तो दिल्ली का लौंडा था पर अब मुंबई का मर्द बन गया हूं क्योंकि ये शहर बहुत कुछ सिखाता है। लोगों से डील करना, बहुत मेहनत करना। इस शहर में बिना मेहनत के आप टिक नहीं सकते हैं। वो अनुशासन, वो समर्पण इस शहर ने ही सिखाया और उसी ने आज की तारीख में मुझे सब कुछ दिया है। मेरा करियर, काम, फैंस दिल्ली के इस लौंडे को सब मुंबई में ही मिला है। मुंबई ने बहुत कुछ बदला है, बहुत प्यार दिया है।

**आप लगातार मिशन पर ही हैं। पहले शेरशाह, फिर मिशन मजनू और अब इंडियन पुलिस फोर्स, इस मिशन में क्या खास या अलग रहा? और इसे करने का अनुभव कैसा रहा?**


जी, अलग-अलग फिल्मों में अलग-अलग मिशन पर रहा हूं। ये इत्तेफाक है कि वे सारी एक साथ आ रही हैं। इस सीरीज में पहली बार पुलिस यूनिफॉर्म पहनी है। इसमें थोड़ा पार्ट रियल रखा है, लेकिन एक अल्ट्रा कमर्शल पैकेजिंग में। हमारे जो पुलिस ऑफिसर हैं, जो स्पेशल यूनिट होती है, वे आतंकियों से कैसे निबटते हैं, उनकी क्या चुनौतियां हैं, क्या प्रोटोकॉल हैं, उनकी निजी जिंदगी कैसी होती है, ये सारी चीजें पता चली। इससे पुलिस को लेकर मेरा नजरिया भी बदला। हम कई बार पुलिस ऑफिसर्स को काफी ग्रांटेड लेते हैं। कभी-कभी एक स्टीरियोटाइप इमेज पर निर्भर करते हैं कि सब ऐसे हैं या वैसे हैं पर अब मैं पुलिसवालों को उस नजर से नहीं देखता। उनके लिए एक सम्मान रहता है। अब उनके पॉइंट ऑफ व्यू से चैलेंजेज देखता हूं। मुझे लगता है कि कोई भी जो अपनी जॉब पर जान दे रहा है, उसे सम्मान देना ही चाहिए।

**आपकी जिंदगी में एक और नई भूमिका पति के रूप में जुड़ी है, उसने आपको और आपकी जिंदगी को कितना बदला है?**

अभी तो एक ही साल हुआ है इस भूमिका को निभाते हुए मगर एक बहुत ही अच्छा स्पेशल दौर है। जैसा मैंने कहा, मैं पहले दिल्ली का लौंडा था जो अब एक शादीशुदा लड़का बन गया है। उस रोल की अभी तो शुरुआत हुई है पर बहुत ही अच्छा इंट्रेस्टिंग फेज है। मेरी फैमिली दिल्ली में है। मुंबई में पहले मेरी अपनी फैमिली नहीं थी लेकिन अब है तो वो बहुत बड़ा बदलाव है।

**रोहित शेट्टी पहले से अपने कॉप यूनिवर्स में सिंघम, सिंबा, सूर्यवंशी बना चुके हैं, इन तीनों का क्रॉसओवर भी चल रहा है। आप इनमें से किसी फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगे?**

बिल्कुल, ये तो रोहित शेट्टी जी पर हैं। अभी तो यही प्लान था कि कबीर मलिक को इस यूनिवर्स में लेकर आएं। अभी आगे तो वह फिल्म बना ही रहे हैं। मुझे उनका जो आज के मौजूदा माहौल में ओल्ड स्कूल वाले हीरो की जुगलबंदी करने का स्टाइल है, वो बहुत पसंद है तो निश्चित तौर पर अगर उनको लगे कि हम किसी और विषय पर भी एक साथ आएं तो जरूर आगे काम करेंगे।



# पांडातराई और पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने किया जनसेवा ही भावना केंद्र का शुभारंभ

## जनसेवा ही भावना केंद्र जनता और हमारे बीच सीधे संवाद करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com






विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपने घोषणा पत्र भावना दीदी की गारंटी में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए विधायक कार्यालय जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की शुरुआत करने की घोषणा की थी। जनता से अपने वादे को पूरा करते हुए भावना बोहरा ने पूर्व में कुकदुर क्षेत्र में केंद्र का शुभारंभ किया इसी कड़ी में आज पंडरिया व पांडातराई में भी इस केंद्र का शुभारंभ किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों की सेवा, सुविधा एवं आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु मैनें जो संकल्प किए हैं उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध हूँ। इसी कड़ी में पंडरिया व पांडातराई में जनसेवा ही भावना,सेवा सुविधा केंद्र का उद्घाटन होने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। जन समस्याओं के त्वरित निवारण और आपके सुझाव तथा शासकीय कार्यों से संबंधित सभी समाधान इस केंद्र के माध्यम से किये जायेंगे। आमजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस केंद्र की शुरुआत की गई है, ताकि आपको अपनी समस्याओं, क्षेत्र के विकास से जुड़े विषय और किसी भी कार्य के लिए एक ही स्थान पर हर समाधान मिल सके यही हमारा लक्ष्य और प्रयास है। उन्होंने बताया कि अभी कुल 3 स्थानों कुकदुर, पंडरिया और पांडातराई में इस केंद्र की शुरुआत की जा चुकी है और जल्द ही अन्य 4 स्थानों में भी इस केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे पूरे विधानसभा के परिवारों को सुविधा होगी। जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। यह कार्यालय जनता और हमारे बीच सीधे संवाद करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यहां आकर क्षेत्रवासी किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान या प्रशासन से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन जमा करा सकेंगे। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की उन्नति के संकल्प के साथ जनसेवा की भावना से हमारे ये प्रयास जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों से चर्चा व मुलाकात के दौरान उन्हें अपनी मूलभूत समस्यों के निराकरण तथा शासकीय योजनाओं से लेकर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों के लिए जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता था। लेकिन अब इस केंद्र की स्थापना होने से उन्हें उनके घर के समीप ही इन समस्याओं के संबंध में समाधान उपलब्ध होंगे। उन्हें दूरस्थ स्थानों तक आवाजाही करने की समस्या से निजात मिलेगा और आर्थिक व मानसिक सम्बल मिलेगा। हमारा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि जनता की हर समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से हो सके और क्षेत्र का विकास भी उनके महत्वपूर्ण सुझावों से ही सार्थक होगा। यह केंद्र जनता व जनप्रतिनिधि के बीच संवाद एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान का एक प्रमुख केंद्र होगा। मैं समस्त क्षेत्रवासियों को इसके लिए बधाई देती हूं और विश्वास दिलाती हूँ कि भावना दीदी की गारंटी में जो भी संकल्प हमने किये हैं वह पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

# मांगलिक भवन से निकलने वाले कचरे से बिगड़ रहा है शहर की छवि

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दल्लीराजहरा में जलाराम बापा मंदिर के सामने जगह पर आसपास के मांगलिक भवनो में होने वाले समारोह से निकलने वाले कचरा जिसमें डिस्पोजल प्लास्टिक के गिलास कटोरी, चम्मच, और झूठे भोजन को लाकर फेंक देने से वहां पर से डिस्पोजल उड़कर इधर-उधर फैल रहे हैं साथ ही बदबू से आस पास के लोग भी परेशान हो रहे हैं। झूठा भोजन खाने के लिए मवेशी, कुत्ते और सूअर भी वहां पर आने लगे हैं जिसके कारण माहौल खराब हो रहा है। आसपास स्थित निषाद समाज भवन, गोंडवाना समाज, उत्कल समिति, जलाराम बापा मंदिर आदि में आए दिन कोई ना कोई समारोह होते रहता है। जलाराम मंदिर समिति की ओर से पार्टी के हुए प्रयोग हुए हुए डिस्पोजल आदि को फेंकने के लिए व्यवस्था तो कर ली गई है लेकिन अन्य जगहों पर व्यवस्था नहीं हो पा रही है द्य जिसके कारण डिस्पोजल और बचे हुए खाना को लाकर मंदिर परिसर के सामने एक निर्माणाधीन मंदिर के पीछे कचरा फेंक देने से आसपास सूअर और गाय का झुंड हमेशा बना रहता है जो नगर पालिका कर्मचारियों के लिए भी एक सर दर्द बन गया है। पिछले बरसात के समय यह डिस्पोजल उड़ कर नाली में फंस गया था जिसको निकालने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं बरसते पानी में खड़े होकर नगर पालिका कर्मचारियों के माध्यम से पूरा डिस्पोजल को निकाला तब पानी सुचारु रूप से नाले में बहा तब जाम खत्म हुआ। इससे बचने के लिए नगर पालिका की ओर से एक पक्का उपाय किया जाना चाहिए। जिसके तहत नगर पालिका इन सामाजिक भवनों जिसमें पार्टी आदि के लिए उपयोग में किया जा रहा है। उससे समारोह के दिन एक आवेदन लेकर उन्हें कचरा फेंकने के लिए एक वाहन निर्धारित शुल्क के साथ दें और दूसरे दिन पार्टी के बचे हुए कचरे को उसमें जमा कर गंतव्य स्थान तक पहुंचाएं। जिससे मोहल्ले में इस तरह के प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी तथा आसपास साफसुथरा नजर आएगा। यदि किसी पार्टी स्थल पर इस तरह के लापरवाही होती है तो एक जुर्माना राशि इन भवनों के संचालन कर्ताओं पर लगे ताकि अगली बार पुनः आयोजन कर्ता ऐसी गलती ना करें।

# संकुल नयाबाजार एवं पुरानाबाजार में शिक्षकों की बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संकुल नयाबाजार एवं पुरानाबाजार में शिक्षकों की बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन पुरानाबाजार संकुल मे किया गया। मुख्यअतिथि के रूप में टी आर रानाडे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सेवानिवृत्त शिक्षकों में भरत राम चुरेन्द्र, शंकर लाल रावटे, कुंती जयवन्ते, अम्बिका उइके, बलिराम पिस्दा भृत्य आदि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत माँ शारदे के तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुआ। सविता जंघेल, इंदु देवांगन, दीप्ति पांडेय, जयंत्री ठाकुर, ममता घराना, योगेंद्र नाथ देवांगन, रेणुका उइके, कोमल राव, संगीता ठाकुर, ज्योति सिंग, भोजराज साहू, धनसिंग यादव, सदानंद भुआर्य,टेमेंद्र भुआर्य, तमेंद्र साहू, पुकेश्वर देशमुख, मुकेश कोर्राम, सोनी कुरपाल, नीलम भुआर्य, विनीता भुआर्य खरे, रेखराज सार्वा,नमिता साहू, राजेश्वरी सोनगेर,साधना मानकर,गुंजा देवांगन,संगीता तिर्की, घनश्याम साहू, प्रधान सिंह कोरेटी, निषाद, रितेश मंडावी, श्याम कुमार जाटवर, ताराचंद निषाद, संकुल समन्वयक राजमल जैन एवं रोहित सोनगेर आदि ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के जीवन परिचय एवं उनके शिक्षकीय उपलब्धि के बारे में बताई बातों को सुना। टी आर रानाडे संकुल प्राचार्य ने सेवानृवित्त शिक्षकों के बारे में अपने विचार रखे। शिक्षक बच्चों को शिक्षित करें, उनको ज्ञान देवें, उनको प्रगति की ओर ले जाएं, ऐसा उनके द्वारा उद्बोधन स्वरूप कहा गया। मंच संचालन सदानंद भुआर्य द्वारा किया गया। अंत मे ममता घराना मैडम के द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन वार्ड क्रमांक 16 के आंगनबाड़ी केन्द्र में किया गया।कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा के विषय में स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने वार्ड वासियों को जानकारी दिया गया । कृमि संक्रमण से बच्चों एवं किशोर , किशोरियों में कुपोषण एवं खून की कमी होती है, जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है, संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा आ सकती है, कृमि संक्रमण से बचाव नाखून साफएवं छोटे रखें, हमेशा साफ पानी पियें, साफ पानी से सब्जी एवं फल धोयें, आस पास सफाई रखें, चप्पल, जूते पहने, शौचालय का उपयोग करें, खुले में शौच न करें, शौच के बाद हाथ साबुन से धोयें, खाना खाने से पहले हाथ साबुन से धोयें, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों में कृमि नियंत्रण के लिए कृमिनाशक गोली खिलायी गयी। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा साहू, पुष्पा सिह सहित वार्ड वासी उपस्थित थे। अभियान में शिक्षकगण, मितानिनो ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा ।

# यातायात स्टाफ ने किया यातायात जागरूकता शिविर लगाकर हेलमेट व सीट बेल्ट चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2024 को लेकर यातायात जागरूकता हेतु जिला बेमेतरा में यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत् लगातार जिले के थाना/चौकी प्रभारियों एवं यातायात स्टाफ के द्वारा यातायात जागरूकता शिविर लगाकर हेलमेट व सीट बेल्ट चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का चेकिंग किया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि उदलराम, प्रधान आरक्षक भागवत सिंह, आरक्षक रमेश चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफके द्वारा देवरबीजा बस स्टैण्ड में आमजनों को यातायात व्यवस्था सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर 9479255622 एवं समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 के संबंध में आमजन को जागरूक किया गया। तथा हेलमेंट व सीट बेल्ट का उपयोग करने वाले एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले सजग वाहन चालकों को गुलाब फुल देकर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही बिना हेलमेंट, बिना सीट बेल्ट, बिना कागजात एवं यातायात नियम तोडने वाले वाहन चालको को भी गुलाब फूल देकर यातायात नियमो का पालन करने समझाईश दी गई।

# छत्तीसगढ़ की परम्पराओं को जीवित रखना सराहनीय : योगेश तिवारी

## लोक कला महोत्सव में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम कुसमी में लोककला क्षेत्र के तीन दिनों तक अविरल लोक जस झांकी महोत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर गांव में मड़ई मेला भी आयोजित हुआ। इस आयोजन में प्रदेश भर के जस झांकी के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांव में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन, सराहनीय है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए कलाकारों ने अपनी कला की छठा बिखेरी है। इस तरह से छत्तीसगढ़ के संस्कृत को जीवित रखना जरूरी है। ताकि आज की युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को जानने व समझने का मौका मिले। वही लोगो का अपने धर्म और संस्कृति के लिए झुकाव बढ़ता है। ईस कार्यक्रम मे सरपंच संतोष साहू, समिति अध्यक्ष मोतीराम साहू, कोषाध्यक्ष पिलुराम साहू, साहू समाज अध्यक्ष अनूपकुमार साहू, मंडल, शंकर साहू, छन्नू साहू, रामखिलावन साहू, लियाकत साहू, चिंताराम साहू, नारायण साहू, नेतराम साहू, रामेश्वर साहू, परेमू साहू, कन्हैया साहू, यज्ञदत साहू, संतोष साहू, नरेंद्र साहू, ओमकार साहू, जीवन निर्मलकर, मोहित निर्मलकर, स्वतंत्र साहू, दुर्गेश साहू, चंद्रप्रकाश साहू, बीसहत साहू, किर्तिक साहू, संतोष साहू मिस्त्री, कौशल साहू, बोधन साहू, धनंजय साहू।

# रायगढ़ में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में युवा नेता कांग्रेस इंजी योगेश्वर चन्द्राकर सहित कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष और रजक कल्याण बोर्ड के सदस्य शामिल हुए

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी मणिपुर से चलकर 11 फरवरी को रायगढ़ पहुँचे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पंडरिया विधानसभा के युवा नेता कांग्रेस इंजी योगेश्वर चन्द्राकर शामिल हुए। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने रायगढ़ छत्तीसगढ़ के लोगों से कहा कि ये यात्रा देश के लोगों को न्याय दिलाने के लिए यात्रा है यह यात्रा ग़रीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े, महिलाओं और अल्पसंख्क़ियो को न्याय दिलाने के लिए की जा रही है। इस बीच राहुल गांधी ने मोदी को आड़े हाथों लेते हुए बोला की ये देश में युवाओं को उनके अधिकार मिले, पिछड़े दलितों को अधिकार मिले, आदिवासियों को उनके अधिकार मिले, महिलाओं को उनके अधिकार मिले। अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो लोगों की पीड़ा को समझते हुए उनके हिस्सेदारी और भागीदारी के लिए कम करेगी जातिगत जनगणना कराएगी ताकि उनको उनके उचित अधिकार इस देश में मिल सके। राहुल गांधी कहते है की ये देश मोहब्बत से चलेगा इस देश में हिंसा, उग्रराष्ट्रवाद के लिए जगह नही है राहुल गांधी के आने से रायगढ़ और छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी में एक अलग ही उत्साह देखने मिला। राहुल गांधी को अपने बीच पाकर रायगढ़ छत्तीसगढ़ के जनता काफ़ी ज़दा खुश नज़र आ रहे थे ऐसा लगा ही नही की छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपना पिछला चुनाव का परिणाम कैसा दिया था, सारे कांग्रेस जन मिलकर एक स्वर में राहुल गांधी से कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। राहुल गांधी को युवा नेता कांग्रेस इंज़ी योगेश्वर चन्द्राकर हाथ हिला कर अभिवादन किया इस अवसर पर कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, रजक कल्याण बोर्ड के सदस्य भुवनेश्वर निर्मल्कर और युवा कांग्रेस के वेद प्रकाश चन्द्राकर शामिल हुए।

# कलेक्टर शर्मा ने किया जिला जेल का निरीक्षण परखी व्यवस्था, बंदियों से की बातचीत



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था के अलावा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाएं, ई-कोर्ट एवं रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान शर्मा ने बंदी बैरकों में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने जेल में बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। जेल में मौजूद बंदियों से बातचीत की । उन्होंने ने कहा कि जो भी कैदी जेल से रिहा हो वे भविष्य में ऐसा कोई काम न करें कि उन्हें जेल आना पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने मौजूद डॉक्टरों से कैदियों के इलाज के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि बीमार कैदियों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही कैदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराते रहें। जिन कैदियों की उम्र अधिक हो चुकी है उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कैदियों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही दाल, सब्जी आदि की भी गुणवत्ता जांची। उन्होंने जेल अधीक्षक को कैदियों को निर्धारित मेन्यु के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने वहां विभिन्न पंजियों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जेल में कैदियों को दिए जा रहे रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। हथकरघा, सिलाई-बुनाई, कढ़ाई, कारपेंटर, लांड्री आदि कार्यों में लगे कैदियों से बातचीत की। कैदियों ने बताया कि जेल में ही रोजगार मिलने से उनका समय का सदउपयोग के साथ ही आय भी होती है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सी.एल. मार्कण्डेय, बेमेतरा एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, जेल हवलदार सहित जेल कर्मी उपस्थित थे ।

# डीएवी जांता में दयानंद सरस्वती की जयंती व पालक बालक-शिक्षक संगोष्ठी व भव्य वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सी बी एस ई एफ्फिलेटेड स्कूल डी ए वी जांता में दयानंद सरस्वती जी की जयंती व पालक-बालक-शिक्षक संगोष्ठी व भव्य वैदिक हवन यज्ञ आयोजन हुआ। विद्यार्थियों के पढ़ाई स्तर को जानने के लिए बड़ी संख्या में माता-पिता विद्यालय पहुँचे हुए थे, डी ए वी स्कूल में सी बी एस ई शिक्षा व पाठ्यक्रम को लेकर लोगों की सोच बदलने का अद्वितीय कार्य किया जा रहा है। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने बताया कि डीएव्ही स्कूल अपने सी.बी.एस.ई. शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, व अच्छी संस्कार व सी.बी.एस.ई. के प्रत्येक एक्टिविटी प्रतियोगिता व ओलम्पियाड के लिए जाना जाता है। महर्षि दयानंद सरस्वती जी के नाम से ही 138 वर्ष पहले 1 जून 1886 को दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालय प्रारंभ हुआ है।महर्षि दयानंद जी आर्य समाज के संस्थापक है।संस्था में प्रत्येक शनिवार को हवन यज्ञ व संस्कार को लेकर नैतिक शिक्षा की पढ़ाई निरंतर होते आ रहा है,साथ ही पालकों ने भी वैदिक हवन यज्ञ में शामिल हुए। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों के पढ़ाई की स्तर को जाना, साथ ही विद्यालय के हो रहे विभिन्न एक्टिविटी व उच्च स्तर के पढ़ाई को लेकर अभिभावकों में काफी उत्साह हैं।बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए किए जा रहे प्रयास पर बातचीत की। विद्यार्थियों की पढ़ाई स्तर अच्छा व बेहतर से बेहतर हो आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए हम किस तरह से छात्र को तैयारी व आगे बढ़ा सके इसके लिए स्कूल में यह मीटिंग का भव्य आयोजन किया गया था, जिसमें अभिभावकों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य जायसवाल ने जानकारी में बताया कि 24 जनवरी से रजिस्ट्रेशन व 1 फरवरी से एडमिशन प्रारंभ विद्यालय के ओर से किए हैं, भारत भर में हमारे 950 से अधिक व छत्तीसगढ़ में 96 से अधिक डी.ए. वी. संस्थान संचालित हो रही हैं, सीबीएसई राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों के लिए अलग से भव्य व आधुनिक स्मार्ट एक्टिविटी लैब (नवाचार का उद्घाटन) शिक्षा सत्र 24-25 के साथ प्रारंभ भी विद्यालय में हो रहें हैं, साथ ही डी.ए.वी स्पोर्ट्स में भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त भी मिल गया। डी ए वी एशिया महाद्वीप का सबसे बड़े ग़ैर शैक्षणिक व वैदिक शिक्षण संस्थान हैं। पालक-बालक-शिक्षक आपस में मिलकर ही छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की गणना कर सकतें हैं। छात्रों के प्रति मेहनत करने व आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय के शिक्षक प्रयासरत व सदैव तत्पर हैं।

## सुशीला बाई टेंभेकर का निधन



**कुम्हारी** । दिगंबर टेंभेकर की धर्मपत्नी बौद्ध उपासिका सुशीला बाई टेंभेकर, (67 वर्ष) का 11 फरवरी (रविवार) शाम 4 बजे निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी।उनकी अन्तिम यात्रा आज सुबह 10 बजे निवास स्थान शिव नगर, वार्ड क्र. 09, कुम्हारी से निकलेगी।

# विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाने लोगों को जागरूक कर रही कुम्हारी नगर पालिका की टीम

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, पी एम स्वनिधि योजना तथा पी एम विश्वकर्मा योजना का फार्म भरने लोगों को जागरूक कर रही है । पालिका द्वारा लाऊड स्पीकर के माध्यम से नगर के प्रत्येक वार्ड में प्रचार प्रसार किया जा रहा है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि पी एम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत परंपरागत रूप से कार्य कर रहे नाई, धोबी, बढ़ई , नाव बनाने वाला, सुनार, राजमिस्त्री, वस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, मरम्मत करने वाला, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला, पत्थर तोड़नेवाला, कुम्हार, मोची, जूता कारीगर, टोकरी चटाई झाड़ू निर्माता, बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता, माला निर्माता, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण मिलेगा । इसमें हितग्राही को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से छात्रवृत्ति शासन की ओर से प्रदान किया जायेगा तथा टूल किट भी प्रदान किया जायेगा। जिन लोगों को व्यवसाय हेतु ऋृण की आवश्यकता है, वे 1,00,000 रुपये तक का ऋृण हेतु आवेदन भी कर सकते हैं। अतः इच्छुक व्यक्ति निकटवर्ती च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। नगर पालिका कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने बताया कि पी एम स्वनिधि योजना अंतर्गत पालिका की ओर से सैकड़ों लोगों को ऋृण का लाभ मिल चुका है । उन्होंने नगर के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठायें । मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह ने बताया कि पी एम विश्वकर्मा योजना के लिए हितग्राही को चॉइस सेंटर के माध्यम से आन-लाइन फार्म भरना होगा। इच्छुक व्यक्ति आधार कार्ड, आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर, राशन कार्ड तथा बैंक पास बुक आदि लेकर किसी भी चॉइस सेंटर के माध्यम से आन-लाइन फार्म भर सकते हैं ।

# लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया प्रभारी राजेश मूणत एवं गौरीशंकर अग्रवाल ने

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद उत्साहित भाजपा ने मई 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी है, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार इस बार 400 सीटों के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी सभी राज्यों में प्रत्येक लोकसभा सीटों को गंभीरता से लेते हुए तैयारीयो में जुटी हुई है, इसी श्रृंखला में 10 फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश की अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित एकमात्र सीट जांजगीर चांपा लोकसभा के नए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रायपुर पश्चिम विधायक, क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, लोकसभा प्रभारी गौरीशकंर अग्रवाल, लोकसभा सह प्रभारी गुरूपाल सिंह भल्ला, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, लोकसभा संयोजक कृष्णकांत चन्द्रा, लोकसभा सह संयोजक डॉ. खिलावन साहू एवं डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, सांसद गुहाराम अजगले, संभागीय प्रभारी अनुराग सिंह देव, जिला प्रभारी जांजगीर चाम्पा गिरधर गुप्ता, जिला प्रभारी बालौद बाजार मोतीराम चन्द्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, जिला सह प्रभारी जांजगीर चाम्पा अशोक चावलानी, जिला अध्यक्ष जांजगीर चाम्पा गुलाब सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष बालोद बाजार, डॉ.सनम जांगड़े, सुभाष जालान, पुरूषोत्तम शर्मा, यशवंत साहू, टिकेश्वर गबेल, श्यामबाई साहू, कमलादेवी पाटले, सौरभ सिंह, संयोगिता सिंह जुदेव, संतोष लहरे, धनीराम धिवर, लीलाधर सुल्तानिया, डॉ. अजय राव, अंबेश जांगड़े उपस्थित रहे,चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें 400 सीटों के लक्ष्य को पार करना है, एवं सभी कार्यकर्ता पोलिंग बूथ पर मजबूती के साथ काम करें, वहीं लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन को लेकर आयोजित बैठक में भारी संख्या में पूरे लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे,तथा लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक भी संपन्न हुई जिसमें विधानसभा वार अलग-अलग चर्चाओं के माध्यम से पार्टी के प्रमुख पदाधिकारीयो को जिम्मेदारीया दी गई हैं, अब भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को लेकर भी जोर आजमाइश तेज हो गई है एवं वर्तमान में इस लोकसभा क्षेत्र में गुहाराम अजगले सांसद हैं तथा जन चर्चा के अनुसार भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व पूरे प्रदेश में 11 लोकसभा सीटों पर 2019 के चुनाव की तरह अपने प्रत्याशी बदलना चाह रहा है, ऐसा माना जा रहा है इसलिए लिहाज से जांजगीर चांपा लोकसभा के चुनाव में किसे भाजपा अपना प्रत्याशी बनाएगी यह तो आने वाला ही समय बताएगा किंतु भारतीय जनता पार्टी के अंदर अनुसूचित जाति वर्ग से प्रतिनिधित्व करने वाले नेता इन दोनों सक्रिय रूप से भाजपा के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता करते हुए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

# शहर में अब नहीं चलेगी प्रमुख मार्गो पर बेतरतीब पार्किंग एवं आवागमन की अव्यवस्था

### एसपी के निर्देश पर टीआई, नगर पालिका सीएमओ, पीडब्ल्युडी एसडीओ ने की पहल




पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

नवगठित शक्ति जिले की द्वितीय पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा ने सक्ति टाउन की पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, इसके लिए सक्ति पुलिस और नगर पालिका ने संयुक्त रूप से चौपाटी रोड और हटरी के मुख्य मार्ग पर दुकानों का सर्वे और चेकिंग की। मुख्य पालिका अधिकारी संजय सिंह और नगर निरीक्षक विवेक शर्मा ने निगम और पुलिस का संयुक्त दल लेकर मार्ग को अवरूद्ध कर सामान रखने वाली दुकानों, अवैध ठेलो, जो मुख्य मार्ग पर लगाए गए हैं, और अपनी दुकानों के बोर्ड या शेड निकालकर यातायात बाधित करने वाले सभी को चेतावनी दी गई की वे इन सब चीजों को व्यवस्थित कर लें, ताकि आम जनों को चलने में परेशानी न हो, और यातायात बाधित न हो अनूठा उनके सामानों को निगम के द्वारा जप्त किया जाएगा, और ऐसे निर्माण जो यातायात में बाधा बन रहें को तोड़ा जाएगा। इसी तरह होटल और दुकानों, जिनके सामने वाहनों के खड़े होने से ट्रैफिक जाम लगता है, उन्हे भी हिदायत दी गई की वे अपनी पार्किंग व्यवस्था ठीक करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कारवाई की जाएगी, सक्ति शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा की इस पहल का आम जनों ने स्वागत किया है, और सहयोग का वादा भी किया।ये अभियान सतत जारी रहेगा, और यातायात बाधित करने वालो पर कारवाई भी की जाएगी, ऐसा मुख्य पालिका अधिकारी संजय सिंह ने बताया। इस अभियान के दौरान लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी राकेश दिवेदी भी साथ रहे, ज्ञात हो की जिले की एसपी के पदभार ग्रहण करने के बाद एक पत्रकार वार्ता में मीडिया के साथियों ने भी शक्ति शहर में आए दिन बाधित होने वाली यातायात व्यवस्था के संबंध व्यवस्था को लेकर शिकायत की थी, जिस पर एसपी अंकिता शर्मा ने इस व्यवस्था को सुधारने का आश्वासन दिया था।

# शक्ति वंदन अभियान के तहत हुआ महिला स्व सहायता समूहों का सम्मेलन

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्ट्रेट सक्ति के सभाकक्ष में संकुल संगठन का ज़िला स्तरीय उन्मुखीकरण/ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश सिंह यादव, ललित साहू, तुलेश जायसवाल, नारायण राठौर, परसन राठौर, पीडी, जेपी, एडीएम मौजूद थे,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश सिंह यादव का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल बी पी भारद्वाज ने गुलदस्ता से स्वागत किया,कोषाध्यक्ष यादव ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखपति दीदी योजना से देश में लाखों दीदी लखपति बनेंगी, केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए महिला एवं स्व-सहायता समूह सशक्तिकरण, शक्ति वंदन अभियान के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एनआरएलएम अंतर्गत कार्यरत विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विभाग से आए हुए अधिकारी कर्मचारी के उपस्थित थे। में संकुल संगठन का संचालन व प्रोत्साहन कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया, साथ ही संगठन संचालन के संबंध में एस ओ पी पर चर्चा, मातृत्व वंदना योजना, घर पहुँच पेंशन अभियान, लखपति दीदी आदि विषयों पर बेहतर कार्य किए जाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। जनपद पंचायत के साथियों, संकुल पदाधिकारियों, सदस्यों व पी आरपीएस कार्यक्रम में मुख्य अतिथिय एवं ललित साहू, सरपंच तुलेश जायसवाल, नारायण राठौर,परसन राठौर आदि मौजूद रहे।

# एसईसीएल उपभोक्ताओं को कोयले के तेज और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन की सुविधा प्रदान करने प्रतिबद्ध : मुकेश चौधरी

### योजना पर कार्य किया जा रहा तेजी से

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट कोल इंडिया के निदेशक (विपणन) मुकेश चौधरी ने कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा क्षेत्रों का दौरा कर उनकी कोयला खनन और प्रेषण गतिविधियों का निरीक्षण किया। गेवरा में मुकेश चौधरी ने निर्माणाधीन फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य एसईसीएल उपभोक्ताओं को कोयले के तेज और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन की सुविधा प्रदान करना है। जिसे लिये वह प्रतिबद्ध हैं। कोल इंडिया ने विशेष रूप से वित्त वर्ष 2028-29 तक 61 एफएमसी परियोजनाओं को चालू करने की योजना बनाई गयी है। ये परियोजनाएं पारंपरिक सड़क परिवहन की जगह सामूहिक रूप से 939.5 मिलियन टन कोयले की मशीनीकृत लोडिंग को सक्षम बनाएंगी। इस अवसर पर एस.के. मोहंती, महाप्रबंधक, गेवरा क्षेत्र, संजय मिश्रा, महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र, सी.बी. सिंह, जीएम (विपणन एवं बिक्री), और एसईसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मुकेश चौधरी के दौरे के दौरान उनके साथ थे।

# जैजैपुर पुलिस ने की आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति जिले में पुलिस कप्तान के रूप में भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी अंकिता शर्मा के पदभार ग्रहण करते ही जिले के सभी थाना क्षेत्र में नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है, इसी श्रृंखला में थाना जैजैपुर पुलिस की कार्यवाही हुई है,पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह द्वारा अवैध शराब परिवहन, संग्रहण एवं बिक्री करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश के परिपालन में थाना जैजैपुर पुलिस द्वारा 10-02-2024 को मुखबीर सूचना पर ग्राम ओडेकेरा में आरोपी हरीचंद भारद्वाज पिता बुडगा भारद्वाज उम्र 50 साल साकिन वार्ड नंबर 12 ओडेकेरा थाना जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु पाये जाने से आरोपी के कब्जे से एक पीले रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर एक पीले रंग की पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में भरा पांच लीटर कच्ची महुआ शराब तथा एक पीले रंग के पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में भरा तीन लीटर कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 08 लीटर शराब कीमती 800 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है, आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2)आबकारी एक्ट का पाये जाने से थाना जैजैपुर में अपराध क्रमांक 25/2024 धारा 34 (2) आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# ग्रामीण इलाकों में अवैध महुआ शराब बिक्री करते आरोपी चढ़ा बाराद्वार पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



07 लीटर कचची महुआ शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार किया गया है, मामला थाना बाराद्वार, जिला सक्ती (छग) के अपराध क्रमांक 32/24 धारा 34(2) आब. एक्ट का है, जिसमे आरोपी चुनित राम कुर्रे पिता रामप्यारे कुर्रे उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड क्रं 3 दर्राभाठा थाना बाराद्वार बाराद्वार, जिला सक्ती (छ.ग.) है, आरोपी से जप्ती - 07 लीटर कच्ची महंआ शराब कीमती 700 रूपये की है, घटना का विवरण नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा द्वारा समीक्षा मिटिंग के दौरान जिले के सभी थाना प्रभारियो को अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले शराब कोचियों पर अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक कार्यवाही करने की निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता सक्ती के मार्गदशन पर टीम बनाकर जुर्म जरायम पतासाजी एव माइनर एक्ट कार्यवाही हेतु देहात रवाना हुये थे कि मुखबीर के सुचना मिला की ग्राम दर्राभाठा में चिंताराम कुर्रे के खेत के पास चारपारा मोहल्ला दर्राभाठा में चुनित राम कुर्रे नाम का व्यक्ति बिक्री के लिए अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखा हुआ है कि सूचना पर गवाह एवं हमराह स्टाप के साथ घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जहां पर एक व्यक्ति अवैध रूप से जरिकेनों में कच्ची महुआ शराब रखा हुआ मिला जिससे नाम पता पुछने पर अपना नाम चुनित राम कुर्रे पिता रामप्यारे कुर्रे उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड क्रं 3 दर्राभाठा थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) का होना बताया जिसके कब्जे से 05 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की 02 नग जरिकेन जिसके एक जरिकेन में 5 लीटर एवं एक जरीकेन मे 02 लीटर कुल 7 लीटर कच्ची हाथ भटठी महुआ शराब भरी हुई किमती 700 रूपये का मिला जिसे आबकारी एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही कर गवाहों के समक्ष के आरोपी चुनित राम कुर्रे के कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया।

# पद्मश्री अनुज शर्मा ने बांधे रखा दर्शकों को जाज्वलयदेव लोक महोत्सव में दी प्रस्तुति

- 200 स्कूली बच्चों व 100 से ज्यादा स्थानीय कलाकारों ने दी प्रस्तुति, सुआ, कर्मा, भरथरी, हनुमान चालीसा पर नृत्य ने मोहा दर्शको को, जाज्वलयदेव लोककला महोत्सव में किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com




जाज्वलयदेव लोक कला महोत्सव के पहले दिन स्कूली छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियों सहित स्थानीय कलाकारों ने खूब रंग जमाया। छत्तीसगढ़ी बारहमासी, सुआ, कर्मा, राउत, नाच, डंडा नाच, पंथी, भरथरी की प्रस्तुतियां हुई। जिसमे शा हाईस्कूल सुकली, जेपी पब्लिक स्कूल पेंड्री, जनपद प्रा शा जर्वे, कु. प्रत्यक्षा सिंह डीपीएस, रेम्बो पब्लिक स्कूल चाम्पा, प्री मेट्रिक कन्या अजा, अजजा छात्रावास, पोस्ट मेट्रिक कन्या अजा, अजजा छात्रावास, आर के आर स्कूल, डीपी केशरवानी स्कूल, यज्ञशाला सरस्वती शिशु मंदिर, शा कन्या उ मा वि जांजगीर, सेजस क्रमांक 1, शा उ मा वि सरखों, जाज्वलयदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर व पीमश्री केंद्रीय विद्यालय जांजगीर, केजीबी बरगांव, पहरिया के 200 छात्र छात्राओं ने प्रस्तुति दी। स्थानीय कलाकारों में अभिज्ञा बरेठ, खुशी पोर्ट, वृष्टि टंडन, कुकदा ग्राम के युवाओं द्वारा डंडा नाच, तनिष्क वर्मा द्वारा गीत व फ्लेम डांस स्टूडियो द्वारा रामायण महाकाव्य एवं मोर मयारू रानी सांस्कृतिक संस्था कापन द्वारा भरथरी गायन किया गया। जाज्वलयदेव लोक कला महोत्सव की पहली शाम छालीवुड सुपरस्टार पद्मश्री अनुज शर्मा के नाम रही। उन्होंने जब राम सिया राम सिया राम जय जय राम गया तो दर्शक झूम उठे। अपने चिर परिचित अंदाज से उन्होंने मंगल भवन अमंगल हारी दरहु सो दशरथ अजिर बिहारी गीत से शुरुआत की। दर्शको ने उनके गाये एवं उन पर फिल्माए छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों का खूब लुत्फ उठाया।

# आकांक्षी जिला कोरबा में बुनियादी सुविधाओं को तरसते आंगनबाड़ी, 80 फीसदी केंद्र अंधेरे में

- **34 फीसदी भवनविहीन, 36 फीसदी शौचालय विहीन, 38 फीसदी में नहीं है पानी, क्या साय सरकार में बदलेगी तस्वीर ! देखें हैरान करने वाले आकंड़े**

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



अकांक्षी जिला कोरबा में बच्चों की प्रथम पाठशाला कहे जानी वाली आंगनबाड़ी केंद्र बुनियादी सुविधाओं की मोहताज है। जी हां महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र बिजली, पेयजल, शौचालय सहित स्वयं के भवन की कमी से जूझ रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के बाद अब इन आंगनबाड़ी केंद्रों को न केवल विभागीय मद वरन जिला खनिज संस्थान न्यास में उपलब्ध करोड़ों रुपए के उपलब्ध फंड से संवरने के आसार हैं। जिले में कुल 2599 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें 2291 आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों के एवं 308 आंगनबाड़ी केंद्र शहरी क्षेत्रों के हैं। कुल संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में 2343 आंगनबाड़ी एवं 256 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र हैं। बात करें आँगनबाड़ी के केंद्रों की मुख्य आधारभूत संरचना आंगनबाड़ी भवन की तो जिले में 1810 आंगनबाड़ी केंद्र (65 .83 फीसदी) ही स्वयं के शासकीय भवन में संचालित हैं। जबकि 888 (34 .16 फीसदी) केंद्र स्कूल भवन, पंचायत भवन, समुदायिक भवन, किराए के भवन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के घरों (किराए )में संचालित हैं।

इनमें 139 केंद्र ( ग्रामीण क्षेत्र के 134 शहरी क्षेत्र के 5 केंद्र)5.34 फीसदी केंद्र स्कूल भवन में संचालित हैं। पंचायत भवन में ग्रामीण क्षेत्र के 25 (0.96 फीसदी) केंद्र संचालित हो रहे। बात करें सामुदायिक भवन की तो यहां भी 87 (3.34 फीसदी) केंद्र संचालित हो रहे इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 74 एवं शहरी क्षेत्र के 13 केंद्र शामिल हैं। केंद्रों के संचालन के लिए भवन किराए तक में लेना पड़ रहा, इनमें 303 (11.65 फीसदी) किराए के भवन में संचालित हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों के 151 अर्द्ध पक्का,88 पक्के भवन तो शहरी क्षेत्रों के 17 पक्के मकान शामिल हैं। सबसे ज्यादा किराए के भवन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के घरों में संचालित हैं। जिले में कुल 334 केंद्र (12.85 फीसदी) कार्यकर्ता सहायिकाओं के घरों में संचालित हो रहे, इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 164 अर्द्ध पक्का एवं 153 केंद्र पक्के मकान हैं तो वहीं शहरी क्षेत्र के 17 मकान शामिल हैं। जिसके लिए एक बड़ी राशि प्रतिवर्ष किराए के रूप में शासन को अदायगी करना पड़ रहा। 81 फीसदी केंद्र अंधेरे में, 494 केंद्र ही हो सके विद्युतीकृत, 2105 अविद्युतीकृत केंद्रों में बंट गए करोड़ों रुपए के एलईडी आकांक्षी जिला कोरबा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सबसे निराशाजनक स्थिति विद्युतीकरण की है।

### प्रथम अध्यक्ष बनाए गए हरिओम अग्रवाल, सचिव बने राकेश अग्रवाल

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की नवीन शाखा का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com






भारत देश में 90 साल पुराने मारवाड़ी समाज के संगठन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की नवीन शक्ति शाखा का गठन स्टेशन रोड स्थित होटल गिरिराज रैन बसेरा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया, इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के उत्कल प्रादेशिक सम्मेलन के वरिष्ठ पदाधिकारी गोविंद अग्रवाल बृजराजनगर उड़ीसा, राष्ट्रीय महामंत्री सीए कैलाशपति तोदी कोलकाता, राष्ट्रीय पदाधिकारी संजय हरलालका कोलकाता, प्रादेशिक अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया रायपुर,प्रादेशिक महामंत्री अमर बंसल रायपुर, प्रादेशिक कोषाध्यक्ष सुरेश चौधरी रायपुर, एवं सुशील बंसल डिंपल खरसिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे,कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं आगंतुक पदाधिकारीयो के स्वागत के साथ हुआ, तत्पश्चात कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए हरिओम अग्रवाल ने आगंतुक पदाधिकारीयो का शक्ति शहर में अभिनंदन किया,साथ ही संगठन के बारे में जानकारी दी, बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया एवं महामंत्री अमर बंसल ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन दशकों पुराना संगठन है,एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी 8 फरवरी को रायपुर शाखा की स्थापना के साथ ही 10 एवं 11 फरवरी को विभिन्न शाखाओ का गठन किया जाना है, तथा इस संगठन के माध्यम से मारवाड़ी समाज के विकास के एवं समाज के बच्चों के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, बैठक को संबोधित करते हुए उत्कल प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के वरिष्ठ गोविंद अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी संजय हरलालका ने कहा कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा मारवाड़ी समाज के उच्च शिक्षा की ओर जाने वाले बच्चों के लिए अनुदान की योजना चलाई जा रही है, एवं समाज के जरूरतमंदों को जहां रोजगार के लिए भी सहायता दी जा रही है, तो वहीं देश के विभिन्न स्थानों पर भवनो का भी निर्माण कर समय-समय पर लोगों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सके इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने कहा कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का छत्तीसगढ़ प्रदेश, उड़ीसा सहित साउथ में भी अधिक से अधिक विस्तार करने हेतु कार्य योजना बनाई गई है, एवं शक्ति शाखा का भी आज गठन किया जा रहा है,बैठक को प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश चौधरी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस संगठन का विस्तार किया जाना है, बैठक के दौरान शक्ति शाखा के गठन की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम अध्यक्ष के रूप में हरिओम अग्रवाल एवं महामंत्री के रूप में राकेश अग्रवाल को पदाधिकारीयो द्वारा पिन लगाकर एवं माला पहनकर स्वागत किया गया, साथ ही शक्ति शाखा की ओर से 25 नए आजीवन सदस्य के फॉर्म सहित सदस्यता शुल्क भी प्रेषित किया गया एवं आगंतुक पदाधिकारीयो ने बताया कि अभी ?1500 रुपये के आजीवन सदस्यता शुल्क पर सदस्य बनाए जा रहे हैं, तथा मारवाड़ी समाज के बंधु अधिक से अधिक इसके सदस्य बन सकते हैं, बैठक के दौरान आगंतुक पदाधिकारीयो ने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी समाज संबंधी योजनाओं की भी जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने तथा समाज बंधुओ तक इसकी जानकारी देने की भी बात कही,वही नव नियुक्त अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल एवं महामंत्री राकेश अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही सभी सदस्यों से सलाह लेकर शक्ति शाखा की प्रथम कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# किरारी के सरकारी स्कूल में प्री-बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी खरे ने



**सक्ति।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरारी बाराद्वार में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं जिला शिक्षा अधिकारी बी. एल. खरे का आगमन हुआ, दोनों अधिकारीयों के द्वारा शाला में संचालित दसवीं तथा 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के द्वारा एक-एक बच्चों की परीक्षा कॉपी का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात कलेक्टर मैडम ने बच्चों को प्रोत्साहन देते हुए वार्षिक परीक्षा में अधिकतम अंक लाने की बात कही, जिसमें बच्चों के द्वारा 90 % तक अंक लाने की बात कही गई, उसके बाद कलेक्टर ने विद्यालय में जो बच्चे पिछले वर्ष अपनी कक्षा में टॉप किए थे उन बच्चों को कक्षा दसवीं में अध्यनरत धनेश्वरी साहू एवं कक्षा 12वीं में अध्यनरत कुमारी प्रीति राठौड़ और वेशभूषण को अपने हाथ से पुरुषकृत किया।

# मेकाहारा में सफाई सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को परखने पीएचई पीडब्ल्यूडी सहित नगर निगम कमिश्नर के नेतृत्व में पहुंची टीम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालयों में शुमार मेकाहारा हॉस्पिटल के परिसर में सफाई, सुरक्षा व अन्य बुनियादी सेवाओं की समीक्षा करने कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में अस्पताल की डीन तृप्ति नागरिया के साथ नगर निगम, पीएचई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण भ्रमण किया। इस दौरान आउट सोर्सिंग एजेंसी को कहा गया है कि नगर निगम के साथ मिलकर साफ सफाई व्यवस्था व पुलिस के साथ समन्वय कर लोक सुरक्षा के प्रबंध सुदृढ़ किए जाए। ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. सिंह ने इन विभागों के आला अधिकारियों की बैठक लेकर मेकाहारा में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उनके निर्देश पर निगम



आयुक्त मिश्रा सहित अधिकारियों के दल ने परिसर का निरीक्षण किया। उपलब्ध स्वच्छता अमले की भी जानकारी ली गई है तथा नगर निगम जोन कमिश्नर आर.के. डोंगरे को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत कर्मचारियों की संख्या का भौतिक सत्यापन के साथ ही संपूर्ण सफाई कार्यों का रिव्यू करें। निरीक्षण के दौरान मेकाहारा के पीछे बनीं नाली का निरीक्षण टीम ने किया है एवं जर्जर भवन को तत्काल तोड़ने की कार्यवाही के लिए मेकाहारा प्रबंधन को कहा गया है, जिससे कि नाला निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जा सकें। परिसर के बाहर मुख्य नाले का लेवल चेक भी जोन द्वारा किया जा रहा है, चोक की दशा में नाले की सफाई के लिए अमले लगाए जाएंगे। इसी तरह सीवर सिस्टम कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 12 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार कर डीन, मेकाहारा को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति उपरांत लोनिवि द्वारा उक्त कार्य शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत नाली निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है, जो कि लोनिवि द्वारा ही निष्पादित किया जाएगा। परिसर के भीतर सीवरेज टैंक भरे होने की जानकारी अस्पताल प्रबंधन द्वारा आज दी गई है, जिसमें से एक टैंक सूखा एवं एक भरा है। चूंकि मैनुअल सफाई संभव नहीं है, अतः मशीन प्रेशर से साफ करने नगर निगम द्वारा वाहन भेजे जाने की जानकारी प्रबंधन को दी गई है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों के उपयोग हेतु निर्धारित वॉशरूम में भी टाईल्स, नल आदि टूटे पाए गए, हॉस्पिटल प्रबंधन को इसे शीघ्र सुधार कराने हेतु निर्देश दिए गए। मरीजों की सुविधा हेतु अस्पताल प्रबंधन को ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था एवं मरीजों व उनके परिजनों की सुविधा हेतु संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे उनको इधर-उधर भटकना न पड़ें। मुख्य मार्ग पर खाद्य सामग्री विक्रेताओं को भी स्वनिधि योजना से जोड़कर उनके लघु व्यवसाय को सुव्यवस्थित करने व कचरा मुक्त रखने की कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## विजय कृष्ण पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक ने संभाला एनटीपीसी सीपत स्टेशन का कार्यभार



पायनियर संवाददाता < सीपत
www.dailypioneer.com

विजय कृष्ण पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक ने 10 फरवरी 2024 को एनटीपीसी सीपत का कार्यभार परियोजना प्रमुख के रूप में संभाला। सीपत स्टेशन का कार्यभार लेने से पहले वे एनटीपीसी कुडगी में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे, बीआईटी सिंद्री से 1987 मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद, उन्होंने वर्ष 1988 एनटीपीसी के साथ कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप में अपनी यात्रा प्रारंभ की। उनके 36 वर्षों के सेवाकाल के दौरान, विजय कृष्ण पाण्डेय ने बदरपुर, एनएसपीसीएल- राउरकेला, एनएसपीसीएल-दुर्गापुर, कांटी, तालचर थर्मल और कुड़गी जैसे विभिन्न एनटीपीसी परियोजनाओं/ स्टेशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पास प्रचालन तथा अनुरक्षण आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव है। विजय कृष्ण पांडेय, का व्यक्तित्व बहुत ही सरल व सहज है तथा इनके मार्गदर्शन में एनटीपीसी ने कई उपलब्धियां हासिल की है। उनके विशाल अनुभव की बहुमूल्यता से अपेक्षित है कि एनटीपीसी सीपत और निकटवर्ती गांवों के लोग लाभान्वित होंगे, जिससे एनटीपीसी सीपत स्टेशन नई ऊंचाइयाँ हांसिल करेगा।

## प्रगतिशील यादव महासंघ का पंच प्रण



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बसंत पंचमी के पावन दिवस पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ को छ.ग. शासन द्वारा सेवा कार्यों संबंधित दायित्वों के निर्वहन हेतु आबंटित भूखंड पर बाउंड्री और भवन निर्माण के भूमि पूजन और सरस्वती पूजन की तैयारी निमित्त, रविवार 11 फरवरी 2024 को ग्राम जोरा के शीतला मंदिर में सर्व यादव समाज के गणमान्य यादवेश यथा डॉ रुपेश यादव, अवध यादव, कैलाश यादव, बहादुर यादव, अखिलेश यादव, कला यादव, कमलेश यादव, वरुणेंद्र यादव, गणेश यादव, राजेंद्र यादव आदि की उपस्थिति में संपन्न सामाजिक बैठक में सभी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्राम जोरा, लाभांडी, पिरदा, छेरीखेड़ी, धरमपुरा के यादवों के स्वयं का सांस्कृतिक और सामुदायिक भवन होने की लंबित और बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि मीटिंग के प्रारंभ में सभी यदुवंशियों ने पंचप्रण लेते हुए यह वचन लिया कि अभिवादन में सभी यादव एक दूसरे को जय श्री कृष्णा कहेंगे। सभी शाखा के यादव आपस में रोटी बेटी का संबंध रखेंगे। तीसरा, आपसी गोत्र/वर्ग भेद को भूल सभी यदुवंशियों में श्रीकृष्ण भगवान का रूप देखेंगे। चौथा संकल्प, अपने प्रतिष्ठान का नाम श्री कृष्णजी के 108 नामों में से किसी एक पर रखेंगे तथा पांचवा प्रण, जरूरतमंदों यादवों की यथासंभव आर्थिक मदद करेंगे। इस अवसर पर मीटिंग में उपस्थित शोभा यादव, जितेंद्र बहादुर यादव, रविंद्र सिंह यादव, अशोक यादव, राजेश यादव, शशिकांत यादव, राहुल यादव आदि ने यादव संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी ग्रामवासियों को भूमि पूजन में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

## महाराष्ट्र मंडल के हनुमान चालीसा पाठ अभियान में बढ़ रहे श्रद्धालु



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र का हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ का अभियान निरंतर जारी है। बड़ी विशेषता यह है कि इस अभियान में श्रद्धालुओं की उपस्थित लगातार बढ़ते जा रही है। बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले के नेतृत्व में 16 बार राम रक्षा स्त्रोत और 14 बार हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस अवसर पर हेमा पराड़कर, गायकवाड़, घाडगे, केलकर, साधना गायकवाड़, अपर्णा मोघे, अर्चना मोघे, सविता साठे, सविता मोघे, हिमाद्री नायक, सीमा नायक, रोशनी पटेल, लिलीमा मंडल, पायल साहू, योगिता नाग सहित कई श्रद्धालुगण उपस्थित थे। महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र की महिलाएं हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत पाठ और हनुमान चालीसा पाठ करने के लिए एकत्रित हुईं।

## कलेक्टर ने किया मेला स्थल पहुंचकर मेला ग्राउंड के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने राजिम कुम्भ कल्प के आयोजन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मेला स्थल में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने मेला के विकास के लिए जारी कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रगतिरत कार्यो का अवलोकन कर निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम राजिम धनंजय नेताम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राजिम कुम्भ कल्प मेला का आयोजन 24 फरवरी से 08 मार्च 2024 तक प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कुम्भ मेला स्थल नदी में मेला अवधि के दौरान जल स्तर को पूर्ण व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने, गंगा आरती के लिए कुम्भ का निर्माण करने, कुम्भ स्नान से पहले पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचाने, लक्ष्मण झुला के पास में सुरक्षा की दृष्टि से कन्ट्रोल रूम बनाने, पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरा लगाने, साइनेजेस की व्यवस्था करने, पार्किंग स्थल बनाने, साफ-सफाई कराने, शासकीय विभागों का स्टाल लगाने, दुकानों का आबंटन करने सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## सुशील सन्नी अग्रवाल पहुंचे मार्कण्डेय स्वामी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पदमशाली समाज के द्वारा मार्कण्डेय स्वामी जन्मोत्सव भाटागांव में पदमशाली समाज के नवनिर्मित भवन में मनाया गया। उस अवसर पर सुशील सन्नी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अग्रवाल ने मार्कण्डेय स्वामी की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिऐ आशीर्वाद मांगे। अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा की स्वामी मार्कण्डेय स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर आप लोगों ने मुझे आमंत्रित किया जिसके लिए मैं पूरे पदमशाली समाज का हार्दिक धन्यवाद करता हूं। पदमशाली समाज छत्तीसगढ़ ही नही पूरे देश में एक गौरवशाली समाज के नाम से जाना जाता है और भारत के विकास में इस समाज ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर समाज के गोपाल सहित समाज के प्रबुद्धजन भारी संख्या में मौजूद रहे।

## कलेक्टर अग्रवाल ने परीक्षा केन्द्र में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 (रविवार) को दो पाली में परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 12 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जिला मुख्यालय गरियाबंद के शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय पहुंचकर पर्यवेक्षकों से परीक्षा के आयोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परीक्षा कक्ष में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 के लिए जिला मुख्यालय में कुल 8 स्कूल, महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। इनमें शासकीय बालक उ.मा.शाला गरियाबंद, शासकीय कन्या उ.मा.शाला गरियाबंद, आई.टी.एस. महाविद्यालय गरियाबंद, गुरूकुल महाविद्यालय गरियाबंद, शासकीय पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय गरियाबंद, एंजल एग्लो स्कूल गरियाबंद, सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद शामिल थे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु एसडीएम गरियाबंद विशाल कुमार महाराणा को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख भागवत चन्द्रवंशी को बनाया गया था। जिले में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 सफलतापूर्वक सम्पादित किया गया।

## विकास खंड पंडरिया में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

### बच्चों को खिलाई गई इलबेंडा जोल की गोलिया

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारतीय समाज में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों का आयोजन किया जाता है। इनमें से एक महत्वपूर्ण अभियान है राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस जो कृमि से जुड़ी जागरूकता फैलाने और लोगों को इस समस्या के खिलाफ लड़ाई में जुटाने का माध्यम है। इस दिन का उद्देश्य कृमि और उनके प्रभावों पर जागरूकता बढ़ाना, समुदाय को संबंधित जोखिमों के बारे में जानकारी देना और सामुदायिक सहयोग बढ़ाना है। 10 फरवरी 2024 को, विकास खंड पंडरिया में इस अवसर पर शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर और अंतर विभागीय समन्वय के अच्छे उदाहरण देते हुए आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षा संस्थानों, आँगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय



अधिकारियों ने भाग लिया। यहाँ एक समाज की विविधता में से लोग एक साथ आए और एक साथ एक महत्वपूर्ण समस्या के खिलाफ लड़ने के लिए एकत्रित हुए। आयोजन की शुरुआत चिरायु टीम के द्वारा शालाओं में गोलियों की खिलाई से हुई, जिससे छात्रों को इस दिन के महत्व का बोध हो। वनाँचल और मैदानी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को भी और सुपरवाइजरों द्वारा गोलियों की खिलाई गई। इससे जन समुदाय और बच्चो को कृमि से जुड़ी समस्याओं के बारे में सही जानकारी मिली और उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व का अनुभव हुआ। इस अद्भुत प्रयास के माध्यम से, समाज में कृमि से जुड़ी जानकारी को बढ़ाया गया है और लोगों को इस समस्या के खिलाफ लड़ाई में जुटने के लिए प्रेरित किया गया है। इस कदम के द्वारा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन को प्रोत्साहित किया गया है, जो आने वाले समय में विकास और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। इसके अतिरिक्त, ब्लॉक स्तर की टीम ने एकविभागीय सांगठनिक बैठक आयोजित की और समाज के सभी परिवारों को शिक्षित किया कि ईस दिवस का उद्देश्य था कि लोगों को कृमि और उनके प्रभावों के बारे में जागरूक करके उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य की दिशा में एक सकारात्मक परिवर्तन में शामिल किया जाए। इसके अलावा, समाज में कृमि से जुड़ी भ्रांतियों और गलत फहमियों को दूर करके सही जानकारी प्रदान की गई। इस दिवस के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, हाथों की सुरक्षा, सही भोजन और सम्बंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। समाज के सभी परिवारों को अपने बच्चों को कृमि एवं उससे होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें कृमि के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को साफ पानी का प्रयोग करने, खुरचने, और स्वच्छता की अहमियत को समझाया गया तथा 15 फरवरी को होने वाले मॉप अप राउंड के बारे मे बताया गया जिसमे जो बच्चे आज किसी कारण वश छूट गए है जिसे उन्हें नेक्स्ट राउंड मे खिलाया जाए और कार्यक्रम के पूर्ण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों, स्थानीय अधिकारियों, और शिक्षा संस्थानों के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर गाँवों के समुदायों को सहयोग भी मिला।

## एनजीओ पदाधिकारी और वॉलंटियर्स से सोमवार शाम मिलेंगे कलेक्टर, एसपी, सिटी कमिश्नर, पंचायत सीईओ




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, एसएसपी संतोष कुमार सिंह के साथ नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, ज़िला पंचायत सीईओ बिश्वदीप पहले टॉक फॉर रायपुर कार्यक्रम के तहत त्वरित नागरिक सुविधाओं के लिए कार्यरत सिविल सोसायटी, स्वयं सेवी व सामाजिक संगठनों, इंफ्लूएंसर्स समूहों से रजबंधा मैदान स्थित शहीद स्मारक भवन में सोमवार की शाम 5 बजे मिलेंगे। इस दौरान प्रशासन और नागरिकों के मध्य सेवा देने वाली इन सिविल सोसाइटियों की भूमिका आधारित संवाद होगा। इस कार्यक्रम में निःशुल्क शामिल होकर सभी एनजीओ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपयोगी जानकारी और अपने विचार साझा कर सकेंगे। सभी से निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व शहीद स्मारक ऑडिटोरियम पहुँचने कहा गया है।

# सरकार का पहला बजट भाजपा ने कहा राज्य के विकास का बजट, कांग्रेस ने कहा चुनावी बजट

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विष्णुदेव सरकार ने अपना बजट पेश किया। बजट पर आई मिली जुली प्रतिक्रिया में भाजपा ने विकास की नीव बताया तो वहीं कांग्रेस ने इस बजट को निराशाजनक कहा। हमारे नगर के संवाददाता दिलीप माहेश्वरी ने लोगों से प्रतिक्रिया ली सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भाजपा सरकार का पहला बजट पेश किया। सरकार के साथ यह ओपी चौधरी का भी पहला बजट रहा। चौधरी ने सदन में ग्यान रूपी बजट पेश किया। छत्तीसढ़ विधानसभा में पहली बार पेपरलेस बजट पेश किया गया।

### पहला पेपर लेस डिजिटल बजट सर्व हितैषी व परोपकारी

सुनीता वर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



सरकार के प्रथम पेपर लेंस डिजिटल बजट को सर्व हितैषी है भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए तथा बगैर कर बढ़ाए जो बजट प्रस्तुत किया गया वह सराहनीय है। इससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दूर दृष्टि झलकती हैं। बिंदल ने कहा की पिछली सरकार की बजट की तुलना में 20 प्रतिशत वृध्दि वाली भाजपा सरकार की इस बजट में सभी वर्ग के लोगों को राहत दिया है। गरीबों के लिए 5 लाख रूपए तक के इलाज के लिए शहरी वीर नारायण आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी है उन्नयन के क्षेत्र में इसे जोड़ा जाना है। निश्चय ही प्रशंसनीय है।

### मजबूत होंगे गांव और ग्रामीण, विकास में गति आएगी

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं एडवोकेट शिव नरेश मिश्रा ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट का स्वागत किया है। उन्होंने



कहा की छत्तीसगढ़ की तकरीबन 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस सेक्टर को हर तरह की सुविधाओं, रोजगार और सशक्ति करण के लिए बजट में प्रावधान किए है। उन्होंने कहा की जलजीवन मिशन के लिए 4 हजार 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ रूपए उन्होंने दिए है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना प्रारंभ कर प्रत्येक हितग्राही परिवारों को 10 हजार रूपए साल दिए जाएंगे। ये मोदी की गारंटी का भी हिस्सा है। कृषि बजट में 33 की वृद्धि हुई। इससे एग्रीकल्चर सेक्टर में ग्रोथ और कृषकों को बड़ी मदद हासिल होगी।

### छत्तीसगढ़ के चौमुखी विकास के लिए वरदान साबित होगा बजट



साहू समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने सरकार के पहले बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की यह बजट छत्तीसगढ़ के सम्पूर्ण विकास के लिए रामबाण सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक संस्कृति युवा, महिला, किसान एवं मजदूर वर्ग के लिए यह बजट सभी प्रकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जाना जाएगा। उन्होंने कहा की बजट में बलौदा बाजार में इंदौर स्टेडियम बाईपास स्कूल के लिए बजट मिला है जिससे जिले का विकास होगा।

### इस विज़न में मोदी की गारंटी की खुल गई पोल

पूर्व विधायक शकुंतला साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट पर



प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की मोदी की गारंटी की पूरी पोल खोलते हुए यह बजट शंख ढ़पोल ही है। जैसे छोटे एवं सीमांत किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के बच्चों को सरकारी स्कूल-कॉलेज में की पढ़ाई करने पर पीजी तक 2 लाख तक छात्रवृति प्रदान करने की कोई बात इसमें नहीं की गई है। छात्राओं को पीजी तक मुक्त शिक्षा का भी प्रावधान इस बजट में कही नहीं हैं। गरीब परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का प्रावधान भी नहीं किया है। पंचायत एवं वार्ड स्तर तक डेढ़ लाख युवाओं की भर्ती हेतु कोई प्रावधान नहीं है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क लैपटॉप टैबलेट प्रदान करने की गारंटी भी दम तोड़ दी है। प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान डीए देने, पंचायत सचिवों को नियमित कर उनका बकाया एरियस, मितानिनों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि जैसे जनहितकारी गारंटी पर कोई प्रावधान न कर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अपने जनविरोधी होने का और मोदी की गारंटी को जुमला साबित करने को प्रमाणित किया है।

### मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट

वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश अग्रवाल ने बताया वित्त मंत्री ओमप्रकाश




चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ शासन का बजट पेश किया गया जिसमें विकास कार्य कराए जाएंगे। कृषि, आधार भूत संरचना, सड़क, स्वास्थ्य विभाग को राशि आवंटित किया गया है। बलौदा बाजार में इंडोर स्टेडियम काम्प्लेक्स के लिए 2 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान है। मोदी की गारंटी पर फोकस किया है। कुल मिलाकर बजट विकासोन्मुखी है।

### ना कोई विजन ना नया कार्यक्रम, पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं पर भी भ्रमित है साय सरकार : हितेन्द्र



बजट के नाम पर जनता से ठगी, विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा प्रस्तुत पहले बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा है कि बजट से साय सरकार का जन विरोधी षडयंत्र एक बार फिर उजागर हुआ है। इस बजट में ना कोई नया कार्यक्रम है न ही कोई विजन बल्कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को सतत जारी रखने में साय सरकार संसय की स्थिति में नज़र आ रही है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में न शिक्षित छत्तीसगढ़ है और न ही समृद्ध छत्तीसगढ़ न एक लाख रोज़गार के बारे में बजट में कुछ है और न ही 500 में सिलेंडर के बारे में है। आम जनता के हित से भारतीय जनता पार्टी का कोई सरोकार नहीं है।ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा है कि साय सरकार के वित्त मंत्री ने एक तरफकर्ज को लेकर पूर्ववर्ती सरकार पर अनर्गल आरोप लगाए दूसरी तरफ कुल कर्ज आरबीआई द्वारा एफआरबीएम एक्ट के तहत तय सीमा के भीतर रखनें के पूर्ववर्ती सरकार की उपलब्धियों पर अपनी पीठ खुद ही थपथाये, झूठा श्रेय लेने का कुत्सित प्रयास किया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया था और न ही किसी भी तरीके से करो में कोई वृद्धि की गई, बल्कि जनता को मिलने वाले राहत और सब्सिडी सतत जारी रहा। कांग्रेस की सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ की जीडीपी को 2 लाख 77 हजार से बढ़ाकर 5 लाख नौ हजार तक अर्थात दोगुना पहुंचाया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने वित्तिय अनुशासन और कुशल प्रबंधन से छत्तीसगढ़ को देश के उन पांच राज्यों में शामिल किया था जिसने विगत 3 वर्षों से कोई नया कर्ज नहीं लिया था, लेकिन विष्णुदेव की सरकार आते ही पिछले 2 महीने में चार-चार बार कर्ज़ लिया गया, विगत एक माह के दौरान ही साय सरकार ने 5 हजार करोड़ का नया कर्ज लिया है और इस बजट में फिर से लगभग 20 हजार करोड़ का नया कर्ज लेने का प्रावधान भाजपा के वित्तीय कुप्रबंधन और अनर्थशास्त्र का प्रमाण है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पिछले बजट में शिक्षा पर कुल बजट का 19.4 प्रतिशत खर्च किया गया था, जो इस बजट में घटाकर मात्र 15.95 प्रतिशत कर दिया गया है। कृषि के क्षेत्र में कुल बजट पिछले बजट में कुल बजट प्रावधान का 16.6 प्रतिशत था, जो इस बार घटाकर 14.05 प्रतिशत कर दिया गया है, इस तरह कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार कृषि का बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ढाई परसेंट घटा दिया गया है। शिक्षा के बजट में 4 प्रतिशत की भारी भरकम कटौती भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती को प्रमाणित करता है।

### बजट में विकास की मजबूत नींव



वरिष्ठ भाजपा नेता नीलम सोनी ने बताया यह आने वाले 5 साल में छत्तीसगढ़ के विकास की दशा और दिशा को बदलने वाला बजट है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उनकी गारंटी को पूरा करने के साथ-साथ साफ नियत और स्पष्ट सोच के साथ यह बजट बनाया गया है। महिलाओं किसान और गरीब को सशक्त बनाने वाला अगले 5 वर्षों में प्रदेश की आए दुगना करने का एक रोडमैप इस बजट में प्रस्तुत किया गया है।

# 70 जवानों की 4 टीमों ने खंगाली अटल आवास कॉलोनी

## 8 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाए, 2 पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पेंड्री स्थित अटल आवास कालोनी में पुलिस ने 70 जवानों की 4 टीम बनाकर दबिश दी। इस दौरान सीएसपी अमित पटेल, कोतवाली थाना प्रभारी ऐमन साहू के साथ अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। यहां अपराधिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर छानबीन की गई। इस अभियान में 8 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस लालबाग थाने लेकर आई। जिनमें से 2 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि, पेंड्री स्थित अटल आवास में असामाजिक तत्वों की शिकायतें मिलती रहतीं हैं। पुलिस इसे संवेदनशील और संदिग्ध इलाका मानती है। यहां बाहर से आए किराए दारों और स्थानीय अन्य लोगों को द्वारा अपराधिक कृत्यों की शिकायतें भी आती रहीं हैं। इसके ही मद्देनजर समय समय पर इस इलाके में छानबीन की जाती है। अभियान के दौरान अटल आवास के मकानों में निवासरत व्यक्तियों व किरायेदारों की तस्दीक कर किरायेदारों व बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन कराने, जिन व्यक्तियों द्वारा अपने मकानों को किराये में दिया गया है उनको थाना में किराये में रहने का फार्म जमा करने व जानकारी देने के निर्देश देने के साथ ही बाहरी व्यक्तियों का थानों में मुसाफिर रिपोर्ट दर्ज कराने की समझाईश दी गई। साथ ही साथ अपराधिक तत्वों को अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक जीवन यापन करने की भी समझाईश दी गई। 8 संदिग्ध व्यक्तियों को थाना लालबाग लाकर पूछताछ कर जया नेताम उर्फ जय (19) और जेठू उर्फ दुदेशी निषाद (32) के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### महतारी वंदन योजना : अब तक 1 लाख 46 हजार 402 आवेदन जमा

**राजनांदगांव।** जिले में शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड कार्यालय में पहुंच रही हैं। वहीं दूसरी ओर ऑनलाईन भी फार्म भरे जा रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शासन की इस महती योजना के प्रति महिलाओं में विशेष रूझान दिखाया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 23 हजार 970 फार्म भरे हैं। अब तक कुल 1 लाख 46 हजार 402 आवेदन जमा किए गए हैं। शासन की महतारी वंदन योजना के प्रति महिलाओं में जागरूकता एवं उत्साह है। जिले में पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध हैं। पात्र हितग्राहियों को शासन की इस महती योजना से लाभ मिले इसके लिए लगातार फार्म भराए जा रहे है। फार्म भरने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए महिलाओं को मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। शासन की यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरसंभव कार्य किए जा रहे हैं। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है और पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

# छुईखदान के सीताडबरी पहुंचे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मण्डल स्तर पर चलाये जा रहे गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह छुईखदान मण्डल के ग्राम सीताडबरी पहुँचे। उन्होंने भाजपा बूथ समिति व पन्ना प्रभारियों की बैठक लेकर बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने नेशनल बॉक्सिंग खिलाड़ी हेमन्त धुर्वे के जाकर मुलाकात की। उसके बाद जनसंघ से जुड़े हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर उनसे मिले। इसके बाद सिंह ग्राम के मिडिल स्कूल के निरीक्षण करने पहुचे जहां छात्र - छात्राओं से सवाल भी किये व सही जवाब देने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गिफ्ट देकर पुरुस्कृत भी किये। आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर महतारी वंदन योजना के तहत फार्म जमा कर रही महिलाओं से बात की। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति इस योजना को लागू करने पर आभार जताया। उन्होंने अनुसूचित जाति जनजाति परिवारों के घर जाकर उनसे भी बात की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित परिवारों के घर जाकर हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के बारे में पूछा। इस दौरान ग्राम के शीतला मन्दिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई व पूजा अर्चना में सम्मिलित हुए। इसके बाद गांव के भवन चौक में वृक्षारोपण किया गया। ग्रामवासियो के साथ रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए व कार्यकर्ता बलराम जंघेल के यहां भोजन कर रात्रि विश्राम किया। इस दौरान छुईखदान मण्डल भाजपा अध्यक्ष नेतराम जंघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित चोपड़ा, भाजपा नेता अशोक साहू, श्रवण जंघेल, ग्राम पटेल हेमन्त वर्मा, रामकिशन जंघेल, रेखचन्द जंघेल, टीकम साहू, गजेन्द्र पटेल बलराम जघेंल , ओमप्रकाश जंघेल, गिरधारी जंघेल, सदाराम जंघेल, अंकालू साहू, हेमलाल जंघेल, मन्नू यादव, कमलनारायण, हेमन्त धुर्वे, अजय जघेंल, चितरंजन सेन मोहन जघेल सहित भाजपाई उपस्थित थे।

# फाइलेरिया व कृमि से निपटने प्रशासन भी अलर्ट

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राज्यशासन द्वारा फाइलेरिया व कृमि से निपटने के लिए वृहद पैमाने पर मुहिम शुरू कर दी गई है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को फाइलेरिया व कृमि से बचाव हेतु दवाईयां खिलाई जा रही है। स्कूलों, कालेजों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में 10 फरवरी को गोली वितरण किया गया। मितानिनों द्वारा घर घर जाकर भी दवाई वितरित की जा रही है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जपंअध्यक्ष टिकेश साहू, एसडीएम पुसाम, तहसीलदार नाग व बीएमओ रागिनी चन्द्रे सहित शासन प्रशासन के प्रमुख नुमाइंदों द्वारा आमजनों को फाइलेरिया व कृमि रोधी दवाइयां खिलाकर अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में गुरुजी शिक्षण प्रशिक्षण संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग ने आत्मानंद स्कूल, पब्लिक स्कूल, राइजनिंग गार्डन स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों में दवाई वितरण किया गया।



**मितानिनों द्वारा खिला रहीं गोलियां**

फाइलेरिया व कृमि रोधी अभियान अंतर्गत नगर के सभी वार्डों के आंगनबाड़ी केंद्रों में मितानिनों के सहयोग से गोलियां वितरण की जा रही हैं। वार्ड 14 में मितानिन अनुमृति नायक व सीमा साहू द्वारा सुबह 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक आंगनबाड़ी व चौक चौराहों में अस्थायी शिविर लगाकर नागरिकों को गोलियाँ खिलाई गईं।

# युवा मोर्चा कप अपने रोमांचक मोड़ पर

पायनियर संवाददाता < छुईखदान
www.dailypioneer.com

ग्रामीण स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का दसवां दिन का पहला मैच कुमही बिरुटोला के मध्य खेला गया। जिसमें बिरुटोला की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुवे निर्धारित पांच ओवर में 41रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुवे कुमही ने तीन ओवर में हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ़ द मैच नन्द रहे। वहीं दूसरा मैचभुलाटोला और बाजार अतरिया के मध्य खेला गयाजिसमे भुलाटोला विजयी रही। वही तीसरा मैच लक्ष्मपुर और मुढ़िपार के बीच खेला गया। जिसमे लक्ष्मणपुर की टीम ने निर्धारित ओवर में साठ रन बनाये जिस लक्ष्य का पीछा करते हुवे मुढ़ीपार की टीम ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस मैच में मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार मुढ़ीपार के राजा को दिया गया।



वहीअंतिम मैच बिडोरी और रामपुर नवागांव बीच खेला गया जिसमे रामपुर नवागाँव ने जीत हासिल किया इस मैच का मैन ऑफ दी मैच अंकित राजपूत रहा। यह जानकारी आयोजन समिति सदस्य कमलेश साहू ने दी। इस युवा मोर्चा कप में मुख्य रूप से अनिमेष महोबिया, राजेश वैष्णव, सूर्या वैष्णव, सुजीत चंद्रकार, संदीप यादव, राहुल विश्कर्मा, डब्बू देवांगन, टीकम रजक, पंकज विश्कर्मा, मोनू गुप्ता खिलाड़ियों का सहयोग लगातार मिल रहा है। इस युवा मोर्चा कप का फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला जाएगा। लगभग 10 साल बाद अनिमेष महोबिया ने यह मुकाबला कराने का जिम्मा उठाया है।

### डोंगरगांव के पूर्व बीएमओ डॉ. बंसोड़ का देहांत



**डोंगरगांव नगर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. सुदेश बंसोड़ का आकस्मिक देहावसान हो गया है। वे लगभग 40 वर्ष के थे। उल्लेखनीय है कि डॉ सुदेश बंसोड़ स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में बतौर मेडिकल ऑफिसर पदस्थ थे। वे पूर्व में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी बतौर भी सेवाएं दे चुके हैं। सीएचसी से जानकारी मुताबिक राजनांदगांव चिखली निवासी स्व बंसोड़ काफी दिनों से अस्वस्थ्य थे। वे टीबी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका उपचार राजधानी रायपुर में जारी था। अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। सौम्य व्यवहार के डॉ बंसोड़ के निधन की खबर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में शोक व्याप्त हो गया। हॉस्पिटल के अधिकारी व कर्मचारियों ने स्व बंसोड़ को भावांजलि दी है।

# मवेशी तस्करी पर एक और कार्रवाई, ट्रक पकड़ाया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात कार्रवाई करते हुए गैंदाटोला पुलिस ने मवेशियों की तस्करी कर रहे वाहन को पकड़ा है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने की कोशिश के दौरान यह कार्रवाई की गई। थाना गैंदाटोला व डोंगरगांव स्टाफ द्वारा ग्राम छुरियाडोंगरी के पास ट्रक को रोका गया। वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को रोड में खड़ा कर मौके पर छोड़ कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। ट्रक से 29 नग मवेशी बरामद किए गए हैं। फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 4,6,10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधि, 11 पशु क्रू. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी तथा पशु तस्करी के अपराध में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।



### आदतन अपराधी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** पुलिस ने एक आदतन अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के खिलाफ पहले भी हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दर्ज हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि किशन साहू उर्फ झिल्ली नामक युवक तुलसीपुर रेल्वे फाटक के पास अपने हाथ में चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। खबर पर कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसके कब्जे से लोहे का जंग लगा धारदार चाकू जप्त किया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है। पूर्व में इसके विरूद्ध 324, 34 और 302, 212, 24, 25, 27 आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं।

# बजट में अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिले उपेक्षित : सैय्यद

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा बजट में महंगाई-बेरोजगारी के घोर आर्थिक संकट में घिरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कोई पहल नहीं दिखती है। निर्माण, छोटे उद्योगों, व्यापार, जो इस मंदी की मार से सबसे ज्यादा बेहाल है, वहां लोगों ने सबसे ज्यादा रोजगार खोए हैं, उनके लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। तीन प्रदेश से घिरे राजनांदगांव जिले के तीनों क्षेत्रों के बेरोजगार लोगों को नकद, न्यूनतम, मासिक आय को बढ़ाने और इस क्षेत्र में नए



उद्योग के जरीए बेरोजगारों को रोजगार से लगाने के लिए सरकार की ओर से सहायता जरूरी है, पर बजट में इसका कोई प्रावधान नहीं है। संस्कारधानी नगरी के बाजार में तरलता लाने व्यापार-उद्योग को पटरी पर लाकर रोजगार के अवसर बढ़ाने की कोई मंशा बजट में नहीं दिखती है। शासकीय कर्मचारियों को लेकर भी उनके मानदेय बढ़ाने या उनकी सुविधा में वृद्धि करने का कोई व्यवस्था नहीं है, इस बजट से मोदी की गारंटी कहीं नहीं है। नये उद्यमी, व्यवसायियों के बेहतर व्यवस्थापन की कोई कार्य योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर डेढ़ लाख बेरोजगार युवाओं की भर्ती, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4500 रुपए बोनस, इन्नोवेशन हब बनाकर 6 लाख रोजगार, कॉलेज जाने हेतु छात्रों को मासिक ट्रेवल्स अलाउंस, 500 जन औषधि केंद्र खोलने, 500 रूपये में प्रति घर गैस सिलेंडर पहुंचाने, 100000 सरकारी पदों पर भर्ती के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया हैं। कुल मिलाकर प्रदेश के मध्यमवर्गीय लोग बेरोजगारी मंदी का संकट झेल रहे हैं।

## शिविर में पहुंचे कलेक्टर

# 502 आवेदनों का किया गया निराकरण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बैगाटोला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर का जायजा लिया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य के राजस्व सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लें। कलेक्टर अग्रवाल ने शिविर में महिलाओं से महतारी वंदन



योजना के संबंध में प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाने के लिए योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रूपए मिलेगा। इसका लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों तथा उसके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर अग्रवाल के निर्देशानुसार सभी ग्रामों में बी-1 का वाचन किया गया। राजस्व विभाग के नामांतरण, बटवारा, ऋण पुस्तिका, आय, जाति एवं निवास के 636 लंबित आवेदनों में से 502 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में किसान पुस्तिका, जमीन बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम अरूण वर्मा, तहसीलदार मनीष वर्मा सहित विकासखंड स्तरीय अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोरकुटुंब हाई स्कूल भवन के लिए 75 लाख की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

ब्लॉक मुख्यालय से सटे वनांचल ग्राम मोरकुटुंब में ग्रामीणों के सतत मांग से हाई स्कूल का लोकार्पण 2018 मे पूर्व सांसद और वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव के करकमलों से हुआ था। अब भवन हेतु सरकार ने अपने बजट में 75 लाख 23 हजार रूपये की मंजूरी दे दी है। जिससे स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ ग्रामवासियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मयाराम साहू ने बताया की पिछले 6 वर्षो से लगातार भवन के लिए मांग किया जा रहा था। क्योंकि हाई स्कूल का संचालन पूर्व माध्यमिक शाला के साथ पाली में हो रहा है।विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए काफी परेशानियां होती थी। लेकिन अब नया भवन बनने से हाई स्कूल का संचालन बेहतर ढंग से होगा। साथ ही मयाराम साहू एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसुदन यादव, जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका ड़ड़सेना, मंडल अध्यक्ष अजय पटेल सहित सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



# राजिम कुंभ कि बैठक में शामिल हुए उमेश साहू, कुंभ स्थल नदी में लगेगा राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा

- भोग भंडारा में शामिल होंगे समाज के सांसद एवं सभी नवनिर्वाचित विधायक, प्रथम दिवस समिति के अध्यक्ष लाला साहू अपने स्व माता-पिता के पुण्य स्मृति में कराएंगे भोजन भंडारा

पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com




साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक रखी गई समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बैठक में प्रस्ताव रखते हुए कहा कि राजिम कुंभ मेला 2024 में मांघी पुन्नी मेला से महाशिवरात्रि तक राजिम भक्तिन माता का विशाल भंडारा लगाने के संबंध में चर्चा हेतू यह बैठक रखी गई है। भंडारा स्थल में प्रतिदिन मेला में आए हुए हजारों दर्शनार्थ भक्तों एवं श्रद्धालुओं को सेवा भाव के साथ भोजन भंडारा का आयोजन किया जाता है इसी तारतम्य में इस वर्ष भी कुंभ मेला में राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किए जाने का निर्णय समिति की आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही साथ भोग भंडारा स्थल में राजिम भक्तिन माता की तैल चित्र एवं राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा का पंपलेट एवं ब्रोशर भी मेले आने वाले श्रद्धालु भक्तों को निशुल्क उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया। राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा के संचालन के लिए कुंभ मेला प्रशासन से समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने 75 बाई 75 का सर्वसुविधायुक्त पंडाल का मांग किया गया है। समिति की आवश्यक बैठक में अपना विचार रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष एवं समिति के सुरक्षक भुनेश्वर साहू ने कहा कि कुंभ मेला में आए हुए श्रद्धालु भक्तों के लिए भोजन भंडारा का आयोजन पुण्य का कार्य है और यह पुनीत कार्य हमारे साहू समाज के संगठन के द्वारा किया जा रहा है जो की प्रशंसानिय है। और इस पुनीत कार्य में सर्व समाज का सहयोग मिलता है उसे समिति द्वारा सहर्ष स्वीकार किया जाना चाहिए। सांसद प्रतिनिधि एवं समिति के विशेष आमन्त्रित सदस्य उमेश साहू ने कहा कि कुंभ मेला में भोजन भंडारा का आयोजन धार्मिक कार्य है और जब तक कुंभ मेला में भोजन भंडारा का आयोजन नहीं होता वह कुंभ मेला पूर्ण नहीं होता अतः हम सबको आगे आकर यह धार्मिक कार्य करना है। समिति के आवश्यक बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, समिति के संरक्षक उमेश साहू, रूपेंद्र साहू, रामू राम साहू ,अध्यक्ष लाला साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू, बोधन साहू, उमा साहू, कोषाध्यक्ष भोला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, श्याम साहू मिंजून साहू, हेमलाल साहू, त्रिलोक साहू, संगठन मंत्री मिश्रीलाल साहू, अंकेक्षक उम्मेन्द्र साहू, विशेष आमंत्रित सदस्य डोमार साहू, डॉ विश्वनाथ साहू, ओषा राम साह,कमलेश साहू, गोवर्धन साहू, रमाशंकर साहू,जनकसाहू, मोहन मानिकपन, संगठन मंत्री ओंकार साहू, शैलेंद्र साहू, राम रतन साहू, नारायण साहू, ललित साहू, चन्दन साहू,नंदू साहू, किशोर साहू ओंकार साहू भवानी शंकर साहू मीडिया प्रभारी किशन साहू, पूरन साहू, महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका शारदा साहू, सुनीति साहू, गीता साहू , युवा प्रकोष्ठ के संयोजक ओंकार साहू, जिनेंद्र साहू ,सहित महिला प्रकोष्ठ की सैकड़ो महिलाएं एवं प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# सरकार की योजनाओं ने लोगों के जीवन को सुधारने का किया काम : राजेंद्र नायक

पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनसंपर्क के दौरान राजेंद्र नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश के सभी लोग आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। और इसी को लेकर केंद्र सरकार काम भी कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लोगों के जीवन को सुधारने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास से लोगों के पक्के मकान बनवाने का काम मोदी सरकार ने किया है। नायक ने कहा कि मोदी सरकार ने अनेक योजनाएं चालू की है। एक रुपए में अनाज देने का काम किया है। बहनों को गैस सिलेंडर एवं बुजुर्गों को पेंशन देने का काम किया है। केंद्र सरकार की ऐसे अनेक सारी योजनाएं जो जन-जन तक पहुंच रही है उन सब का लाभ लोगों को मिल रहा है। नायक ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने सदन में छत्तीसगढ़ की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट दिया है। यह बजट मोदी की गारंटी को आगे बढ़ने वाला होगा। यह बजट युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों एवं विविध वर्गों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। नायक ने आगे कहा कि बजट विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना पर आधारित बजट है। छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए इस बजट में हर पहलू को ध्यान दिया गया है शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी, पेयजल, अधोसंरचना सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक की चिंता की गई है। विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में तस्वीर व तकदीर बदलेंगे। यही मोदी की गारंटी है जिसके लिए हम सब तन्मयता से जुड़े हुए हैं। इस बजट में समाज के हर वर्ग की चिंता की गई है। इस परिकल्पना के साथ हम विकास की हर संभावनाओं के लिए जुटेंगे । इस बजट में महतारी वंदन, किसानों को भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, रामलला दर्शन, मुफ्त इलाज, भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटीयों को पूरा करने प्रावधान किया गया है। राज्य की आय बिना किसी पर कर का बोझ डालें 22 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य प्रसंसनीय है। प्रदेश के हर क्षेत्र हर विभाग हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं ।जिससे छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी।

# छत्तीसगढ़ सरकार का बजट है 'ढोल में पोल' भुनेश्वर डहरिया जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी

पायनियर संवाददाता ᐸ लवन
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष यूथ विंग भुनेश्वर सिंह डहरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया है वह मात्र चुनावी बजट से ज्यादा कुछ नहीं है छत्तीसगढ़ की साय सरकार मात्र पिछले सरकार के नामों को बदलने का काम रहीं हैं, नये रोजगार शुन्य है, नियमतीकरण का कर्मचारियों को दिया गया आश्वासन शून्य है, पुलिस विभाग के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सांसद के रूप में कांग्रेस सरकार से आरक्षकों के लिए 2800 ग्रेड पे की मांग की गई थी उसपर भी कोई विचार नहीं है, किसानों का आय डबल कहां और कितना हुआ है कुछ नहीं बताए हैं, बस स्मार्ट सिटी बनाएंगे, बस महिलाओं को वोट के लिए लुभाने के लिए फार्म भरवा रहे हैं! यह बजट निराशाजनक है।

# जननी सेवा संस्थान द्वारा संचालित योग सेवा केंद्र मकई गार्डन में जुम्बा क्लास शुरू

## सभी वर्ग के लोगों ने जुंबा डांस कर लुत्फ उठाया



पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com

योग केंद्र में योग के अलावा महिलाओं बच्चों बुजुर्गों के स्वास्थ्य को दृष्टि में रखकर मनोरंजन करते हुए स्वस्थ जीवन का लाभ उठाने की दृष्टि से प्रत्येक रविवार को सुबह 6 से 8 बजे तक जुंबा क्लासेस लगेगी। प्रशिक्षक कमल वर्तयानी कोरियोग्राफर आज सुबह योग केंद्र के सभी सदस्यों ने सुबह बच्चे महिला बुजुर्ग सभी वर्ग के लोगों ने जुंबा डांस कर लुत्फ उठाया। योग जीवन की आंतरिक संवेदना को जागृत करती है ठीक वैसे ही जुंबा मानसिक बाह्य आवरण को सुंदर बनाता है वेट लॉस फीट इंडिया हिट इंडिया के तर्ज पर क्लास चलेंगे । इस अवसर पर चक्रधर यादव , योग प्रशिक्षक उत्तर सिंह, गौतम ,उमा पटेल प्रशिक्षक जुंबा कमल वर्तयानी नेहा ठाकुर, ओपी शर्मा ,शोभा दुबे, रमेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा हरमिंदर सिंह छाबड़ा ,ममता अग्रवाल, विमल अग्रवाल, दानवीर गजेंद्र, संयोजक शेषनारायण गजेंद्र थे।

# सिंघम रिटर्न्स की तर्ज पर थाना प्रभारी केसर पराग की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

पायनियर संवाददाता ᐸ लवन
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति.पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में 09/02/24 के शाम को मुखबीर लगाकर टीम गठीत कर ग्राम धाराशिव के खेत में जुआ खेलने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते हुए कुल 5 जुआरियों को पकडा गया एवं जुआरियों से कुल 5320/- बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 13 जुआ एक्ट, धारा 3(2) छ. ग. जुआ प्रति.अधि. 2022 के तहत कार्यवाही की गई।

# बालको के सीईओ राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की सौजन्य मुलाकात



**कोरबा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास स्थान "पहुना" में बालको के सीईओ राजेश कुमार ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कंपनी के आगामी लक्ष्य और उसकी प्रगति के बारे में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास में बालको की भी महत्वपूर्ण सहभागिता रही है। उन्हें पूर्ण विश्वास हैं की आगे भी देश-प्रदेश के औद्योगिक विकास में बालको अपनी सहभागिता निभाएगा।

# युवक पर जानलेवा हमला

**कोरबा ।** कोरबा जिले के बालको थाना क्षेत्रान्तर्गत मारपीट की एक घटना सामने आई है, जिसमें कुछ अज्ञात व्यक्ति यों ने एक युवक को बुरी तरीके से लहूलुहान होने तक पीटा है, मामले में डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच घायल को समय रहते उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# राजेन्द्र नायक ने भाजपा से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए टिकिट की दावेदारी

पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अब आम जनों के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों में भी हलचल शुरू हो गई है। एक और जहां लोगों के द्वारा किसे टिकट मिलेगी इस बात को लेकर चर्चाएं की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े नेता भी चुनावी टिकट पाने की जुगत में लग गए हैं। लोगों की नजरें विशेष रूप से देश के दो प्रमुख दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर टिकी हुई हैं। भाजपा और कांग्रेस से जुड़े नेता लोकसभा चुनाव हेतु टिकट पानी की तैयारी में जुट गए हैं। कई लोग अपना बायोडाटा पार्टी पदाधिकारियों को सौंप चुके हैं। वर्तमान में भाजपा से उम्मीदवार बनने हेतु लोग अधिक सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से राजेंद्र नायक ने भी भाजपा उम्मीदवार हेतु अपना प्रयास तेज कर दिया है। नायक सेवानिवृत कर्मचारी हैं, जो कर्मचारी संगठनों में जिला और प्रदेश में मुख्य भूमिका निभा चुके हैं। वे युवा अवस्था से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं, शासकीय सेवा में नियुक्ति होने पर आदिम जाति कल्याण विभाग में छात्रावास अधीक्षक के पद पर रहे। वे मरार पटेल समाज से आते हैं, शासकीय सेवा के साथ-साथ समाज में शिक्षा जागरूकता को बढ़ावा देते हुए उन्होंने अच्छा कार्य किया। प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल समाज के रहते हुए उन्होंने समाज को एक अलग पहचान दिलाई और राजनीतिक क्षेत्र में भी समाज को जगह दिलाने में सफल हुए। नायक छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष मरार माली कुशवाहा महासभा के पद पर अभी भी कार्य कर रहे हैं।

# अवैध निर्माण, प्लाटिंग पर प्रशासन का चला बुलडोजर

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



तखतपुर राजस्व क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। शहर से सटे इलाकों में अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों के साथ ही प्लाटिंग स्थानों पर बने अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया है। शहर से लगे पांच ग्रामों की दर्जन भर से ज्यादा अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया गया। अमेरी, घुरू, लोखंडी, पेंडारी और समलपुरी में कार्रवाई की गई। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम वैभव के नेतृत्व में अवैध संरचनाओं को धराशायी किया गया। राजस्व और पुलिस साथ थी। प्रमुख रूप से सड़क, नाली और दीवारों को उखाड़ा गया। दोपहर 12 बजे से शाम तक तोडफ़ोड़ अभियान चला। गौरतलब है कि शहर से लगे दर्जन भर ग्रामों के लगभग डेढ़ सौ भू स्वामियों को एसडीएम तखतपुर द्वारा नोटिस जारी कर 9 फरवरी को शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया था। एक भी भू स्वामी अथवा प्लाटर ने निर्धारित समय सीमा तक जवाब नहीं दिया। बिना कॉलोनाइजर लाइसेंस व नगर निवेश विभाग से नक्शा पास कराए उनके द्वारा विभिन्न संरचनाओं का निर्माण शुरू कर दिया गया था जो कि शासन के कई नियमों के विपरीत है। एसडीएम ने कहा कि तोडफ़ोड़ की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# लायंस क्लब ऑफ कोरबा ने अशोक मोदी को किया सम्मानित

**कोरबा ।** लायंस क्लब ऑफकोरबा के तत्वाधान में 8 फरवरी डी.डी.एम. रोड स्थित हरिमंगलम् में एक "सम्मान समारोह" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन सभी पूर्व लायंस बंधुओं को आमंत्रित एवं सम्मानित किया जिन्होने अपने-अपने कार्यकाल मे अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कर अपने संस्था के स्थायी सेवा परियोजनाओं एवं सेवा गतिविधियों के द्वारा डिस्ट्रिक्ट के साथ साथ मल्टीपल एवं इंटरनेशनल स्तर पर लायंस क्लब का नाम रोशन किया। इसी तारतम्य में अशोक मोदी को लायंस क्लब ऑफकोरबा का प्रथम एम.जे.एफ मेम्बर एवं पूर्व अध्यक्ष के सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शैलेष अग्रवाल, पूर्व गवर्नर जयप्रकाश, अध्यक्ष मीना सिंह एवं श्रीकांत बुधिया सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब ऑफकोरबा के पदाधिकारीगण और सदस्यगण की गरिमामय उपस्थिति थी।

# जन आकांक्षाओं के विपरीत अत्यंत ही घोर निराशाजनक बजट : तुकाराम चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा है कि साय सरकार का पहला बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। 1 लाख़ युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा था, लेकिन बजट में नई नौकरियों के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं, उल्टे बेरोजगारी भत्ता की राशि खा गए। कॉलेज जाने वाले छात्रों से वादा था यात्रा भत्ता देने का जिसके लिए कोई बजट प्रावधान नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाले भाजपाई गैस सब्सिडी के लिए एक रुपए का भी बजट प्रावधान नहीं कर पाए हैं। जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा है कि बजट 1 साल के लिए होता है, लेकिन झांसा 2047 तक का छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत आज का बजट अभिभाषण पूरी तरह से भाजपा के चुनावी जुमलो की तरह ही था। झूठ और लफ्फाजी के कसीदे पढ़े गए। मोदी की चरण वंदना में समर्पित इस बजट में छत्तीसगढ़ के प्रति केंद्र सरकार की अपेक्षा और भेदभाव का कोई जिक्र नहीं था। केंद्रीय करों में रोके गए राज्य की हिस्सेदारी और कोल की रायल्टी के पेनल्टी का पैसा वर्षों से लंबित है उस पर एक शब्द भी नहीं बोल पाए। तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रस्तुत पिछले बजट में छत्तीसगढ़ में चार-चार नए मेडिकल कॉलेज खोलने की व्यवस्था दी गई थी इस बजट में एक भी नया मेडिकल कॉलेज या इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का प्रावधान नहीं है। 25 लाख तक विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित थी, हमर अस्पताल, हमार लैब, हाट बाजार क्लिनिक, मोहल्ला क्लीनिक, स्लम स्वास्थ्य चिकित्सा योजना संचालित थी। पिछले बजट में 19488 करोड़ का प्रावधान शिक्षा के लिए रखा गया था जो कुल बजट का 19.4 प्रतिशत था इस बजट में यह राशि घटाकर 15.95 प्रतिशत कर दिया गया है। जो लक्ष्य या जीडीपी दुगना करने का बताया जा रहा है, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने करके दिखाया है। राज्य की जीएसडीपी 2017-18 में मात्र 2 लाख़ 70 हजार करोड़ थी जो बढ़कर पूर्ववर्ती कांग्रेस के शासनकाल में ही 5 लाख 9 हजार करोड़ तक हो गया, अर्थात कांग्रेस के 5 साल में राज्य का जीडीपी दुगुना हुआ था। विगत 3 वर्षो से प्रदेश सरकार ने कोई नया कर्ज नहीं लिया था, भाजपा की सरकार आते ही पिछले 2 महीने में चार बार नया कर्ज लिया गया, 5000 करोड़ से अधिक का नया कर्ज अब तक विष्णु देव साय सरकार ले चुकी है।

## 12 से 20 फरवरी तक ग्राम स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा

# मातृशक्ति का सदैव मिला सहयोग : मंत्री लखनलाल देवांगन

पायनियर संवाददाता ᐸ कोरबा
www.dailypioneer.com



मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी नारी शक्ति वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करेगे। शक्ति वंदन अभियान के तहत विधान सभा क्षेत्रों में विविध कायक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में नारी शक्ति संवाद के तहत एनजीओ एवं आंगनबाड़ी की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों में शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें एनजीओ व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। जिले के समस्त मंडल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए पत्रक वितरण किया जाएगा। एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से एलईडी टीवी के जरिए 22 फरवरी को प्रधानमंत्री सीधा संवाद करेंगे। एनजीओ प्रमुखों का सम्मेलन भी किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। गांव व शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने शक्ति वंदन अभियान के तहत देशभर में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोडऩे का लक्ष्य रखा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के उस वर्ग तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है, जो सामाजिक कार्यों से जुड़कर लोगों की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत एक करोड़ स्व-सहायता समूहों और एनजीओ से संपर्क कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा। इसके तहत छत्तीसगढ़ में साढ़े तीन लाख से अधिक समूहों के जरिये 8 लाख महिलाओं को जोडऩे का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 10 और 11 फरवरी को विधानसभा स्तर पर शक्ति वंदन सम्मान समारोह का आयोजन होगा। वहीं, 12 से 20 फरवरी तक ग्राम स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। पत्रवार्ता के दौरान प्रमुख रूप से जिला भाजपाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, डॉ.आलोक सिंह, टिकेश्वर राठिया, संतोष देवांगन, पूरा जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल प्रफुल तिवारी बैशाली रत्नपारखी, मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किराना व्यापारी संघ के सदस्यों ने किया हीराकुंड डैम व मां समलेश्वरी के दर्शन



पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के किराना व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ओडिशा के मां समलेश्वरी मंदिर संबलपुर दर्शन एवं हीराकुंड डैम पिकनिक के लिए गए थे। किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को किराना दुकानें बंद रहती है। इस दिन शहर के अनेक व्यापारी हमेशा रायपुर या अन्य जगह खरीदी आदि कार्यों के लिए जाते हैं, जिससे सप्ताह भर काम करने के बावजूद भी वे अपने लिए समय नहीं निकाल पाते। इसलिए सभी व्यापारियों ने मंदिर दर्शन एवं पिकनिक की योजना बनाई।

# माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं, उन्हें खुश रखें तो ही जीवन सुंदर सफल होगा: मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कंडोरा में आयोजित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है, इसलिए हम सभी को प्रतिदिन अपने माता-पिता के चरण छूकर आशीर्वाद लेना और उन्हें प्रणाम करना चाहिए। उन्हें खुश रखेंगे, तो जीवन सफल होगा। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप मनाने की घोषणा भी की।



### भगवान के बराबर होते हैं मां-बाप

मुख्यमंत्री साय ने आयोजकों को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित करने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके गुरु ने कहा था कि माता-पिता भगवान से बड़े होते हैं। माता जन्म देती है। गर्भ में 9 माह तक रखने के बाद पालन-पोषण करती है। यदि माता-पिता खुश नहीं हैं, तो सभी पूजा-पाठ सभी व्यर्थ है। वेदों में भी माता-पिता का स्थान सर्वोच्च है। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कथाओं का उदाहरण देते हुए माता-पिता के महत्व को रेखांकित किया और सभी बेटे-बेटियों को अपने माता-पिता को खुश रखते हुए उनसे आशीर्वाद लेने और उनका आदर और सम्मान करने की अपील की। कार्यक्रम को राजीव रंजन नन्दे और वनवासी आश्रम के योगेश बापट ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने माता-पिता का महत्व बताते हुए उनका आशीर्वाद लेने और पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहकर अपने माता पिता की सेवा करने और उनका नाम रोशन करने की बात कही। इस दौरान पद्मश्री जागेश्वर यादव, राम प्रताप सिंह, संभाग आयुक्त जी.आर. चुरेंद्र, जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, आई.जी. अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

### माता-पिता के आशीर्वाद से आज मुख्यमंत्री हूँ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात भावुकता के साथ अपने माता-पिता को याद करते हुए बताया कि बचपन में उनके सिर से पिता का साया उठ जाने के पश्चात अपनी माता में ही पिता और माता का रूप देखते थे और निरंतर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। उन्होंने बताया कि आज भी उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेता हूँ और मुझे लगता है कि आज मैं जिस मुकाम पर हूँ, मुख्यमंत्री हूँ उसमें मेरे माता-पिता का ही आशीर्वाद है।

### बच्चों ने की माता-पिता की पूजा

कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने अपने माता-पिता की विधि विधान से पूजा की और माता पिता की सेवा करने का संकल्प भी लिया। मंच पर मुख्यमंत्री साय सहित अन्य अतिथियों का भी बच्चों ने अभिनन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री साय ने बगिया मे किया सीएम कैम्प कार्यालय का उदघाटन, अब जशपुर से ही जिलेवासी सीएम से कर सकेंगे बात

### समस्या और मांगों का होगा त्वरित निराकरण

राजधानी रायपुर मे बैठ कर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जशपुर वासियों की समस्या और मांग को सुन कर, समाधान करेंगे। रविवार को जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया स्थित सीएम निवास मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय ने सीएम कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यालय मे आमजन, वीडियो कांफ्रेंस और दूरभाष (टेलीफोन) के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सीधे सम्पर्क कर अपनी समस्या और मांगो से उन्हें अवगत करा सकेंगे। कार्यालय के उदघाटन के दौरान सरगुजा संभाग के कमीशनर जीआर चुरेंद्र, जन सम्पर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, एसपी शशि मोहन सिंह उपस्थित थे। शुभारम्भ के अवसर पर सीएम साय ने कहा कि जशपुर सहित पुरे प्रदेश की जनता अपनी मांग, समस्या और विचारों को मुझ तक सीधे पहुंचा सके और जनता के विचार के अनुरूप प्रदेश का विकास हो सके, इसी उद्देश्य से बगिया मे सीएम कैम्प शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पिछड़े और जरूरतमंदो को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना और प्रशासन मे उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना ही भाजपा सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सीएम कैम्प में अलग स्टॉफ की व्यवस्था की जाएगी। ताकि लोगों की समस्यों को जल्द से जल्द सुलझाया जा सके।



### सुकान्ति बाई से की बात

सीएम कैम्प के उदघाटन के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के डीकेएस अस्पताल मे उपचाररत सुकान्ति बाई से टेलीफोन के माध्यम मे बात कर, हालचाल पूछा। सुकान्ति से इलाज की व्यवस्था करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया की उसके पैरों का आपरेशन हो चूका है और डॉक्टर इन दिनों अस्पताल में ही उसकी देखभाल कर रहे हैं। डॉक्टरों ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही वह अपने पैरों पर चल सकेगी। मुख्यमंत्री साय ने सुकांति को जल्द स्वस्थ्य हो कर घर वापस आने की शुभकामनायें दी। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के कुनकुरी तहसील के गोरिया गाँव की निवासी सुकान्ति बाई, वर्ष 2019 मे घर मे खाना पकाने के दौरान आग मे झूलस कर घायल हो गई थी। स्थानीय अस्पताल मे इलाज के बाद उसकी जान तो बच गई, लेकिन पैरो के बेकार हो जाने से चलने फिरने से लाचार हो गई थी। चिकित्स्कों ने उसे बड़े अस्पताल में इलाज कराने की सलाह दी थी। इस पर सुकांति ने सीएम निवास से सहायता मांगी थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुकान्ति को एम्बुलेंस से रायपुर के डीके एस अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

## जनसेवा के साथ-साथ संस्कृति को सहेजने में गौमुखी सेवा धाम सेवा का अमूल्य योगदान: श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन

### सुदूर अंचल देवपहरी और साखो के दौरे पर रहे वाणिज्यिक, उद्योग और श्रम मंत्री

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com



वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा की सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गौमुखी सेवा धाम सेवा का पर्याय बन गया है, 300 से ज्यादा आदिवासी समाज के बच्चों को शिक्षा दी जा रही है, अस्पताल में लोगों को इलाज किया जा रहा है, कैंप लगाकर लोगों की सेवा की जा रही है। गौमुखी सेवा धाम के इस सेवाभाव का ही नतीजा ही है कि लोग आज जागरूक हो रहे है। अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आ रहे हैं। मंत्री देवांगन ने सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की समिति द्वारा धाम के विकास के लिए जो भी जरूरत होगी, उसके लिए प्रयास कर स्वीकृति दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोगों तक और गौमुखी सेवा धाम सेवा कार्य कर सके। श्रम मंत्री देवांगन गौमुखी सेवा धाम, देवपहरी में माई मेला के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मिथलेश दुबे, सचिव योगेश जैन, राष्ट्रीय संघ सेवक के विभाग संचालक सत्येंद्र दुबे, अशोक चावलानी, इंदु शर्मा समेत सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा की वे इसी तरह सेवाभाव से जनमानस की सेवा करते रहें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन, राधे यादव, नरेन्द्र पाटनवार, शैलेंद्र यादव, नरेन्द्र गोस्वामी समेत अधिक संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बिलासपुर के स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। संयुक्त संचालक आर.पी.आदित्य ने कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण को शिक्षक पूरी तन्मयता से ग्रहण करें और अपने जिले के शिक्षकों को इस विषय पर प्रशिक्षण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में हमें अपने विद्यालय में किस तरह सुरक्षा संबंधी सावधानियां रखनी चाहिए इसे जानना जरूरी है उन्होंने कहा कि कई

### संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जुटे शिक्षक

बार बहुत सी छोटी छोटी असावधानी के कारण बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यही है कि हमारे शिक्षक सुरक्षा के विभिन्न उपायों को जानें और समय आने पर उसका उपयोग कर सकें। यूआरसीसी बिलासपुर वासुदेव पाण्डेय ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डीएमसी समग्र शिक्षा बिलासपुर अनुपमा राजवाड़े ने कहा कि हम बेहतर माहौल में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रयास कर रहे है, आप भी इसी तरह अपने जिलों में शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला में यूनिसेफरायपुर से प्रशिक्षक के रूप में डॉ. श्रवण कुमार सिंह एवं राहुल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉक्टर श्रवण कुमार सिंह ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सर्प काटने पर प्राथमिक उपचार, यदि कोई बच्चा बेहोश हो जाए तो क्या करें, यदि किसी बच्चे को रक्तश्राव हो रहा हो तो क्या करें, मुंह से सांस कैसे देना है, नाड़ी कैसे चेक करते हैं सहित महत्वपूर्ण विषयों को गतिविधियों के माध्यम से समझाया। कार्यशाला में एपीसी अमित श्रीवास्तव, प्राचार्या चंदना पॉल, विवेक दुबे, प्रदीप पाण्डेय, सीएसी सुनील पाण्डेय, मनोज ठाकुर, गौकरण उपाध्याय, शेषमन कुशवाहा, सुष्मिता शर्मा, आकाश वर्मा, संदीप दुबे जिला कार्यालय से अर्पणा दुबे, अनीता राज और विभिन्न जिलों से आए शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा ने श्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

- कहा यह नारी शक्ति का सम्मान, महतारी वन्दन योजना का अधिकाधिक संख्या में वांछित लाभ प्राप्त करने किया आव्हान

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण हेतु शक्ति वन्दन का आयोजन विधानसभा वार रायपुर दक्षिण विधानसभा में वीरभद्र नगर सामुदायिक भवन, रायपुर उत्तर विधानसभा में पाटीदार भवन देवेन्द्र नगर, रायपुर पश्चिम विधानसभा हेतु निगम जोन 7 कार्यालय भवन में संक्षिप्त आयोजन रखे गये। आयोजन में रायपुर दक्षिण विधानसभा में संस्कृति, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर उत्तर विधानसभा में उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर पश्विम विधानसभा हेतु विधायक के आदेशानुसार नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद ओंकार बैस ने निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, निगम एमआईसी सदस्य रितेश त्रिपाठी, पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव पार्षद मृत्युंजय दुबे, कुंवर रजियंत सिंह ध्रुव, भोलाराम साहू, दीपक जायसवाल, सरिता आकाश दुबे, सामाजिक कार्यकर्त्ता किशोर महानन्द सहित गणमान्य जनों सहित महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं के श्रेष्ठ कार्य हेतु उनका पुष्पगुच्छ प्रदत्त कर सम्मान किया। एनयूएलएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने महिलाओं को केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत मंच से लाभान्वित किया। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पद्मश्री भारती बंधु, पार्षदगणों, पूर्व सभापति, पूर्व पार्षदगणों ने इसे नारी शक्ति का सम्मान निरुपित किया एवं महिलाओं से छत्तीसगढ़ राज्य की महतारी वन्दन योजना का अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाना सुनिश्चित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन सिटी मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा ने किया।

## गांव चलो घर-घर चलो, अभियान पर भाजपा नेताओं का मंडलों के बूथों पर प्रवास

**गांव चलो घर घर चलो, अभियान नाम में ही स्पष्ट संदेश मोदी की योजनाओं के साथ हर घर पहुंचाना : राजेश मूणत**

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार गांव चलो घर-घर चलो अभियान चलाया गया। जिसके तहत भाजपा नेताओं जैसे सांसद, विधायक, राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का प्रवास मंडल की सबसे सूक्ष्म इकाई बूथों में पहुंचने का निर्णय लिया गया था इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत रायपुर पश्चिम के चारों मंडलों के एक एक बूथ में प्रवास पर पहुंचे जहां उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं सहित घर घर दस्तक दी एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जिसका लाभ आम जनमानस को सीधी तौर पर प्राप्त हो रहा पर चर्चा भी की उन्होंने कहा की केंद्र द्वारा निर्धारित निर्देशानुसार भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की तमाम जन हितैषी योजनाओं को देश के हर घर तक भाजपा कार्यकर्ताओं की मदद से पहुंचाने का लक्ष्य हमे प्राप्त हुआ है जिसमे प्रत्येक घर से कार्यकर्ताओ का सीधा संपर्क हो सके । जैसा कि इस अभियान के नाम गांव चलो घर घर चलो से ही स्पष्ट है की हम सभी छोटे बड़े भाजपा कार्यकर्ताओं लोकसभा चुनाव के पूर्व देश के हर मतदाता के घर पहुंचना है और केंद्र में भाजपा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में स्थापित करना है हमे केंद्र की मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, नारी अस्मिता की रक्षा के लिए हर घर शौचालय योजना, कोरोना काल में केंद्र द्वारा स्वास्थ्य एवं खाद्य संबंधी तमाम आपूर्ति, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना जैसी तमाम योजनाएं लेकर जनता के द्वार पर पहुंचना है और उन्हें उन सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करना प्रमुख है एवं साथ ही लाभान्वितो से मुलाकात करना।

गांव चलो घर-घर चलो अभियान के माध्यम से हम गांव गांव बस्ती बस्ती जाकर जनता को बता रहे हैं की भाजपा सरकार ने जनहितों में क्या क्या कार्य किया जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जनधन खाते, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, कोरोना की फ्री वैक्सिनेशन, धारा 370 का समापन, 3 तलाक से आजादी, राम मंदिर निर्माण, काशी और महाकालेश्वर कोरिडोर, लोकल फॉर वोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, मेक इन इंडिया के माध्यम से उत्पादन की श्रेणी में श्रेष्ठकर नतीजे जैसे मोबाइल और वाहन निर्माण में अपनी मजबूत धमक प्रस्तुत करना और साथ ही रोजगार माध्यमों का निर्माण हमने जनता के बीच जाकर तमाम योजनाओं की जानकारी दी एवं साथ ही उनसे सुझाव भी एकत्रित किया की क्या क्या किया जा सकता है हम सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में इतनी दमदारी से उतरना है की हम अपने ही पिछले कीर्तिमान को ध्वस्त कर मतों का नया कीर्तिमान स्थापित करें। राजेश मूणत रायपुर पश्चिम विधानसभा के रामसागर पारा मंडल के कर्मा चौक पर, भानपुरी मंडल के, तात्यापारा मंडल के एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के प्रवास किया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403